मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम

#savegajraj #saveelephant

वर्ष : 2 ▸ अंक: 174 ▸ मूल्य : 4 रु.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

सोमवार, 15 फरवरी 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित




## पीएम मोदी ने सेना को सौंपा अपग्रेडेड एम-1ए अर्जुन टैंक

### चेन्नई और कोच्चि को दीं कई अन्य बड़ी सौगातें

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई पहुंच कर अर्जुन टैंक मार्क-1ए सेना के सुपुर्द कर दिया। पीएम मोदी ने सबसे पहले अर्जुन टैंक (एमके-1ए) का निरीक्षण किया और टैंक की सलामी स्वीकार की। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद सैन्य अधिकारियों से बात भी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेन्नई में सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे को अर्जुन मेन बैटल टैंक सौंपा।

रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) के चेन्नई स्थित युद्धक वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान द्वारा निर्मित इस अत्याधुनिक टैंक का डिजाइन देश में ही तैयार और विकसित किया गया है। इस परियोजना में 15 शैक्षणिक संस्थान, आठ प्रयोगशालाएं और कई सुक्ष्म एवं लघु उद्योग प्रतिष्ठान भी शामिल थे।

पीएम मोदी ने रविवार को चीन को और भी कई सौगातें दीं हैं। उन्होंने चेन्नई में मेट्रो रेल फेस-1 एक्सटेंशन का उद्घाटन किया और वाशरमेनपेट से विम्को नगर तक यात्री सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके अलावा उन्होंने चेन्नई में 293.40 करोड़ रुपए की लागत से तैयार ह्यचेन्नई बीच और अट्टिपट्टूह्ण के बीच चौथी रेलवे लाइन का उद्घाटन किया।

इस दौरान तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम ने कहा कि पीएम मोदी ने अम्मा की सरकार के प्रयासों के समर्थन में हमेशा आगे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के बाद पीएम मोदी केरल के कोच्चि में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोच्चि मेंगलुरू गैस पाइपलाइन का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर और जलमार्गों से संबंधित कई अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का भी शिलान्यास किया।

## कांग्रेस के जल्दी ही दो फाड़ होने की संभावना: अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राजनीतिक तौर पर नौसिखिया बताते हुए कहा कि यदि समस्याओं को जाने बिना गांधी परिवार काम करता रहा, तो आने वाले समय में कांग्रेस के दो फाड़ हो जाएंगे। प्रदेश भाजपा की ओर से महिला उद्यमियों के लिए बजट 2021-22 पर चर्चा के लिए आयोजित सम्मेलन में ठाकुर ने बजट को देश और समाज के हर वर्ग के लिए लाभप्रद एवं आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने वाला बताते हुए कहा कि मोदी है तो मुमकिन है।अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के नेता किसान मुद्दे पर मोदी सरकार को हर रोज आड़े हाथों लेते हैं, लेकिन कांग्रेस का कोई भी सांसद एक कारण नहीं बता पाया कि कृषि कानूनों में खराबी क्या है और किस नियम के तहत वे मंडी बंद हो जाने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान मुद्दे पर सिर्फ भ्रम फैलाया जा रहा है और वह भी उन नेताओं द्वारा जो ज्वार और गेहूं का फर्क नहीं जानते। कांग्रेस में दो खेमे बन गए हैं, एक जो झूठ के साथ है और दूसरा जो सच के साथ है। ऐसे में आने वाले समय में कांग्रेस दो फाड़ हो जाए तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। गांधी परिवार का काम केवल समस्याएं पैदा करना और देश के हर वर्ग को धोखा देकर लूटने का है। इनका नारा है कि 'ऐसा कोई बचा नहीं जिसको हमने ठगा नहीं'। ये जमीनी नेता अब जमीन हड़पने वाले नेता बन गये हैं, वे हर जगह जमीन हड़प रहे हैं। इसी को देखते हुए जनता ने इनकी जमीन उखाड़ दी है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता की अध्यक्षता में हुए इस सम्मेलन में महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन, प्रदेश उपाध्यक्ष बरखा सिंह, मीडिया प्रमुख नवीन कुमार, प्रदेश मंत्री सुनीता कांगड़ा एवं नीलम धीमान, प्रदेश प्रवक्ता निघत अब्बास, नेहा शालिनी दूआ, सारिका जैन एवं पूजा सूरी उपस्थित रही। प्रदेश महामंत्री और कार्यक्रम के संयोजक कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि पार्टी की ओर से बजट को लेकर छह कार्यक्रम हो चुके हैं। समाज के विभिन्न वर्गों के जुड़े लोगों ने इनमें भाग लिया और यह अभियान अभी आगे भी जारी रहेगा। मंच का संचालन प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष योगिता सिंह ने किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आपदा काल में लाया गया यह एक बेहतरीन बजट है और इसका मकसद भारत की आर्थिक व्यवस्था को आने वाले समय में पांच खरब की ओर विश्व की बेहतरीन अर्थव्यवस्था बनाना है। उन्होंने बजट में महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर जोर देते हुए कहा कि हर घर तक नल से पीने का साफ पानी पहुंचाने, आवास सुलभ कराने, युवाओं के उनके मनपसंद क्षेत्रों में कुशल बनाकर स्वरोजगार बढ़ाने, महिला एवं बाल विकास, पोषण, आंगनवाड़ी, विद्यालयों, बुजुर्ग महिलाओं तक नकद लाभ पहुंचाने जैसे कार्य इस बजट में शामिल है।

**संक्षिप्त समाचार**

### प्रियंका की मुहिम से निकल गई है बीजेपी की हवा: आचार्य प्रमोद कृषणम



संभल। कांग्रेस की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ चुके आचार्य प्रमोद कृषणम ने प्रियंका गांधी को दुर्गा का अवतार बताते हुए उनके हाथों ही बीजेपी 'वध' की बात कही है। एक वीडियो जारी करते हुए प्रमोद कृष्णम ने प्रियंका गांधी को हिंदू बताया। इतना ही नहीं उन्होंने प्रियंका गांधी को दुर्गा का अवतार बताया। उन्होंने कहा कि प्रियंका का मंदिरों में दर्शन करना, प्रयाग में स्नान और हाथों में रुद्राक्ष पहनना, आचार्य प्रमोद ने इसे प्रियंका की निजी आस्था का विषय है। साथ ही कहा कि बीजेपी का जो वध है, वो प्रियंका गांधी के हाथों से ही होगा। वीडियो में आचार्य प्रमोद कृष्णम कहते नजर आ रहे हैं कि जिस तरह से प्रियंका गांधी शाकुंभरी देवी का आशीर्वाद ले रही हैं, संगम में स्नान कर रही हैं। उनके इस मुहीम से बीजेपी की हवा निकल गई है।

### फारूक अब्दुल्ला सहित उनके पूरे परिवार को नजरबंद किया गया: उमर अब्दुल्ला



नई दिल्ली। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने दावा किया है कि उन्हें और उनके परिवार को नजरबंद कर दिया गया है। उनके मुताबिक, फारूक अब्दुल्ला को भी नजरबंद कर दिया गया है। उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, 'अगस्त 2019 के बाद यह नया जम्मू-कश्मीर है। हमें बिना कुछ बताए हमारे घरों में बंद कर दिया गया है। उन्होंने मेरे पिता को भी नजरबंद कर दिया है जो कि अभी सांसद हैं। उन्होंने मेरी बहन और उनके बच्चों को भी घरों में कैद कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कुछ तस्वीरें भी ट्वीट की हैं जिसमें उनके आवास के बाहर पुलिस की गाड़ियां दिख रही हैं। उमर ने यह भी आरोप लगाया है कि उनके घर के नौकरों को भी अंदर नहीं आने दिया जा रहा है। उमर ने एक और ट्वीट में लिखा, 'चलो, आपके लोकतंत्र के नए मॉडल का मतलब है कि हमें बिना कुछ बताए हमारे घरों में कैद कर दिया जाए लेकिन हमारे घरों में काम करने वाले स्टाफ को भी अंदर आने की इजाजत नहीं दी जा रही। इसके बाद भी आपको हैरानी होती है कि मैं नाराज क्यों हूं और मेरे लहजे में कड़वाहट क्यों है। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी दावा किया था कि उन्हें नजरबंद कर लिया गया है। उन्होंने कहा था कि अतहर मुश्ताक के परिवार से मिलने जाने से पहले उन्हें घर में बंद कर दिया गया। बता दें कि कथित आतंकी अतहर को बीते साल सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया था।

## किसान आंदोलन को मिला महात्मा गांधी की पोती तारा गांधी का साथ



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पोती तारा गांधी भट्टाचार्य शनिवार को किसान आंदोलन का समर्थन देने के लिए गाजीपुर बॉर्डर पहुंची हुईं थीं। भारतीय किसान यूनियन ने कहा कि महात्मा गांधी की पोती तारा गांधी नए कृषि कानून के विरोध में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में गाजीपुर बॉर्डर पर आईं थीं। बता दें कि 84 वर्षीय भट्टाचार्य राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय की अध्यक्ष भी हैं। गाजीपुर बॉर्डर पर पहुंची भट्टाचार्य ने किसानों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की अपील की। उनके साथ गांधी स्मारक निधि के अध्यक्ष रामचंद्र राही, उनके साथ गांधी स्मारक निधि के अध्यक्ष रामचंद्र राही, गांधी स्मारक निधि के निदेशक संजय सिंहा और राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय के निदेशक ए अन्नामलाई भी आंदोलन स्थल पहुंचे हुए थे। भारतीय किसान यूनियन के एक बयान के मुताबिक भट्टाचार्य ने कहा कि हम यहां किसी राजनीतिक कार्यक्रम के तहत नहीं आए हैं। हम आज उन किसानों के लिए आए हैं, जो पूरा जीवन हमकों खिलाते हैं। हम आप सभी की वजह से हैं। उन्होंने कहा कि किसानों का हित देश और हम सभी का लाभ निहित है। उन्होंने किसानों से कहा कि आपके कारण में इतनी सच्चाई है कि यह खुद ही बोलता है। मैं सच्चाई के साथ हूं और हमेशा इसके साथ खड़ा रहूंगा। बता दें कि नए कृषि कानून के खिलाफ किसान संगठन गाजीपुर बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे हैं। गाजीपुर बॉर्डर पर हुंची भट्टाचार्य ने याद दिलाया कि 1857 में ब्रिटिस शासन से आजादी की पहली लड़ाई पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ से भी शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि कुछ भी हो किसानों का फायदा होना चाहिए। किसान जितनी मेहनत करते हैं उससे कोई भी अनजान नहीं है।

## जम्मू बस स्टैंड पर 7 किलो विस्फोटक बरामद

### पुलवामा हमले की दूसरी बरसी पर जम्मू दहलाने की साजिश थी

**जम्मू।** पुलवामा हमले की दूसरी बरसी पर सुरक्षाबलों ने आतंकी हमले की बड़ी साजिश नाकाम कर दी। जम्मू बस स्टैंड से सुरक्षाबलों ने 7 किलो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (IED) बरामद किया। सुरक्षाबलों ने पूरे बस स्टैंड में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक, आतंकी पुलवामा की दूसरी बरसी पर बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे।

**बीते हफ्ते दो आतंकी गिरफ्तार हुए थे**

द रेजिस्टेंट फ्रंट (TRF) से जुड़े आतंकी जहूर अहमद राथेड़ को शनिवार यानी 13 फरवरी को सांबा से गिरफ्तार किया गया था। राथेड़ कश्मीर में पिछले साल भाजपा के तीन कार्यकर्ताओं की हत्या के मामले में वांछित था। 6 फरवरी को लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर हिदायतुल्ला मलिक उर्फ हसनैन को जम्मू के कुंजवानी से गिरफ्तार किया गया था।

**दो साल पहले पुलवामा में हुआ था हमला**

14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने CRPF के जवानों के काफिले पर हमला कर दिया था। इसमें एक बस को बम से उड़ा दिया था। हमले में उफढऋ के 40 जवान शहीद हो गए थे। हमले को जैश ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी करक के साथ मिलकर अंजाम दिया था। ठकअ ने 19 लोगों को इस हमले की साजिश रचने का आरोपी बनाया था, जिनमें से 6 को सेना ने मुठभेड़ में मार गिराया था।

## ग्रेटा थनबर्ग टूलकिट मामले में बड़ी कामयाबी

**नई दिल्ली।** किसान आंदोलन की आड़ में भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा वाले क्लाइमेट एक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग के टूलकिट मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बेंगलुरु से 21 वर्षीय क्लाइमेट एक्टिविस्ट दिशा रवि को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि एक्टिविस्ट दिशा रवि ने ही किसान आंदोलन से जुड़ी टूलकिट को एडिट किया था और उसे आगे भेजा था। बता दें कि दिल्ली पुलिस गणतंत्र दिवस पर हुई लाल किले हिंसा के साथ-साथ टूलकिट मामले की भी जांच कर रही है।

### शाह बोले कश्मीर को चला रहे थे तीन परिवार

## इसकी तुलना में 'हम दो हमारे दो' का तरीका ज्यादा बुरा : महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के उस बयान की आलोचना की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 के प्रावधान निरस्त होने तक जम्मू कश्मीर में वंशवाद की राजनीति चल रही थी। मुफ्ती ने कहा कि केंद्र का 'हम दो हमारे दो' का रवैया इससे ज्यादा बुरा है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए गुरूवार को कहा था कि 'हम दो हमारे दो' की सोच के साथ देश को केवल चार लोग चला रहे हैं। शनिवार को मुफ्ती ने ट्वीट किया गृहमंत्री ने आरोप लगाया कि जम्मू कश्मीर को तीन परिवार चला रहे थे। इसकी तुलना में 'हम दो हमारे दो' का तरीका ज्यादा बुरा है। लोकसभा में शाह ने शनिवार को कहा था कि 2019 में अनुच्छेद 370 के हटने तक जम्मू कश्मीर में केवल तीन परिवारों का राज था।

## केरल में किसी भी स्थिति में लागू नहीं किया जाएगा नागरिकता संशोधन कानून : विजयन

**नई दिल्ली।** केरल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर सियासी तकरार शुरू हो गई है। एक तरफ जहां केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कोरोना वैक्सीनेशन पूरा होने के बाद देश में सीएए लागू करने की बात कही है, वहीं केरल के मुख्यमंत्री ने इससे साफ इनकार कर दिया है। सीएम पिनराई विजयन ने कहा कि केरल में सीएए लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का मत स्पष्ट है। हम राज्य में सीएए लागू करने के पक्ष में नहीं है। विजयन का यह बयान अमित शाह के उस बयान के एक दिन बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कोरोना वैक्सीनेशन पूरा होने के बाद देश में सीएए लागू किया जाएगा।

केरल में विधानसभा चुनाव से पहले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट की कसरगोड में यात्रा निकाली जा रही थी। इस दौरान सीपीआईएम के राज्य सचिव विजयराघवन भी मौजूद थे। यात्रा को हरी झंडी दिखाने पहुंचे सीएम विजयन ने ऐलान किया कि राज्य में सीएए लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने सीएए को लेकर बात करनी शुरू कर दी है। हमने पहले ही अपने मत स्पष्ट किया है। गृहमंत्री ने कोरोना वैक्सीनेशन के बाद सीएए लागू करने का ऐलान किया है।

मुख्यमंत्री विजयन ने कहा कि केरल सरकार केंद्र के इस फैसले का समर्थन नहीं करती है। हम केरल में सीएए लागू नहीं करेंगे। हम इस फैसले के साथ न खड़े हैं न ही इसे राज्य में लागू करेंगे। हम मजबूती से इस पक्ष के साथ खड़े हैं कि राज्य में सीएए लागू नहीं किया जाएगा।

## कोई नहीं जाना चाहता अदालत: रंजन गोगोई

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) रंजन गोगोई ने भारतीय न्याय व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए इसे बदहाल बताया है। जस्टिस रंजन गोगोई ने यहां तक कहा है कि अब कोई भी कोर्ट नहीं जाना चाहता, वह भी नहीं। उन्होंने कहा कि जो लोग जोखिम उठा सकते हैं वही अदालत का रुख करते हैं।

एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में पूर्व सीजेआई ने कहा, 'कौन कोर्ट जाता है? आप अदालत जाते हैं और पछताते हैं।' रंजन गोगोई ने आगे कहा कि बड़े कॉर्पोरेट ही अदालतों का रुख करते हैं क्योंकि ये जोखिम उठा सकते हैं।

गोगोई नवंबर 2019 में सीजेआई के पद से रिटायर हुए थे। इसके बाद सरकार ने मार्च 2020 में रंजन गोगोई को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया था। लोकसभा में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के सवाल के बाद कानून ऐक्शन लेने के सवाल के जवाब में पूर्व चीफ जस्टिस ने कहा, 'अगर आप अदालत जाते हैं तो आप अपने निजी मामलों को कोर्ट में सार्वजनिक करते हैं। आपको कभी भी फैसला नहीं मिलता।'

पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई ने इस दौरान भारतीय न्याय व्यवस्था में बड़े बदलावों की बात भी कही। उन्होंने कहा, 'आप 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था चाहते हैं लेकिन आपकी न्याय व्यवस्था जर्जर हालत में है।'

उन्होंने कहा, 'सही काम के लिए उचित व्यक्ति को नियुक्त करना है। आप जजों की नियुक्ति वैसे नहीं कर सकते जैसे सरकार में अफसरों की होती है। न्यायाधीश बनना एक पूर्णकालिक प्रतिबद्धता है। यह एक जुनून है। एक न्यायाधीश के काम के लिए कोई तय घंटे नहीं होते। यह 24 घंटे का काम है। आप रात 2 बजे नींद से उठते हैं, कोई बिंदु याद आता है और उसे लिखकर रखते हैं। एक जज ऐसे काम करता है। कितने लोग ये समझते हैं?'

रंजन गोगोई ने अयोध्या और राफेल को लेकर दिए गए फैसलों के एवज में राज्यसभा सदस्यता मिलने के आरोपों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने तंज भरे अंदाज में कहा कि अगर वाकई कोई सौदा करता तो क्या सिर्फ राज्यसभा सीट से संतुष्ट होता। उन्होंने इस मुद्दे को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि अगर मैंने बीजेपी के पक्ष में फैसला सुनाने के लिए सौदा किया होता तो सिर्फ राज्यसभा सीट ही क्यों लेता, मैं कुछ बड़ी मांग करता।

## उत्तराखंड आपदा: तपोवन सुरंग से बरामद हुए 5 शव, 164 लापता लोगों की खोज जारी

**चमोली।** उत्तराखंड में हिमनद के फटने से हुए हादसे में चमोली जिले में तपोवन सुरंग से रविवार तड़के 5 शव बरामद किए गए। चमोली की जिलाधिकारी स्वाति भदौरिया ने बताया कि सुरंग के अंदर से तड़के दो शव बरामद हुए हैं। शवों की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। चमोली की ऋषिगंगा घाटी में सात फरवरी को आई बाढ़ में मारे गए 43 लोगों के शव अब तक बरामद हो चुके हैं, जबकि 164 अन्य लोग अब भी लापता हैं।


इन लापता लोगों में तपोवन सुरंग में फंसे 25 से 35 वे लोग भी शामिल हैं जो आपदा के समय वहां काम कर रहे थे। सुरंग में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा प्रतिवादन बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा पिछले एक सप्ताह से संयुक्त बचाव अभियान चलाया जा रहा है। ऋषिगंगा नदी पर बनी एक अस्थायी झील से पानी निकलना शुरू हो गया है जिससे इस क्षेत्र में एक और बाढ़ का खतरा कम हो गया है जबकि उत्तराखंड में एनटीपीसी की तपोवन-विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना की गाद से भरी सुरंग के अंदर फंसे लोगों के संभावित स्थान तक पहुंचने के लिए सुरंग में किए गए सुराख को बचाव टीमों ने शनिवार को और चौड़ा करना शुरू कर दिया गया।

टनल में जाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे है। साथ ही विभिन्न स्थानों पर मलवे से लापता लोगों की तलाश की जा रही है। रैणी क्षेत्र मे चार एक्साबेटर



और एक डोजर मशीन मलवे मे शवों की तलाश कर रही है। रैणी मे लोकल लोगो एवं परिजनों से मिल रही जानकारी एवं पुरानी फोटो के आधार पर कंपनी के आवास, आफिस, स्टोर और जहां पर भी संभावना लग रही है वहां पर मलवा हटाया जा रहा है। इसके अलावा तपोवन वैराज साइड मे कुछ लोग गिरते हुए देखे गए थे वहां पर भी एप्रोच बनाया जा रहा है जिससे यहां पर एक्साबेटर को उतार कर मलवे से लापता लोगों की तलाश की जा सके।

गौरतलब है कि गत सात फरवरी को रैणी, तपोवन क्षेत्र में आई आपदा में अभी तक कुल 41 शव एवं 18 मानव अंग अलग-अलग स्थानों से बरामद किये गये हैं। चमोली जिले में 30 शव एवं 18 मानव अंग, रुद्रप्रयाग में छह शव, पौड़ी तथा टिहरी गढ़वाल जिले में एक-एक शव बरामद किया गया है। बरामद 38 शवों एवं 18 अंगों में से 12 शवों एवं 01 मानव अंग की शिनाख्त की जा चुकी है। जिन शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है उन सभी शवों का डीएनए संरक्षित किया गया हैं। कोतवाली जोशीमठ में अभी तक 14 व्यक्तियों की गुमशुदगी दर्ज की जा चुकी है एवं 41 परिजनों के डीएनए संरक्षित किये जा चुके हैं। शवों को डिस्पोजल करने के लिए गठित कमेटी द्वारा नियमानुसार 72 घंटे के बाद शवों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। अब तक कुल 15 शव एवं 10 मानव अंगों का नियमानुसार 72 घंटे के बाद दाह संस्कार किया जा चुका है।





# एनयूजे-आई ने की डिजिटल मीडिया पॉलिसी बनाने की मांग

» संध्या कुमारी



नई दिल्ली। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स से संबद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स-इंडिया ने केंद्र सरकार से डिजिटल मीडिया के लिए पॉलिसी बनाने की मांग की है। संगठन का कहना है कि डिजिटल मीडिया के माध्यम से फर्जी पत्रकार निजी स्वार्थों के लिए मीडिया का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे देशभर में पत्रकारों की साख पर संकट पैदा हो गया है। एनयूजे-आई के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि देश में पत्रकारों के लिए नेशनल रजिस्टर बनाने की जरूरत है। इसकी मांग लंबे समय से की जा रही है। इस बारे में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री से मुलाकात करके ज्ञापन दिया जाएगा। एनयूजे महासचिव प्रसन्न महंति ने कहा डिजिटल मीडिया के माध्यम से स्वतंत्र पत्रकार होने का दावा करते हुए बड़ी संख्या में फर्जी पत्रकार मीडिया की साख बिगाड़ने में लगे हुए हैं। एनयूजे के संगठन सचिव और प्रेस काउंसिल सदस्य आनंद राणा ने कहा कि डिजिटल मीडिया के नियमन से फर्जी पत्रकारों की बढ़ती संख्या पर रोक लगाई जा सकती है। एनयूजे उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा कि डिजिटल मीडिया के माध्यम से फर्जी पत्रकार अपना-अपना एजेंडा साधने में लगे हैं। एनयूजे कोषाध्यक्ष डा.अरविन्द सिंह ने कहा कि मीडिया की साख बरकरार रखने के लिए फर्जी पत्रकारों की चिह्नित करके उनके खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता है। दिल्ली पत्रकार संघ के अध्यक्ष राकेश थपलियाल ने कहा कि डिजिटल मीडिया की आड़ में फर्जी पत्रकार राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों को ब्लैकमेल करने की शिकायतें लगातार बढ़ रही है। बैठक में उत्तरप्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दीक्षित, एनयूजे के पूर्व उपाध्यक्ष विवेक जैन, जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष राकेश शर्मा, एनयूजे की कार्यकारिणी सदस्य अनिल अग्रवाल, रणवीर सिंह, दीपक सिंह, जम्प कोषाध्यक्ष डी आर सोलंकी, उपजा के कोषाध्यक्ष संतोष यादव, डीजेए के वरिष्ठ सदस्य अशोक किंकर, अमित गौड़ आदि ने सरकार से इस संबंध में जल्दी से जल्दी नीति बनाने की मांग की।

# दिल्ली में लाखों बच्चे नहीं ले रहे हैं ऑनलाइन क्लास : अनिल चौधरी

» शैलेंद्र पचौरी

नई दिल्ली। पिछले वर्ष मार्च 2020 में जब से लॉकडाउन लगा है, लाखों छात्र ऑनलाइन क्लास नहीं ले रहे हैं।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल चौधरी का कहना कि दिल्ली सरकार और एमसीडी के स्कूलों में अधिकांश बच्चे गरीब और प्रवासी मजदूरों के हैं। कोरोना महामारी आने के पश्चात लॉकडॉउन लगा दिया गया था। इस दौरान हजारों प्रवासी मजदूरों के बच्चे गांव चले गए थे। लॉकडाउन के बाद ये बच्चे वापस आए या नहीं, एमसीडी स्कूल प्रशासन को कोई जानकारी नहीं है।

लॉकडाउन के बाद से सभी छात्रों की ऑनलाइन क्लास चल रही हैं। दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले 31000 बच्चे, साउथ दिल्ली के 44000 बच्चे, नॉर्थ एमसीडी के 58000 बच्चे और ईस्ट एमसीडी के 33600 बच्चे ऑनलाइन क्लास में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। कुल मिलाकर 1.66 लाख बच्चे ऑनलाइन क्लास नहीं ले पा रहे हैं। इन बच्चों का भविष्य आखिर क्या होगा? दिल्ली सरकार को इन बच्चों के भविष्य के बारे में भी सोचना होगा।

# लौट आया अबोध रितिक, पर कफन में परिजनों का रो रोकर बूरा हाल

» अजय प्रताप सिंह



ग्रेटर नोएडा। मां की सारी दुआऐं भी अबोध रितिक को बचा न सकीं, जी भरकर आंचल में समेट लेने की हसरतें धरी की धरी रह गयीं! मां बदहवास है, शून्य में अपने लाडले की जीवंत तस्वीर को सच मान लेने की हद तक और फिर सामने पडीं सडी गली रितिक की लाश को देख वह बिफर पडती है रुदन ऐसा कि पत्थर दिल भी आंसूओं को रोक पाने में असमर्थ। 24 जनवरी को घर के बाहर खेल रहा रितिक अचानक लापता हो जाता है, सूरजपुर थानान्तर्गत गुलिस्तां गांव से, रिपोर्ट दर्ज करायी जाती है लेकिन असंवेदनशील पुलिस को कौन समझाये की महज चार साल का बच्चा गुम नहीं हो सकता, सिर्फ अपहरण होने के सिवाय अन्य कोई कारण नजर नहीं आता। रिपोर्ट गुमशुदगी में दर्ज हुई। तो मदरलैंड वाइस ने फिर सवाल उठाये, मामले की गंभीरता को देखते हुए ह्ल भारत जर्नलिस्ट कौंसिलह्व ने मदरलैंड वाइस की खबर के बाद ट्विटर पर अपहरण और पुलिस की अकर्मण्यता पर धावा बोल देने के बाद डीसीपी हरिश्चंद्र गुलिस्तां जाकर पीड़ित परि-वार को ढाढस बंधाया। इस केस में बच्चे के पिता ने डाग स्क्वाड की डीसीपी और थानाध्यक्ष से मांग की, मदरलैंड ने उसकी इस मांग को भी उठाया, साथ ही अधिकारियों तक ट्वीट के माध्यम से पहुंचाया गया।

पता चला कि कन्नौज निवासी अनिल और एक अज्ञात गायब हो गये हैं। समस्या यह थी कि अनिल की जांच पहले भी हो चुकी थी, लेकिन वह मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करता था, विकट चुनौती थी, लेकिन सब इंस्पेक्टर शरत कांत शर्मा ने कन्नौज अनिल को दबोचकर सूर-जपुर लेकर आने में सफलता प्राप्त कर ली, यहां जब उससे सख्ती से पूछताछ हुई तो, उसने बच्चे को मारकर नाले के दलदल में दबाने की बात कही, अंत में रितिक की सडी गली लाश बरामद कर ली गयी। अपहरण के पीछे ब्रह्मदेव द्वारा 25 लाख के लोन के लिए एप्लाई करने से अपहूताओं को लगा था कि यहां से फिरौती आसानी से मिल जायेगी। लेकिन फिरौती मांगने की हिम्मत वे न जुटा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में कोरोना की रिकवरी दर 97.31 प्रतिशत, 82 लाख को लगे टीके

नई दिल्ली। भारत में एक अक्तूबर, 2020 से कोविड-19 के नए मरीजों की प्रतिदिन होने वाली मौतों की संख्या में लगातार गिरावट का रुझान जारी है। पिछले 24 घंटों में 92 मरीजों की मौत हुई है। 1 अक्तूबर, 2020 से देश में मामला मृत्यु दर में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है। आज मामला मृत्यु दर 1.5 प्रतिशत (1.43 प्रतिशत) से कम है। भारत की मामला मृत्यु दर दुनिया में सबसे कम है। अभी तक 1.06 करोड़ (1,06,11,731) मरीज ठीक हो चुके हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान 11,016 मरीज ठीक हुए हैं और उन्हें अस्पतालों से छुट्टी दी गई है। भारत की रिकवरी दर 97.31 प्रतिशत है जो दुनिया की सबसे अधिक रिकवरी दर है। ठीक हुए मरीजों और सक्रिय मामलों के बीच अंतर बढ़कर आज 1,04,74,164 हो गया है। 14 फरवरी, 2021 को प्रातः आठ बजे तक देश के कुल 82 लाख से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों (एचसीडब्ल्यू) और फ्रंट लाइन कर्मियों (एफएलडब्ल्यू) को कोविड-19 के टीके लगाए जा चुके हैं। एक अस्थाई रिपोर्ट के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक 1,72,852 सत्रों के मार्फत 82,63,858 लाभार्थियों को टीके लगाए गए हैं। इनमें 59,84,018 एचसीडब्ल्यू (पहली खुराक), 23,628 एचसीडब्ल्यू (दूसरी खुराक) और 22,56,212 एफएलडब्ल्यू (पहली खुराक) शामिल हैं। कोविड-19 टीकाकरण की दूसरी खुराक उन लाभार्थियों के लिए कल शुरू की गई है जिनके पहली खुराक लेने के बाद 28 दिन बीत चुके हैं।

### पीएम 16 को रखेंगे महाराजा सुहेलदेव स्मारक और चित्तौरा झील के विकास कार्यों की आधारशिला

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 फरवरी को प्रातः 11:00 बजे महाराजा सुहेलदेव स्मारक और चित्तौरा झील के विकास कार्य की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आधारशिला रखेंगे। यह कार्यक्रम महाराजा सुहेलदेव की जयंती के उपलक्ष में उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में आयोजित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। इस पूरी परियोजना में महाराजा सुहेलदेव की एक अश्वरोही प्रतिमा की स्थापना करना और कैफेटेरिया, गेस्ट हाउस तथा बच्चों के पार्क जैसी विभिन्न पर्यटक सुविधाओं का विकास करना शामिल है। महाराजा सुहेलदेव का देश के लिए समर्पण और सेवा सभी के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। इस स्मारक स्थल के विकास से देश महाराजा सुहेलदेव की वीर गाथाओं से बेहतर ढंग से परिचित हो जाएगा। इन विकास कार्यों से इस स्थल की पर्यटक क्षमताओं में बढोतरी होगी।

### मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों से तैयार होगा गुलाल और धूपबत्ती



नई दिल्ली। मंदिरों में प्रतिदिन चढ़ाए जाने वाले हजारों टन फूल एक दिन बाद नष्ट हो जाते हैं और कूड़े में फेंक दिए जाते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने प्रत्येक वार्ड में बड़े मंदिरों से निकलने वाले फूलों से गुलाल और धूपबत्ती-अगरबत्ती से खाद बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। पूर्वी दिल्ली निगम इंजीनियरिंग विभाग का कहना है कि इस पायलट प्रोजेक्ट के पहले चरण में नौ महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। उनका कहना है कि 100 किलो वेस्ट फूलों से 50 किलो गुलाल तैयार हो सकेगा। ह्यसु-धराह्व परियोजना के तहत शुरू किए गए इस पायलट प्रोजेक्ट में पहले चरण में पूर्वी निगम के तहत आने वाले चार बड़े मंदिर को चुना गया है। इनमें शाहदरा कबूल नगर का साईं मंदिर, ज्योति नगर का मंदिर, दुगार्पुरी का दुर्गा मंदिर और वेलकम का राममंदिर चिन्हित किए गए हैं। बताया गया है कि साईं मंदिर में प्रतिदिन कम से कम एक हजार किलो फूल श्रद्धालु चढ़ाते हैं। इसके अलावा अन्य मंदिरों में प्रतिदिन करीब 200 किलो फूल मालाएं चढ़ाई जाती हैं। अगले दिन सुबह तक फूल नष्ट हो जाते हैं और मंदिर की सफाई के दौरान उन्हें बाहर डालना पड़ता है। सु-धारा परियोजना की सहभागी छाया और इंजीनियरिंग विभाग के मुख्य अभियंता खंडेलवाल का कहना है कि अब नष्ट फूलों से गुलाल तथा धूप-अगरबत्ती से खाद का निर्माण होगा। पहले चरण में निगम के दो वार्ड के मंदिर शामिल किए गए हैं। उसके बाद पूर्वी निगम के सभी 64 वार्डों में योजना को लागू किया जाएगा।

# समाजशास्त्री प्रोफेसर एमपी सिंह ने पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि दी

» ह्रदयेश कुमार

फरीदाबाद। देश के प्रसिद्ध शिक्षाविद समाजशास्त्री दार्शनिक प्रोफेसर एमपी सिंह ने पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मैं भारतीय आम नागरिक हूं मैं राजनीतिक नहीं हूं। मैं अपने देश के सैनिकों रक्षकों का हृदय से सम्मान करता हूं क्योंकि जवान हमारी रक्षा व सुरक्षा करते हैं लेकिन उनकी सुरक्षा कौन करता है यह मैं जानना चाहता हूं। आमने सामने की लड़ाई में वीरगति को प्राप्त हो जाए समझ में आता है, लेकिन किसी षड्यंत्र के शिकार हो जाए या कायराना हमले में हताहत हो जाए तो बिल्कुल समझ में नहीं आता है। छल कपट से किया गया कार्य हमेशा निंदनीय होता है चोरों की तरह हमला नहीं पहलवान और मर्दों की तरह लड़ाई लड़नी चाहिए, परिणाम चाहे कुछ भी हो, प्रतिवर्ष फौज व सेना में भर्ती होने वालों की संख्या में इसीलिए गिरावट आ रही है, रक्षा सुरक्षा पर अनेकों प्रकार के प्रश्न उठने लगे हैं मैं तो देश शुभचिंतक हूं इसलिए यह चिंतन की बात लिख रहा हूं



ताकि पढ़कर किसी को कुछ समझ आ सके और भविष्य में बेहतर फैसले लिए जा सके वैसे तो सही कलम कारों को कौन पूछता है बल्कि सही लिखने के बाद खतरों का सामना भी करना पड़ता है लेकिन अच्छे राजा महाराजा सही की कद्र करते हैं क्योंकि वह निस्वार्थ आई ओपनर होते हैं उन्हें इसके बदले कोई पद प्रतिष्ठा नहीं मिल रही होती है बल्कि देश प्रेमी ही सही स्थिति से अवगत करा सकता है।

# हेल्पिंग हैंड सेक्युलर फाउंडेशन द्वारा अंबेडकर नगर थाने में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर




नई दिल्ली। हेल्पिंग हैंड सेकुल्लर फाउंडेशन द्वारा अंबेडकर नगर थाने में दिल्ली पुलिस के जवानों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य एवं आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पुलिस कर्मियों का निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में निगम पार्षद दिनेश कुमार ने कार्यक्रम के आयोजकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया। पार्षद दिनेश कुमार ने कहा कि समाज में शांति एवं सद्भावना बनाए रखने में पुलिस की अहम भूमिका है, इसलिए पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। हेल्पिंग हैंड से सेकुल्लर फाउंडेशन विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करती आ रही है, जिसको लेकर लोगों के बीच इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही हैं।

# शूटिंग रेंज तुगलकाबाद में झपटमार गिरोह के उत्पात से दहशत

» प्रीति शर्मा

नई दिल्ली। शूटिंग रेंज तुगलकाबाद में झपटमार गिरोह अपनी योजना के मुताबिक राहगीरों को प्रतिदिन लूट रहे हैं, परंतु पुलिस प्रशासन इन बदमाशों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रही है जिस कारण आम राहगीरों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। पिछले दिनों इरोज गार्डन निवासी अशोक कुमार एवं उनकी पत्नी सुषमा शूटिंग रेंज से अपने घर जा रहे थे। अचानक उनकी गाड़ी का टायर पंचर हो



गया। जब इन लोगों ने नीचे उतर कर देखा तो टायर में कील घुसी हुई थी। इसी दौरान वहां सहायता करने दो लड़के आ गए। मदद करने के बहाने अचानक उन दोनों ने सुषमा का पर्स छीन कर चंपत हो गए। तुरंत इन लोगों ने 100 नंबर पर फोन किया पुलिस आई भी और खानापूर्ति कर चली गई। इस तरह की घटनाएं वहां आए दिन होती रहती है। परंतु पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। शूटिंग रेंज में रात्रि गश्त बढ़ाने की जरूरत है तथा वहां सक्रिय अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

# मिशन मोदी सेना के प्रदेश अध्यक्ष बने मनवीर सिंह

» वरुण आर्य

नई दिल्ली। एनजीओ मिशन स्वस्थ भारत की सामाजिक इकाई 'मिशन मोदी सेना' के दिल्ली प्रदेश के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। इसके तहत मनवीर सिंह को मिशन मोदी सेना का दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही वरुण आर्य को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। इस अवसर मनवीर सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर सेना के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे दिल्ली में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। जल्द ही वे प्रदेश के अन्य पदाधिकारियों का चयन भी करेंगे।

# पुलिस स्टेशन स्टाफ ( दक्षिण पश्चिम पुलिस जिला ) ने एक दिन में 06 वाहन चोरी के चुनौतीपूर्ण मामलों मे पायी सफलता'

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। 09-10.02.2021 की मध्यरात्रि को, पुलिस स्टेशन पालम गॉव में 06 वाहन चोरी की घटनाएं सामने आईं। तदनुसार एफआईआर दर्ज की गई और जांच की गई। एक ही दिन में कई चोरी की घटनाओं की सूचना मिलने पर पालम ग्राम पुलिस स्टेशन की पुलिस के लिए इतने मामलों पर काम करना बहुत चुनौतीपूर्ण था। अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, श्री दलीप कुमार एसीपी दिल्ली कैंट के निर्देशन मे एवं इंस्पेक्टर पारस नाथ वर्मा एसएचओ पालम के नेतृत्व मे एक टीम गठित की गयी जिसमें एसआई सुरेंद्र सिंह, एचसी




अनिल कुमार, एचसी सुरेश, कॉन्स्टेबल भीम सिंह, को शामिल किया गया किया गया टीम की जांच के दौरान टीम ने अपराधियों का सुराग पाने के लिए तकनीकी और मैनुअल पहलुओं पर काम किया। इस प्रक्रिया के दौरान, एसआई सुरेन्द्र सिंह को एक गुप्त सूचना मिली कि एक हताश अपराधी जिसका नाम गजेंद्र उर्फ काली लगातार पालम गांव के इलाके में मोटर साइकिल और मोबाइल की चोरी कर रहा है। 12.02.2021 को प्राप्त सुराग अनुसार एक जाल बिछाया गया और आरोपी व्यक्ति गजेंदर उर्फ काली को पकड़ा गया उसके पास से एक बटन चाकू, 6 चोरी हुए पहिया वाहन और 3 मोबाइल फोन बरामद हुए।

# केजरीवाल अपने स्वार्थ के लिए तुष्टिकरण की राजनीति और जेहादी मानसिकता से काम कर रहे हैं: आदेश गुप्ता

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की मंगोलपुरी के रिंकू शर्मा के परिवार से मुलाकात न करने के लिए कड़ी निंदा की है। रिंकू शर्मा की क्षेत्र के कुछ अपराधियों ने गत 10 फरवरी को चाकू मार कर हत्या कर दी थी। पीड़ित परिवार के सदस्य आज मुख्यमंत्री केजरीवाल के निवास पर उनसे न्याय की मांग करने गए थे, लेकिन उन्हें वहां से भगा दिया गया और मुख्यमंत्री ने मिलने से इंकार कर दिया। आदेश गुप्ता ने कहा कि इससे साबित होता है कि मुख्यमंत्री न सिर्फ दोगले हैं बल्कि ढोंगी भी हैं। अपने को दिल्ली का बेटा बताने वाले केजरीवाल अपने स्वार्थ के लिए सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति और जेहादी मानसिकता से काम कर रहे हैं। रिंकू शर्मा के परिजनों ने कहा कि वे चार लोग ही मुख्यमंत्री से मिलने गए थे, लेकिन उनकी फरियाद सुनने की जगह उनके आदमियों ने कहा कि यहां प्रदर्शन



नहीं कर सकते और वहां से हटा दिया। आदेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री से पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की अनुदान राशि देने और उसके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

# अगर हम सत्ता में आए तो सीएए कभी लागू नहीं करेंगे : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने असम की रैली में कहा कि परिस्थितियां चाहे जो भी रहें, अगर हम सत्ता में आए तो नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू नहीं करेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शिवसागर में रैली में कहा कि कांग्रेस ने असम के लोगों को एकजुट किया, इससे पहले हिंसा के चलते इस बात की कोई गारंटी नहीं हुआ करती थी कि कोई व्यक्ति जनसभा से घर वापस लौट पाएगा कि नहीं। उन्होंने दावा किया कि मैं और कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता असम समझौते के सिद्धांतों की रक्षा करेंगे, हम इससे एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा, आरएसएस असम को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, नरेन्द्र मोदी और अमित शाह इससे प्रभावित नहीं होंगे लेकिन असम और पूरा देश इससे प्रभावित होगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हम दो, हमारे दो, असम के लिए और दो, और सब कुछ लूट लो। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों का पैसा लूटा और अपने दो दोस्तों का कर्ज माफ कर दिया।

राज्य सरकार पर तंज कसते हुए राहुल ने कहा कि रिमोट कंट्रोल से टीवी चल सकता है, मुख्यमंत्री नहीं, आपको अपना मुख्यमंत्री चाहिए जो आपकी परेशानियों को सुने, लेकिन असम के मौजूद मुख्यमंत्री केवल नागपुर और दिल्ली की सुनते हैं। भाजपा और आरएसएस पर असम को विभाजित करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी असम समझौते के हर सिद्धांत की रक्षा करेगी और अगर राज्य में सत्ता में आती है, तो कभी भी संशोधित नागरिकता कानून लागू नहीं करेगी।

# मुझे पता था कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा तो उस समय केंद्र में भाजपा की ही सरकार होगी: गुलाम नबी आजाद

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा कि मुझे पता था कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा तो उस समय केंद्र में भाजपा की ही सरकार होगी। उन्होंने कहा कि लेकिन नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार में ऐसा होगा, इसकी उम्मीद नहीं थी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मुझे आश्चर्य हुआ, आर्टिकल 370 हटाने जैसा बड़ा कदम उठाने की उम्मीद नरेंद्र मोदी सरकार से नहीं थी।

एक टीवी चैनल को दिये इंटरव्यू में आजाद ने कहा कि उन्हें पहले ही यह बात पता था कि जब भी कश्मीर से आर्टिकल 370 हटेगा तो बीजेपी की सरकार होगी, उसके बाद भी इसके हटने से आश्चर्य हुआ। उन्होंने कहा कि मैंने जिंदगी में कभी भी नहीं सोचा था कि जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मोदी सरकार ने एक राज्य को नीचा दिखाने के लिए ऐसा किया है। गुलाम नबी ने कहा कि जब तक जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं दिया जायेगा, तब तक राजनीतिक स्थिरता नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कि किसी एक खास राज्य को नीचा दिखाने और बेइज्जत करने की कोशिश की गई है। आजाद के विदाई भाषण में पीएम मोदी पिछली घटनाओं को याद कर रोने लगे थे। तब से अटकलें लगाई जा रही थी कि निकट भविष्य में आजाद भाजपा का दामन थाम सकते हैं, लेकिन आजाद ने इस बात को सिरे से खारिज कर दिया। कांग्रेस और गांधी परिवार पर पूछे गये सवाल के जवाब में गुलाम नबी ने कहा कि गांधी परिवार को कांग्रेस को एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता है। उन्होंने साफ कहा कि गांधी परिवार के इतर कांग्रेस का कोई भी भविष्य नहीं है।

# दोपहिये वाहन पर चालक एवं राइडर दोने हेलमेट पहनकर स्वयं अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करे : ताज हसन विशेष आयुक्त पुलिस

» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। 32 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 2021 के अवसर पर, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 13 जनवरी 2021 को बाबा खड़क सिंह मार्ग पर महिलाओं के लिए दोपहिया वाहन रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विशेष आयुक्त पुलिस ताज हसन ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस के पास ट्रैफि क को प्रबंधित करने के अलावा भी अनेको कार्यों है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रत्येक सड़क उपयोगकर्ता कीनैतिक ज़िम्मेदारी है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस को सड़क इंजीनियरिंग में सुधार के संबंध में विभिन्न नागरिक एजेंसियों से सुझाव देने पर जोर देते हुए कहा कि विभिन्न वाहनों के ड्राइवरों को हर परिस्थिति में ड्राइव करने के लिए आवश्यक कौशल सीखना चाहिए। उन्होंने प्रतिभागियों से अपने निकट और प्रियजनों के बीच सड़कों पर सुरक्षा का संदेश फैलाने का भी आह्वान किया और उनसे यातायात नियमों का पालन करते हुए आग्रह किया कि दोपहिये वाहन पर चालक एवं राइडर दोने हेलमेट पहनकर स्वयं अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करे। ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क के सामने बाबा खड़क सिंह मार्ग से लगभग प्रातः 1.00 बजे दोपहिया वाहन रैली को रवाना किया गया और दोपहिया वाहनों के बेड़े ने बाहरी सर्कल कनॉट प्लेस का एक चक्कर लगाया, जो ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क में वापस पहुंचा। रैली के प्रतिभागी - सवार सड़क सुरक्षा संदेशों के साथ तख्तियां ले जा रहे थे रैली मे 80 महिला दोपहियां सवारों ने हौंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया इंडिया लिमिटेड से प्रशिक्षण भी प्राप्त किया।

## प्रधान पद के भावी उम्मीदवार ने की मीटिंग

» सरताज अहमद

मुजफ्फरनगर। तहसील जानसठ के ग्राम तिसंग मुस्तफाबाद मेरापुर नयागांव के भावी उम्मीदवार समीम अब्बासी के आवास पर एक मीटिंग का आयोजन किया जिसमें देखा जा रहा है की समीम अब्बासी को मिल रहा है ग्राम वासियों का पूर्ण समर्थन। ग्राम वासियों का कहना है कि हमें ऐसा ही प्रधान चाहिए जो हमारे काम आ सके समीम अब्बासी में वह सारी खुबियां हैं जो प्रधान में होनी चाहिए। बिना प्रधानी समीम अब्बासी ग्राम वासियों का साथ देते हैं तो प्रधान होने के बाद कितना साथ देंगे। समीम अब्बासी का कहना है इंशाल्लाह प्रधान



बना दो मेरे ग्रामवासी मेरे परिवार की तरह है। हर ग्राम वासी प्रधान होगा जिसमें बहुत लोग मौजूद रहे निजामुद्दीन कुरेशी मास्टर सफीक अंसारी गयूर मलिक मंगता प्रजापति मोहम्मद साजिद मौलाना इफ्तिखार कल्लू गुर्जर अनीस अहमद मोहम्मद साजिद मोहम्मद गुलफाम मोहम्मद शाहनवाज आदि लोग मौजूद रहे।

## शहीद सैनिको की याद में बलिदान दिवस मनाया

» मदरलैंड संवाददाता

मुजफ्फरनगर। 14 फरवरी प्राप्त समाचार के अनुसार ह्र्दयस्थली शिव चौक पर हिन्दू जागरण मंच जिलाउपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह पंवार के नेतृत्व में शिव चौंक पर पुलवामा में शहीद हुए। भारतीय सेना के जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए। बलिदान दिवस के रूप में मनाया। हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तुलसी पार्क में इक्कठे हुए। जहां से वीर शहीदों के सम्मान में नारेबाजी करते हुए शिवचौंक पर भारतमाता के वीर लाडले शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि




अर्पित कर बलिदान दिवस के रूप में मनाया। जिलाउपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह पंवार ने कहा कि 14 फरवरी को देश का युवा पाश्चातय संस्कृति के अश्लीलता भरे वेलेंटाइन डे को ना अपना कर देश हित और हिन्दू संस्कृति को अपनाकर हिंदुत्व की रक्षा करने का संकल्प लें। 14 फरवरी को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में हमारे निर्दोष सैनिक बलिदान हो गए थे उनको श्रद्धाजंलि देकर 14 फरवरी को बलिदान दिवस के रूप में मनाए

इस मौके पर एड. वैभव यादव, बंटी चौधरी, कमलदीप, राजेश शर्मा, जितेंद्र सिंह, कार्तिक जोहरी, सुनील चांदपुर, राजकुमार सूजडू, वीरेंद्र त्यागी, अँजेश गुर्जर, अमित धीमान, मैनपाल, विक्की भाटिया, मोंटी, आकाश मोंगा, हनी मोगा, आशीष खटीक, अनमोल, रेशु, दीपक, कार्तिक शर्मा, आयुष, विराट, अनुज, आदर्श शर्मा, राहुल कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय किसान यूनियन अंमबावता ने निकला कैंडल मार्च



मदरलैंड संवाददाता, मुजफ्फरनगर। भारतीय किसान यूनियन अंमबावता 14 फरवरी को आतंकी पुलवामा हमले में सभी शहीद वीर जवानों की याद में कैंडल मार्च निकाला। जिसमें सभी को आमंत्रित किया गया है। शाम 6:30 बजे पुराना भोपपा अड्डा सोल्जर बोर्ड पर पहुंचे निवेदन करता सहारनपुर मंडल प्रभारी मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम।

### तीन साल में 156 आवास ही बना सका अलीगढ़ विकास प्राधिकरण

मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़। बजट के अभाव में प्रधानमंत्री आवास योजना फंस गई है। अलीगढ़ में अब तक 156 आवासों का ही निर्माण हो सका है। इनमें से अधिकतर आवंटित हो चुके हैं। अब आवासों के लिए पात्र कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं।
अलीगढ़ विकास प्राधिकरण (एडीए) के पास आवास नहीं है। नए आवासों का निर्माण बंद पड़ा है। अब तक 10 हजार आवास बनाने थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की थी। योजना का मकसद 2020 तक हर जरूरत मंद को आवास देना था। शहर व देहात में अलग-अलग विभागों को आवास निर्माण की जिम्मेदारी दी गई। जिन लोगों के पास कम से कम 21 वर्गगज जमीन है, योजना में उन्हें आवास निर्माण के लिए सरकार ढाई लाख रुपये देती है। जिनके पास जमीन नहीं है, उन्हें सरकार आवास बना कर दे रही है। शहर में आवास निर्माण की जिम्मेदारी एडीए पर है। 2018 में एडीए ने एलमपुर में आवास निर्माण की शुरूआत की थी। इसके तहत पहले चरण में कुल 156 आवासों पर काम शुरू हुआ। करीब एक साल में इन आवासों का निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया। प्रभारी सचिव अर्जुन सिंह तोमर ने बताया कि बजट के चलते काम रुका है।

### लडकीयों पर फब्तीयां कसने के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर। गढ कोतवाली पुलिस ने लडकीयां पर फब्तीयां कसने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार करते हुऐ उसके विरूद्व कार्रवाई की है। गढ कोतवाली प्रभारी शीलैश कुमार ने जानकारी देते हुऐ बताया कि एसआई कविता रानी ने नक्का कुआं रोड पर चैकिंग के समय एक युवक मोहसिन निवासी गढ नगर को आती जाती लडकीयां पर फब्तीयां कसने के आरोप में गिरफ्तार करते हुऐ उसके विरूद्व कार्रवाई की है।

### प्रयागराज से चित्रकूट के बीच जल्द शुरू होगी विमान सेवा

प्रयागराज। प्रयागराज से चित्रकूट के बीच विमान सेवा जल्द शुरू होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि अगले माह चित्रकूट एयरपोर्ट तैयार हो जाएगा। इस एयरपोर्ट में अब संचार संबंधी ही कुछ काम शेष रह गए हैं। रविवार को निदेशक विमानपत्तन अंचल प्रकाश के साथ मुख्यालय उत्तरी क्षेत्र के महाप्रबंधक संचार एसआर महतो ने चित्रकूट के साथ प्रयागराज एयरपोर्ट का जायजा लिया। दरअसल प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक अंचल प्रकाश के पास ही चित्रकूट एयरपोर्ट की भी जिम्मेदारी है। पीएम मोदी की उड़ान योजना के तहत चित्रकूट से प्रयागराज, लखनऊ आदि शहरों के लिए 20 सीट वाले छोटे विमान चलाने की तैयारी की जा रही है। अगले माह 15 मार्च तक चित्रकूट एयरपोर्ट उड़ान के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाएगा।

## बदमाश के पास से बुढ़ाना पुलिस ने किया अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

» मदरलैंड संवाददाता

बुढ़ाना। बुढ़ाना पुलिस ने एक वांछित बदमाश को अवैध तमंचे और कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय गौतम के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मगनवीर सिंह गिल के नेतृत्व मे उप निरीक्षक संजय कुमार, कांस्टेबल हिमांशु मलिक और हैड कांस्टेबल प्रदीप कुमार ने वांछित बदमाशों की तलाश में गश्त करते हुए मुखबिर की सूचना पर एक वांछित को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने जब बदमाश से पूछताछ की तो उसने अपना नाम तेजपाल पुत्र



रतलू निवासी कस्बा टीकरी थाना दोघट जनपद बागपत बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से पुलिस ने 1 अवैध तमंचा और 2 कारतूस 315 बोर भी बरामद किये। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## मस्जिद के पास पुलिया टूटी होने के कारण नमाजियों को परेशानी

» मदरलैंड संवाददाता

रामपुर। वार्ड संख्या 13 के मौहल्ला कुंडा स्थित गली मियां जान खां में मुल्ला हमीद की मस्जिद हैं। मौहल्लेवासियों का आरोप हैं कि गली में घुसने से पहले पुलिया बनी हुई हैं जो मस्जिद के गेट पर भी हैं पुलिया पिछले काफी समय से टूटी हुई हैं लेकिन आज तक नगर पालिका द्वारा उक्त पुलिया को ठीक नहीं कराया गया हैं जबकि रात के अंधेरे में कई बार टूटी पुलिया के कारण लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं वहीं मस्जिद में आने वाले नमाजियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़



रहा हैं। पुलिया टूटी होने के कारण गली वासियों को तो दिक्कते हो ही रहीं हैं गली में आने वाले वाहन भी टूटी पुलिया में गिरकर चोटिल हो रहें हैं जो कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकते हैं। नगर पालिका प्रशासन से कई बार टूटी पुलिया को बनवाने की मांग की जा चुकी हैं लेकिन आज तक पुलिया का निर्माण तो दूर मरम्मत तक नहीं कराई गई हैं जिससे मौहल्लेवासियों व नमाजियों में पालिका प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त हैं।

## गढ कोतवाली क्षेत्र से एक ईरिक्शा चालक व एक किशोर लापता

» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। गढ कोतवाली क्षेत्र के गांव नानपुर से एक ईरिक्शा चालक व गढ नगर से एक किशोर के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने पर परिजनो ने पुलिस को सूचना दी है। पुलिस शिकायत की जांच करते हुऐ लापता किशोर व युवक की तलाश कर रही हैं।

गढ कोतवाली क्षेत्र के गांव नानपुर निवासी ईरिक्शा चालक राजकुमार उर्फ मोनू के शुक्रवार की सांय किराये पर ईरिक्शा लेकर सिंभावली क्षेत्र के गांव फत्तापुर को कहकर गया था जो लापता हो गया। जिसकी सूचना उसके भाई दीपू ने पुलिस को देते हुऐ मदद की गुहार लगाई है।

उधर दूसरे मामले में गढ नगर के मौहल्ला आहताबस्तीराम निवासी महेन्द्र का 16वर्षीय पुत्र विपिन 11 तारीख से लापता है। जिसकी सूचना महेन्द्र ने पुलिस को दी है। इस संबंध में गढ कोतवाली प्रभारी शीलैश कुमार का कहना है कि पुलिस दोनो की तलाश कर रही है।

## जिला अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा मरीजों के साथ अभद्रता

» अफाक खान

रामपुर। वैसे तो रामपुर के जिला अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा लगातार मरीजों के साथ अभद्रता किये जाने के समाचार प्रकाशित होते रहते हैं लेकिन इस बार रामपुर का जिला अस्पताल पूरे प्रदेश में घायल व आप्रेशन के नाम पर रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने के बाद सुर्खियों में हैं। हालांकि डीएम ने पूरे मामले की जांच सीएमओ से कराये जाने के आदेश दे दिये हैं लेकिन जब पूरा मामला खुले तौर साफ नजर आ रहा हैं तो फिर इसपर तुरन्त कार्रवाई क्यों नहीं की जा रहीं। जिला अस्पताल में तैनात रेडियोलोजिस्ट डा. एसएस कैन द्वारा घायल पक्ष से मनमानी रिपोर्ट लगवाये जाने की एवज में ली जा रहीं रिश्वत का वीडियो आज कल पूरे प्रदेश में सोशल मीडिया के जरिये जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहा हैं। वीडियो वायरल होने की सूचना मिलते ही डीएम आन्जनेय कुमार सिंह ने सीएमओ को पूरे मामले की जांच के आदेश दिये हैं। इस मामले में सीएमओ डा. संजीव यादव को फोन किया तो उन्होने फोन ही नहीं उठाया। रामपुर के जिला अस्पताल में तैनात रेडियोलोजिस्ट डा. एसएस कैन द्वारा घायल से मनमानी रिपोर्ट बनवाने की



एवज में आठ हजार रुपए की रिश्वत और बाद में 32 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए दो वीडियो वायरल हुए हैं। वीडियो वायरल होने के बाद जिला अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मचना स्वभाविक हैं। जिला अस्पताल की बदनामी का सबब बने डा. एसएस कैन के माथे पर चिंता कोई लकीरे नजर नहीं आ रहीं हैं। उनका कहना हैं कि इस तरह की वीडियो पहले भी वायरल हो चुकी हैं लेकिन उनका कोई कुछ नही बिगाड़ पाया तो अब तो उनके रिटायरमेंट में कुछ महीने की बाकी हैं। वहीं जिला अस्पताल के एक और चिकित्सक के बार्ड ब्याय द्वारा आंखो के आप्रेशन के नाम पर सुविधा शुल्क लिये जाने का भी वीडियो वायरल हुआ हैं।

## ब्लाक प्रमुख व 294 प्रधान पदों पर रहेगा आधी आबादी का कब्जा

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में इस बार आधी आबादी का पूरा बोलबाला रहेगा। अलीगढ़ में कुल 4 ब्लाक प्रमुख व 294 प्रधानी के पदों पर महिलाओं का कब्जा रहेगा। आगमी चुनावों में अकराबाद, अतरौली, खैर व गंगीर ब्लाक महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। इसी तरह प्रधानी में सामान्य महिलाओं के लिए 141, पिछड़ा वर्ग में 84 व एससी महिलाओं के लिए 69 पद आरक्षित किए गए हैं। पंचायती राज विभाग ने जिला स्तर से प्रधानी के सभी पदों के लिए ब्लाक वार निर्धारण पूरा कर लिया है। अब 20 मार्च से ग्राम पंचायत वार आरक्षण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अलीगढ़ में इस बार कुल 867 ग्राम पंचायतों में चुनाव होने हैं। इसमें 69 पद एससी महिला के लिए आरक्षित रहेंगे। वहीं, 122 एससी के लिए होंगे। इसी तरह 84 पद पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए व 152 पद पिछड़ा वर्ग पुरुषों के लिए होंगे। इसके अलावा 141 सीटें महिलाओं के लिए होंगी। इसमें किसी भी वर्ग की कोई भी महिला अपनी दावेदारी ठोंक सकती है। इसके अलावा 299 पद अनारक्षित होंगे। इसमे किसी भी वर्ग का कोई भी महिला-पुरुष उम्मीदवार प्रत्याशी बन सकेगा।

## आत्म निर्भर भारत पर अर्थशास्त्र परिषद की ओर से गोष्ठी का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता




रामपुर। आत्म निर्भर भारत पर अर्थशास्त्र परिषद की ओर से गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बोलते हुए डा. रजनी रानी अग्रवाल ने कहा कि यह बजट देश की आकांक्षाओं एवं जरूरतों के अनुरूप हैं जो देश के विकास को गति प्रदान करेगा। रोजगार बढेगा, आय बढेगी और बाजार मे मांग वृद्वि होगी। यह एक समावेशी बजट हैं जिसमें सभी वर्गो और आम जनता का हित निहित हैं। गोष्ठी में सिमरन, आकृति राय व संगीता चक्रवती ने आत्म निर्भर भारत और बजट पर विस्तार से अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डा. शत्रुजीत सिंह ने किया। बजट का विशलेषण करते हुए डा. शत्रुजीत सिंह ने बजट के जरिये से सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय में की गई वृद्वि को सराहनीय कदम बताते हुए बजट को एतिहासिक एवं विकासोन्मुखी बताया। इस मौके पर डा. सुनीता अग्रवाल, डा. सुनीता जायसवाल, डा. अनीता राजनी कन्नौजिया, डा. निशात बानो, डा. सुनीता, डा. नरेन्द्र सिंह, डा. अंकिता, डा.प्रीति लता, डा. इफ्तेखार अहमद कादरी, डा. मनोरमा चैहान, डा. रजिया परवीन आदि मौजूद थे।

## देहदानियों को किया सम्मानित

» मदरलैंड संवाददाता



अलीगढ़। देहदान , रक्तदान , अंगदान व नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए एक जागरूकता कैम्प का आयोजन देहदान कर्तव्य संस्था द्वारा अलीगढ औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी में भाजपा कार्यालय के पास लगाया गया।

सदस्य भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार देहदान कर्तव्य संस्था ने डॉ एस के गौड़ की अध्यक्षता में पहली बार यह जागरूकता कैम्प 14 फरवरी को राठी हॉस्पिटल ( डॉ जी एम राठी ) क्षय रोग निवारण द्वारा प्रायोजित लगाया गया। इस अवसर पर अनेकों लोगों ने अंग व देहदान के वारे में विस्तृत जानकारियां लीं व निःसंकोच स्वयं संकल्प ले संस्था की सदस्यता भी ग्रहण की। जागरूकता कैम्प का उद्घाटन नगर विधायक संजीव राजा ने किया। महापौर मुहम्मद फुरकान ने सभी देहदानियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वयोवृद्ध व समाजसेवी राजाराम मित्र व डॉ जी एम राठी द्वारा नेत्र/देहदान का संकल्प लेने पर माला पहना सम्मानित किया गया। एड अनिल राज गुप्ता, पार्षद हेमन्त गुप्ता, पल्लवी गुप्ता, सरिता रानी, उमा रानी, किरन लता, मनोरमा वार्ष्णेय, दिवाकर वार्ष्णेय, शुभी वार्ष्णेय, दर्शन देवी, गौरव अग्रवाल राधे, शकुन्तला देवी, अंजुल वर्मा, विजय कुमार आदि को देहदान कर्तव्य संस्था का प्रशस्ति पत्र व परिचय पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , दिलीप वार्ष्णेय, किरन वार्ष्णेय, विवेक अग्रवाल, सत्यदेव शर्मा, महेश पाठक , योगेश शर्मा , ज्ञानेंद्र मिश्रा ,सुधीर कुमार वार्ष्णेय आदि भी सहयोगी बने।

## दिल्ली में रिंकू शर्मा की नृशंस हत्या से बजरंगियों में आक्रोश

» अर्जुन वार्ष्णेय

अलीगढ़। दिल्ली में बजरंग दल कार्यकर्ता की मुस्लिम जिहादियों द्वारा हत्या करने से आज बजरंगदल महानगर संयोजक गौरव शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने महामहिम राष्ट्रपति से संबोधित ज्ञापन, जिला अधिकारी को सौंपा गया।

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर बनने जा रहे भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या द्वारा 15 जनवरी 27 फरवरी तक निधि समर्पण अभियान चलाया जा रहा है। उसी के अनुपालन में दिल्ली के मंगोलपुरी के कार्यकर्ता रिकु शर्मा भी अन्य रामभक्तो के साथ निधि संग्रह अभियान के लिए प्रतिदिन जा रहा था।

मौहल्ले के मुस्लिम युवकों द्वारा उसको बार बार श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के निधि समर्पण अभियान में कार्य न करने के लिए धमकाया जा रहा था। जिसकी शिकायत स्थानीय कार्यकताओं ने संबंधित थाने में की किंतु कोई कार्यवाही नही की गई। 10 फरवरी को रिंकू शर्मा अपने भाई के साथ निधि संग्रह करके घर आया था फिर




रात्रि 10 बजे मोहल्ले के मुस्लिम जेहादियों ने संगठित होकर घर में घुसकर रिकू और उसके परिवार पर हमला कर दिया। हमले में गैस सिलेंडर द्वारा विस्फोट कर पूरे परिवार की हत्या का भी प्रयास किया गया। उसके बाद मौका पाकर रिंकू शर्मा की पीठ में चाकू मारकर हत्या कर दी गयी। हमलावारों में हत्यारों की धर की महिलाएं भी थी। जब रिकू शर्मा को अस्पताल ले जाएगा गया। वहां भी जाकर हत्यारो ने रिकू के परिवारीजनों को भी धमकाया और घायल रिंकू के शरीर पर प्राणघातक प्रहार किए और चाकू लगे स्थान को भी क्षतविक्षत करके लहूलुहान कर दिया , जिससे कि वो जीवित ना बच पाए। पुलिस स्थानीय मुस्लिम जेहादियों के प्रभाव और दबाव में अपराधियों को बचाने में लगी में रही। घटना को अलग दिशा में मोड़ने का प्रयास भी पुलिस ने किया जिससे कि अपराधियों को बचाया जाए सके। ज्ञापन में मुख्य रूप से जगवीर मिश्र, विजेंद्र सिंह, भगत सिंह, नरेश कुमार, शेखर शर्मा, मयंक कुमार, रितेश वर्मा, गौरव शर्मा, अमित भारद्वाज, विशाल शर्मा, मोनू पंडित, अजय गुप्ता, देव सोनी, सतीश मूर्ति, यश, ललतेश वार्ष्णेय, विशाल देशभक्त, एड. ब्रजेश रौतेला, उमेश चाचा, शकुंतला भारती, यतिन दीक्षित, सुमित गोटेवाल, राहुल, आकाश, राजाबाबू, अन्नू माहौर, अमित शर्मा, नीरज, जितेंद्र पंडित, कृष्णकांत, संदीप सेंगर, विशाल वार्ष्णेय, आकाश गुप्ता, राहुल मित्तल, ऋषि शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## गांव तिगरी में मूर्ति की नाक तोडने की घटना से दो पक्षों में तनाव

» कांति प्रसाद

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के गांव तिगरी में गांव के एक सामाजिक व्यक्ति की मूर्ति की नाक तोडने की घटना से गांव में दो पक्षों में तनाव का माहौल है। थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव तिगरी में गांव के एक सामाजिक व्यक्ति लायकराम मुखिया की मूर्ति उनके परिजनो ने करीब 20 वर्ष पूर्व गांव के बाहर ही अपनी भूमि पर लगवाई थी जिसका सौंदर्यकरण जनवरी 2021 में कराया गया। शनिवार की रात्रि में मूर्ति की नाक तोडने की




घटना से गांव में दो पक्षों में तनाव का माहौल



है। लायकराम मुखिया के पौत्र अनिरूद्व ने गांव के ही कुछ लोगो पर मूर्ति को छतिग्रस्त करने का आरोप लगाते हुऐ तहरीर दी है। इस संबंध में सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## किसान पीजी कालिज में एनएसएस व रोवर रेंजर शिविर का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली के किसान पीजी कालिज में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाई के सात दिवसीय शिविर में प्रतिभागियों को साफ सफाई व कोविड 19 से बचाव के बारे जानकारी दी गई। जबकि रोवर रेंजर के पांच दिवसीय शिविर के प्रतिभागियों के बीच निबंध प्रतियोगिता के आयोजन के साथ ही समापन हुआ। कालिज प्राचार्य डा0 तेजवीर सिंह ने शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को उनके अच्छे कार्यो के लिए प्रोत्साहित किया। सिंभावली के किसान पीजी कालिज में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाई के चल रहे सात दिवसीय शिविर में प्रतिभागियों ने साफ-सफाई के प्रति क्षेत्रवासियों को जागरूक करने का काम किया। शिविर आयोजक शिक्षक डॉ. गिरिश कुमार सिंह ने



कहा कि जबतक सभी को कोविड 19 से बचाव के लिए टीका नही लगता है तबतक सावधानी बरतना जरूरी है। कालिज में चल रहे रोवर रेंजर( स्काऊट गाईड ) शिविर में प्रशिक्षक श्रीप्रकाश शर्मा व रोवर्स प्रभारी डा0 प्रभात कुमार, रेंजर प्रभारी सुरभि मित्तल ने शिविर के पांचवें अंतिम दिन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया। प्रतियोगिता के विजेता प्रथम स्थान पर अंकुश, द्वितीय स्थान पर मोहित तथा तीसरे स्थान पर रहे अब्दुल्ला को जबकि बालिका वर्ग में शीतल को प्रथम, चिंकी को द्वितीय स्थान मिला। इस मौके पर डा0 एसडी त्यागी, एसपी सिरोही, डा0 चारू, डा0 अर्चना, डा अरविन्द, डा0 अनिल आदि मौजूद रहे। शिविर के प्रतिभागियों के बीच पहुंचे कालिज प्राचार्य डा0 तेजवीर सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना व रोवर रेंजर( स्काऊट गाईड ) शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अच्छे कार्यो के लिए प्रोत्साहित किया।

# बजरंगदल विश्व हिन्दू परिषद् ने उपजिलाधिकारी खेरागढ को ज्ञापन सौंपा

» शंकरदेव तिवारी



आगरा। बजरंगदल विश्व हिन्दू परिषद् के कार्यकताओं ने कहा है कि भगवान श्रीराम मंदिर निधि समर्पण अभियान के तहत कार्य कर रहे बजरंगी रिन्कू शर्मा की कुछ जेहादियों ने निर्मम हत्या कर दी जिसके संदर्भ में पूरे देश के हिन्दू समाज में आक्रोश है। रिन्कू के हत्यारों का जो नहीं पकड़े गए है उनका एनकाउन्टर किया जाये और जो पकड़े गये है उनका फास्ट्रेक कोर्ट के केस सुनकर जल्दी से जल्दी फाँसी दी जाये। श्रद्धांजलि में उपस्थित जिला अध्यक्ष अरविंद परमार जिला मंत्री अचल रावत जिला संपर्क प्रमुख सतेंद्र भारद्वाज विहिप ज़िला गौरक्षा प्रमुख राम कुमार तोमर जिला सह मंत्री मुनेश चौहान गौ रक्षा विभाग प्रांत मंत्री अशोक तिवारी जिला सह संयोजक डॉ प्रदीप परमार प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार प्रखंड मंत्री पवन प्रजापत नगर प्रखण्ड गौरक्षा प्रमुख हरिओम पचौरी अध्यक्ष विनय गर्ग भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष कृष्णकांत मित्तल नगर संपर्क प्रमुख विपिन सिंगल प्रखंड उपाध्यक्ष भरत पचौरी प्रखंड उपाध्यक्ष रामू शर्मा प्रखंड उपाध्यक्ष रिंकू शर्मा महेश गर्ग नरेश खंड अध्यक्ष भोला परमार नगर सह संयोजक राधे शाक्य प्रखंड सह संयोजक हेमंत शर्मा भीम गुड्डू रवि कांत पाठक सूरज बिंदल हर्ष मित्तल श्रीकांत श्रीकांत अरुण बजरंगी सियाराम अरुण पाठक कल्याण सिंह हिमांशु आदि थे।

# नेहरू युवा केंद्र आगरा द्वारा खेरागढ़ में स्वच्छता रैली निकाली गई



» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। नेहरू युवा केन्द्र आगरा के द्वारा स्वयंसेवक सचिन गोयल के नेतृत्व में स्वच्छता जागरूकता के बैनर तले रविवार को कस्बे में रैली निकालकर श्रमदान कार्यक्रम किया,एवं रैली शानिवार को नेहरू युवा मंडल मघटई के सहयोग से व नेहरू युवा केंद्र आगरा द्वारा ग्राम लड़ामदा में एक स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली को पूरे कस्बे में स्वच्छता के नारे लगाते हुए अंत्योदय विद्यालय पर समाप्त हुई। सभी युवाओं को स्वच्छता के बारे में बताया गया और कहा गया कि सबसे पहले हमें अपने घर के सामने की,गली,मोहल्ले की,गांव की सफाई करनी होगी तभी अपना गांव स्वच्छ सुंदर गांव होगा।

# सैलानी पहुंचे पिनाहट घाट

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। आगरा का ताजमहल घूमने आ रहे विदेशी सैलानी अब चंबल नदी घूमने पिनाहट भी पहंचने लगे है। रविवार दोपहर करीब एक बजे विदेशी सैलानियो का एक दल करीब तीन गाड़ियों के साथ चंबल नदी घूमने पिनाहट पहुचा। जहां सैलानियों ने नृई मे वोटिंग की सैर की चंबल नदी घूमना सैलानियों को आजकल खूब भा रहा है। तभी तो आये दिन सैलानी पिनाहट चंबल नदी घाट पहुंचकर नदी की सैर कर रहे है। विदेशी पर्यटकों के आने से यहां के लोगों में भारी खुशी का माहौल है। लोगों का मानना है कि सैलानियों के यहां आने से क्षेत्रीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शाहजहांपुर में कैंडल मार्च निकाला



मदरलैंड संवाददाता, किठौर। आज शाहजहांपुर में सैकड़ों लोगों ने इकट्ठा होकर पुलवामा में शहीद हुए जवानों के लिए कैंडल मार्च निकाला इस अवसर पर सैकड़ों कस्बे वासी मौजूद रहे और उन्होंने एक कैंडल मार्च कस्बे के खुशबासान मोहल्ले से लेकर मेरठ गढ़ रोड तक निकाला इसमें समाज से जुड़े हुए लोगों ने कहा कि देश का जवान ही देश की नीव होता है और वही अपनी जान की बाजी लगाकर देश की रक्षा करता है इस अवसर पर सैकड़ों बड़े, बच्चे मौजूद रहे।

### सपा नेता मनेश सिंह चौहान उर्फ गुड्डू का अन्य दल में जाने का समाचार निराधार

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। आज दिनांक 14.02.2021 को समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि मनेश सिंह चौहान उर्फ गुड्डू समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल। समाजवादी पार्टी इसका पूर्णतः खण्डन करती है क्यांकि मनेश सिंह चौहान वर्तमान में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व सदस्य नहीं हैं। वह पहले ही समाजवादी पार्टी छोड़कर अन्य दल में चले गये थे तथा गत चार वर्षों से मनेश सिंह चौहान समाजवादी पार्टी की किसी भी बैठक अथवा कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हुए हैं। वह वर्ष 2015 में हुए जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव भी लड़े थे। अतएव मनेश सिंह चौहान का समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा में सम्मिलित होने का समाचार पूर्णतः निराधार है।

### युवा एवं युवतियों को टेलरिंग शॉप योजना के अंतर्गत कराया जाएगा ऋण उपलब्धः केपी सिंह

मदरलैंड संवाददाता, बिजनौर। मुख्य विकास अधिकारी केपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड बिजनौर द्वारा जिला बिजनौर के शहरी/ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले अनुसूचित जाति के गरीबों की सीमा रेखा से नीचे रहने वाले बेरोजगार युवक एवं युवतियों को स्वलंबी बनाने के लिए भारत सरकार से प्राप्त विशेष केंद्रीय सहायता की धनराशि से नई टेलरिंग शॉप योजना के अंतर्गत सीधे निगम के माध्यम से संचालित की जा रही है उन्होंने बताया कि योजना की परियोजना लागत रुपए 20000 है जिसमें रुपए 10000 अनुदान तथा शेष धनराशि ब्याज मुक्त ऋण है जिसकी अदायगी 36 समान मासिक किस्तों में की जाएगी उन्होंने यह भी बताया कि जिन्होंने पूर्व में लाभ प्राप्त ना किया हो अपना पूर्व आवेदन पत्र जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास/ जिला प्रबंधक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड प्राइवेट नजीबाबाद बस स्टैंड के सामने कलेक्ट्रेट रोड बिजनौर कार्यालय अथवा खंड विकास अधिकारी कार्यालय में तैनात ग्राम सहायक विकास अधिकारी (स0क0) को आगामी 22 फरवरी,21 की शाम 5:00 बजे तक स्वयं अथवा डाक द्वारा उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है, उसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्र के लाभार्थियों का साक्षात्कार आगामी 25 फरवरी 2021 को पूर्वाहन 11:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक विकास भवन के सभागार कक्ष में संपन्न किया जाएगा उन्होंने यह भी बताया कि उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास जिला प्रबंधक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड नजीबाबाद के प्राइवेट बस स्टैंड के सामने कलेक्ट्रेट रोड बिजनौर से प्राप्त की जा सकती है।

# किसानों ने आगरा विकास प्राधिकरण की बुद्धि सुद्धि के लिए किया हवन

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। इनर रिंग द्वतीय चरण में उच्च न्यायालय के आदेशानुसार किसानों को मुआवजा नहीं दिये जाने पर गाँव गुतिला के 15 दिनों से धरनारत किसानों ने आगरा विकास प्राधिकरण की बुद्धि सुद्धि के लिए हवन किया। आपको बताते चलें कि आगरा इनर रिंग रोड़ एवं लैंड पार्सल योजना से कुबेरपुर से लेकर रोहता तक 22 गांवों के किसान प्रभावित हैं। जिसमें सबसे ज्यादा पीड़ित किसान गाँव गुतिला के हैं। क्योंकि यहाँ पर मुआवजा वितरण में काफी असमानताओं एवं अनिमियता पाई गई है। किसी को ज्यादा किसी को कम मुआवजा वितरण किया गया है। गाँव गुतिला के रमेशचंद्र एवं मुन्ना लाल तोमर ने उच्च न्यायालय में जाकर अपनी बात रखी है।

उच्च न्यायालय ने उचित मुआवजा दिये जाने के आदेश आगरा विकास प्राधिकरण को दिये हैं। लेकिन आगरा विकास प्राधिकरण उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर रहा है। इसलिए गाँव गुतिला के किसानों ने रविवार को आगरा विकास प्राधिकरण प्रशासन की बुद्धि सुद्धि के लिए हवन किया है। किसान नेता श्यामसिंह चाहर ने कहा है कि आगरा विकास प्राधिकरण की नियत में खोट है। प्राधिकरण प्रशासन किसानों को उचित मुआवजा देना चाहता है। इसकी बजह से इनर रिंग रोड़ बनाने में काफी समय लग रहा है। बुद्धि सुद्धि हवन में मुख्य रूप से श्यामसिंह चाहर सोमबीर यादव मुकेश पाठक लाखन सिंह तोमर अजब सिंह संजय तोमर, रामगोपाल शर्मा रविन्द्र सिंह प्रेम सिंह, राजेन्द्र सिंह, रमेश चंद्र, मुन्नाआदि किसान मौजूद रहे। लाल मुकेश तोमर सतीश तोमर, हरिकेश मनोज, जितेंद्र शिवप्रसाद शुक्ला, कीर्ति राम, भोला फौजदार आदि लोग मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग के संविदाकर्मी व लाइनमैन मीटर रीडरों को किया गया सम्मानित

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। रविवार की दोपहर जनपद मैनपुरी के एक अधिशासी अभियंता ने उन संविदा कर्मी व मीटर रीडरों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिन्होंने कोरोनाकाल में बिना अपनों की परवाह किए विभाग में बेहतर सेवाएं प्रदान की। रविवार की दोपहर जनपद मैनपुरी के विद्युत वितरण खण्ड तृतीय के अधिशाषी अभियंता गुरुचरण लाल भटनागर ने एक पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें उन लोगों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने कोरोनाकाल में बिना अपनों की परवाह किए विभाग में बेहतर सेवाएं प्रदान की। आगे भटनागर ने कहा कि जो लोग विभाग में अपनी लगन और प्रतिष्ठा से कार्य करते है उन लोगों को आगे भी सम्मानित किया जाता रहेगा। जिसके बाद अपने सभी अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने कार्य क्षेत्र में गुणवत्ता व तेजी लाएं। इन लोगों को किया गया सम्मानित उपखण्ड करहल के अंतर्गत सुनील कुमार लाइनमैन व मीटर रीडर विमल कुमार, उपखण्ड बरनाहल के अंतर्गत लाइनमैन दीपचन्द व मीटर रीडर गौरवेंद्र सिंह, उपखंड घिरोर के अंतर्गत मीटर रीडर करन सिंह व लाइनमैन अवनीश कुमार, उपखंड कुरावली के अंतर्गत लाइनमैन रतन सिंह व मीटर रीडर यशवीर को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर अधिशाषी अभियंता तृतीय गुरुचरण लाल भटनागर, उपखण्ड अधिकारी संजीव कुमार, मुन्नीलाल गुप्ता, रजत शुक्ला, दिलीप भारती, अवर अभियंता विशंभर सिंह, मनोज कुमार, प्रवेंद्र कुमार, ए. के. वर्मा, शुभम समेत तमाम संविदाकर्मी व मीटर रीडर मौजूद रहे।

# नजीबाबाद में आरोग्य मेले का आयोजन

» अवनीश त्यागी



बिजनौर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नजीबाबाद पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रमाकांत पांडे जी रहे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय कुमार यादव जी रहे, एसीएमओ डॉक्टर पी आर नयर जी रहे, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर फैज हैदर रहे मेले का उद्घाटन जिलाधिकारी बिजनौर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नजीबाबाद ने फीता काटकर किया मेले में विजन कॉलेज नजीबाबाद और डी एम आर कॉलेज भागूवाला के छात्रों का विशेष योगदान रहा। मेले में गर्भवती महिलाओं की जांचें, गोल्डन कार्ड, कोविड की जांच, मरीजों की जांच की गई। मेले के दौरान डॉक्टर फैज हैदर, डॉक्टर कूनेंन, डॉ रविंदर, डॉक्टर पूनम सोनी, एलटी विजय कुमार, फार्मासिस्ट अनिल कौशिक, अभिषेक त्यागी, विशाल कुमार, आकिब इरशाद, मुकेश, सोहेल अफाक, गुलिस्ता, डीएमआर कॉलेज सेः-लव कुश, अमित सिंह, अभिषेक कुमार, भानु प्रताप, सोनू कुमार, पंकज, अजीत सिंह और विजन कॉलेज से आलिया जबी, सूफिया, गुलनाज, रिजवा अली, तनुप्रिया आदि फामेर्सी के छात्राएं रही ।

# परिजनों से मामूली कहासुनी पर चूमा फांसी का फंदा

**मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी।** जनपद मैनपुरी के एक थाना क्षेत्र एक एक गांव में परिजनों से मामूली कहासुनी हो जाने पर युवती ने फांसी लगा ली। जैसे ही परिजनों को जानकारी हुई तो युवती को फांसी के फंदे से उतारकर आनन - फानन में सीएचसी कुरावली पर भर्ती कराया गया। जहां पर उपस्थिति चिकित्सकों द्वारा युवती को समुचित उपचार दिया गया। बताते चलें कि पूरा मामला जनपद मैनपुरी के थाना कुरावली क्षेत्र के एक गांव का है। जहां की निवासी 20 वर्षीय युवती ने परिजनों से मामूली कहासुनी हो जाने पर फांसी लगा ली। परिजनों को जैसे ही जानकारी हुई तो उन्होंने युवती को फांसी के फंदे से उतारकर आनन फानन में सीएचसी कुरावली पर भर्ती कराया। जहां पर उपस्थिति चिकित्सकों द्वारा युवती को समुचित उपचार दिया गया।

# विधुत चोरों के खिलाफ चला अभियान, विधुत चोरी में कई पकड़े

» अजय सक्सेना

मैनपुरी। जनपद मैनपुरी में अधीक्षण अभियन्ता के निर्देश पर राजस्व बसूली व विधुत चोरी रोकने के लिए टीमों की रवानगी की गयी। जहाँ पर विधुत बकायेदारों के विधुत कनेक्शनों को काटा गया, तथा जो लोग विधुत चोरी करते हुए पाए गए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गयी। बताते चलें कि रविवार को जनपद मैनपुरी में अधीक्षण अभियंता अतुल अग्रवाल के कुशल निर्देशन में राजस्व बसूली के लिए टीमें लगाई गयी। जहाँ पर पूर्व में बकायेदार होने पर उनके कनेक्शन काट दिए गए थे। तत्पश्चात वो लोग अपने घरों में कटिया डालकर बिजली का प्रयोग करते हुए पाए गए। ऐसे लोगों के खिलाफ आज विधुत चोरी के संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया। अवर अभियंता कांकन नारायण सिंह ने टीजी टू रविन्द्र सिंह व लाइनमैनराजकुमार के साथ ग्राम लहराएमनीपुर में पूर्व में बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन को पुनः जुड़ा पाए जाने पर विधुत अधिनियम की धारा 138बी के तहत कल्पना देवी पत्नी ओमप्रकाश, रमेश चन्द्र पुत्र रामचरन, रामचंद्र पुत्र जगराम, सुखदेवी पत्नी भरतसिंह, रामप्रकाश पुत्र दुलारेलाल के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया। इसी तरह करहल उपखंड के अवर अभियंता पंकज कनौजिया ने दस लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। घिरोर उपखंड के कोसमा क्षेत्र के अवर अभियंता अनुज दुबे ने दो लोगों पर विधुत चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया।

# शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। कोतवाली के सामने स्थित शहीद स्मारक पर लोंगो द्वारा श्रद्वाजंलि देकर शहीदो को नमन किया गया। लोंगो ने श्रद्वा सुमन अर्पित कर उनके बलिदान के कभी न भूले जाने वाला बताया। रविवार को कोतवाली के सामने स्थित शहीद स्मारक पर छोटे बच्चों सहित भाजपा, हिन्दू युवा वाहिनी, बजंरग दल के नेताओं द्वारा पुलवामा में शहीद हुये 40 जांवाज सैनिकों को पुपाजंलि अर्पित कर याद किया गया। हिन्दु युवा वाहिनी के सहसयोंजक सुरेन्द्र सिंह चौहान एवं बजरंग दल के जिला संयोजक शिव पाठक उर्फ धन्नू ने शहीदों की याद में कैण्डल जलाये व पुप अर्पित किये। इस मौके पर राजीव पाण्डेय, नवीन सक्सेना, राजेन्द्र सौनी शैलेन्द्र राजपूत, संजूदीक्षित, आा सक्सेना, आस्तेन्द्र गुप्ता, मुके अग्निहोत्री, रूपे दिवाकर, अमन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# एसआई का स्थानांतरण होने पर उन्हें दी गई भावभीनी विदाई

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। ढाई वर्षो तक थाना भोगांव में रहकर कस्वा इस्चार्ज का स्थानातरण होने पर नगर वासियों एवं पुलिस कर्मियों ने एसआई को फूल मालाओं से लादकर भावभीनी विदाई दी।

रविवार को थाना भोगावं में लगभग ढाई वर्षो तक कस्वा इंचार्ज के रूप में काम करने वाले एसआई भूपेन्द्र सिरोही का स्थानातरण थाना एलाऊ हो जाने पर कस्वा वासियों ने थाना पुलिस कर्मियों के साथ फूल मालाओं से लादकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर भावभीनी विदाई दी। प्रभारी निरीक्षक पहुप सिंह ने कहा कि कोविड बंदी के दौरान एसआई सिरोही ने लॉक डाउन में कड़ी मेहनत कर कस्वे को महामारी से बचाने में सराहनीय योगदान दिया था। कस्वा इंचार्ज के रूप में थाना भोगांव में तैनात किये गये ऊदल सिंह ने कहा सिरोही से जानकारी लेकर कस्वे में पहले की तरह अमन ांति बनाये रखने के लिये पूरा पूरा प्रयास करूंगा।

इस मौके पर सुरेन्द्र चौहान, गौतम कठेरिया, राजे पाण्डेय, पूरन चन्द्र शस्त्री, बृजेन्द्र सिंह, रामप्रका वर्मा, कमीर सिंह, गौरव शाक्य, योगे वर्मा, चन्द्र शेखर दुवे व अजय कुमार, जितेन्द्र सिंह, विंभर, उपेन्द्र, विणु, बीएल शर्मा, अजीत, ललित, विनोद, विवेक, प्रमोद, हनीफ खान आदि लोग मौजूद रहे।

# चलो गांव की ओर किसान मजदूर प्रोग्राम में बिल के खिलाफ बोले -त्रिलोक त्यागी

» शकील सैफी



किठौर। राष्ट्रीय लोक दल द्वारा कस्बा में किसान और गरीबों को जागरूक करने के लिए चलो गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में बोलते हुए राष्ट्रीय महासचिव रालोद त्रिलोक त्यागी ने बोलते हुए भाजपा द्वारा लाए गए तीन बिलों के कानून को किसान विरोधी और काला कानून बताया। उन्होंने कहा कि यह कानून किसानों को बहुत पीछे ले जाएगा और यह कानून बिजनेसमैन को फायदा पहुंचाने का काम करेगा। इस प्रोग्राम का संचालन मास्टर शहजाद अली और अध्यक्षता वरिष्ठ नेता यशवीर सिंह ने की और प्रोग्राम के आयोजक रालोद के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पंचायत के किठौर के चेयरमैन मतलूब गौड़ रहे। मेरठ गढ़ रोड पर रोज गार्डन मंडप में राष्ट्रीय लोक दल की चलो गांव की ओर प्रोग्राम का आयोजन किया गया जो राष्ट्रीय लोक दल के सुप्रीमो अजीत सिंह के निर्देश पर क्या जा रहा है इस प्रोग्राम के संयोजक मतलूब गौड़ रहे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोक दल के महासचिव त्रिलोक त्यागी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह काला कानून भाजपा सरकार लेकर आई है वह पूरी तरह से किसान विरोधी है। पंचायत में हजारों किसानों ने भाग लिया और किसान पंचायत को रालोद के राट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, क्षेत्रिय अध्यक्ष चौ0 यशवीर सिंह, युवा रालोद राट्रीय अध्यक्ष वसीम राजा, प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र खजूरी एससीएसटी, क्षेत्रिय महासचिव सोहराब ग्यास, रणवीर दहिया क्षेत्रिय महासचिव, रामकुमार त्यागी प्रदेश महामंत्री, प्रदेश प्रवक्ता सुनिल रोहटा, पूर्व जिलाध्यक्ष राहुलदेव प्रमुख, क्षे0महासचिव शिवकुमार त्यागी, योगेश फौजी सैनिक प्रकोठ अध्यक्ष, अमरन सिरोही, भूपेश चौधरी, प्रधान रहीसुल जैदी, राहुल प्रधान, लेतेश विधूड़ी यूव प0उ0 अध्यक्ष, पूर्व चेयरमेन रिफाकल चौधरी, अक्षय प्रधान, संदीप कुमार, प्यार मौहम्मद, तैयब अली, आरिफ बहरोड़ा, कादिर नम्बरदार, साईम रजा, आमिर गुटिया, शाहनवाज, महबूब अली, वसीम शाहिद युवा नेता, खिजर चौधरी, दिनेश मलिक, दाउद चौधरी, लालू प्रधान, फईम प्रधान, रागिब अली, प्रधान नफीस, नौशाद प्रधान, आदि वरिठ नेता उपस्थित रहे। मंच की अध्यक्षता चौधरी यशवीर सिंह ने की और संचालन युवा नेता मास्टर शहजाद अली ने किया।

# वोट काटे जाने की शिकायत का एसडीएम ने किया निस्तारण

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। एसडीएम ने चुनावी शिकायतों में वोटो को काटे जाने व हेरफेर किये जाने की शिकायतों पर आधा दर्जन गांव में पहुंचकर ग्रामीणो की शिकायते सुनकर उनका निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये हैं। ग्राम वासियों ने बीएलओं पर चुनाव आयोग के निर्दे का पालन नही किये जाने का आरोप लगाते हुये कार्यवाही किये जाने की मांग की है। रविवार को एसडीएम सुधीर ने वोटो को काटे जाने एवं नए मतदाताओं के नाम त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में नही सम्मलित किये जाने के आरोपों के निस्तारण के लिये ग्राम नगला पाठ, द्वारिकापुर, राजपुरकला, लेखराजपुर, महानंदपुर, फतेहपुरगनी कीर्ि कायतों का निस्तारण किये जाने के लिये ग्रामीणों से मुलाकात की। एसडीएम से सभी गावं वालो ने बीएलओं पर सुविधा शुल्क लेकर दबंगो के दवाव में आकर गावं में वर्षो से मतदान करते चले आ रहे लोगो के वोट काटे जाने का आरोप लगाया है। वहीं ग्राम महानंदपुर में बीएलओ पर घर वैठकर ही मतदाता सूची बनाये जाने का आरोप लगाते हुये कहा कि 18 साल की उम्र पूरी कर चुके कुछ युवाओं के नाम व गांव में आने वाली बहुओं के नाम बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में अंकित नही किये गये हैं। गांव वालों ने मतदाता सूची में नाम अंकित किये जाने की मांग की ह। एसडीएम ने सभी गांव के लेखपालो को मतदाताओं की समस्याओं को सुनकर समस्या का निस्तारण कर रिपोर्ट उनके कार्यालय में जमा कराये जाने के निर्दे दिये है।

# एकसिप्स -125 में कौशल विकास गतिविधियों का आयोजन

» विनोद कुमार, चंडीगढ़।

अपने हितधारकों के बीच नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के अपने निरंतर प्रयास में, एकसिप्स -125 ने वर्चुअल मोड पर दो कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए। बेकिंग स्किल्स में प्रतिभागियों को समृद्ध करने एवं बेकरी उद्योग में उपलब्ध अवसरों के बारे में उन्हें जागरूक कर उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से एकसिप्स -125 ने अपने विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए बेकिंग पर एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में उत्साही भागीदारी देखी गई और प्रतिभागियों ने बेकिंग केक, ब्रेड, क्रोइसैन, कुकीज और बिस्कुट में गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कला हमारे विचारों, भावनाओं और इच्छाओं की अभिव्यक्ति होने के साथ साथ हमारे जीवन में प्राप्त अनुभवों को साझा करने का एक रचनात्मक माध्यम भी है ।एक अन्य कार्यक्रम में अपने विद्यार्थियों को महामारी के दौरान अपने निवास स्थान पर रह कर रचनात्मक कौशल में वृद्धि तथा रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न करने के उद्देश्य से, एकसिप्स -125 ने पेपर आर्ट एंड क्राफ्ट पर एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला में उत्साहपूर्वक, बढ़चढ़ कर भाग लिया। उन्होंने इस आयोजन में पेपर क्राफ्ट की कला सीखने के साथ साथ कागज के विभिन्न प्रकार के उपयोगी एवं डेकोरेटिव चीजे भी बनायीं ।

स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती जगजीत सेखों ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान महामारी भी एकसिप्स -125 स्मार्ट स्कूल के समग्र शिक्षा प्रदान करने के मार्ग को रोक नहीं पायी । उन्होंने कहा कि अपने विद्यार्थियों को रचनात्मक रूप से व्यस्त रखने के उद्देश्य से स्कूल द्वारा लॉकडाउन अवधि के दौरान इस तरह के कई कौशल विकास गतिविधियों का आयोजन ऑनलाइन मोड में किया गया। इन ऑनलाइन गतिविधियों ने विद्यार्थियों के कीमती समय के समय का सदुपयोग तो हुआ ही साथ साथ ये उनके ज्ञान क्षितिज को समृद्ध करने भी सहायक रही।



# एमसीएम नेवल कैडेट्स ने एटीसी 224 में लहराया जीत का परचम

» मदरलैंड संवाददाता

मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर वीमेन एक प्रमुख शिक्षण संस्थान जहाँ उत्कृष्टता की संस्कृति पनपती है के एनसीसी नेवल विंग कैडेट्स ने 1 चंडीगढ़ नेवल यूनिट द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण कैंप 224 (एटीसी 224) के दौरान बेस्ट कैडेट्स सहित लगभग सभी पदों पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया ।इस पांच दिवसीय इस शिविर में कॉलेज के 17 नौसैनिक कैडेटों ने भाग लिया और विभिन्न परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगभग सभी शीर्ष स्थान प्राप्त किये ।सभी तीन सर्वश्रेष्ठ कैडेट के पद भी एमसीएम के कैडेटस ने हासिल किये। बेस्ट केडेट्स सीनियर विंग में कैडेट कैप्टन विग्यानी को पहला, तनीषा को दूसरा और रितिका को तीसरा स्थान मिला । सर्विस में भी में कैडेट कैप्टन विग्यानी ने पहला, तनीषा ने दूसरा और रितिका ने तीसरा स्थान प्राप्त कर लगातार जीत का सिलसिला जारी रखा। टग ऑफ वॉर में, कैप्टन पीओसी रोजी और पीओसी अंजलि ने पहला स्थान हासिल किया और कैप्टन एलसी अमनदीप दुसरे स्थान पर रही।

कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ निशा भार्गव ने विजेताओं को उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी ।उन्होंने चरित्र, साहस, अनुशासन, नेतृत्व, खेल कौशल की भावना और युवाओं में निःस्वार्थ सेवा के गुणों के विकास के लिए कॉलेज के एनसीसी नवल विंग के प्रयासों के लिए सराहना की ।मेहरचंद महाजन डीएवी कॉलेज




## संक्षिप्त समाचार

### वतन से मोहब्बत वो इस कदर निभा गये, मोहब्बत के दिन वतन पर जान लुटा गये



मदरलैंड संवाददाता, चण्डीगढ़ : वतन से मोहब्बत वो इस कदर निभा गये, मोहब्बत के दिन वतन पर जान लुटा गये ! इन शब्दों के साथ बापूधाम में समाजसेवी गोपाल अत्री ने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में शहीद हुए जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की । अत्रि के नेतृत्व में रैली भी निकाली गई व मोमबत्ती जलाकर 2 मिनट का मौन रखा गया । मोदी टीम के मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार व अन्य कार्यकर्ता भी यहां उपस्थित रहे ।

### बीजेपी सरकार दलितों के साथ कर रही है अनदेखी: पूर्व डिप्टी मेयर

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़ । शहर के पूर्व डिप्टी मेयर बलराज सिंह ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब से बीजेपी सरकार सत्ता में आई हुई है । तब से दलितों के साथ अनदेखी हो रही है । इस बजट में दलितों के लिए कोई भी अलग से बजट की व्यवस्था नहीं की गई । आज तक जितनी भी सरकारे रही है । उन्होंने दलितों के उत्थान के लिए अलग से व्यवस्था की थी । क्योंकि दलित समाज सदियों से पिछड़ा हुआ समाज है । इनको बराबरी के लिए बजट मे विशेष प्रावधान की आवश्यकता थी । परंतु इस भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इस विषय पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया । इस सरकार ने दलितों कि हर जगह पर अनदेखी की है । डोर टू डोर कूड़ा, कचरा उठाने वाले सफाई कर्मचारियों की मांगों पर भी इस सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया है । वह काफी समय से सर्दी के मौसम में धरने पर बैठे हैं । आज तक इसकी कोई भी सुनवाई नहीं हुई है । नगर निगम में फिलहाल स्ट्रीट बेंडर की एक कमेटी बनाई गई है । जिसमें दलितों में से कोई भी मेंबर नहीं बनाया गया । क्योंकि स्ट्रीट वेंडरों में ज्यादातर दलित समाज से हैं । नगर निगम को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए । एव नगर निगम को दलित समाज में से भी कोई मेंबर बनाना चाहिए ।

### वार्ड नंबर 9 में आयोजित सरस्वती पूजन मे मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचेंगे कई अधिकारी व डॉक्टर्स

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़ । स्वीट्स द्वारा वार्ड नंबर 9 ग्राम दरिया में आयोजित 27वां सरस्वती पूजन समारोह 16 फरवरी को होने वाले आयोजन के बारे में आयोजक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में चंडीगढ़ , पंजाब व हरियाणा के कई अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे । इस दौरान कई पीजीआई के डॉक्टर भी कार्यक्रम मैं मौजूद रहेंगे जिनको चंडीगढ़ स्वीट्स की ओर से सम्मानित किया जाएगा । कार्यक्रम में दरिया के बच्चों द्वारा कई परफॉर्मेंस की जाएंगी जिनमें सरस्वती माता की वंदना पर नृत्य प्रस्तुत करेंगे साथ ही पेट्रियोटिक सॉन्ग पर भी अपनी प्रस्तुति देंगे । आगे जानकारी देते हुए आयोजक चंडीगढ़ विकास महामंच के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान आने वाले सभी मुख्य अतिथियों द्वारा ग्राम दरिया वार्ड नंबर 9 के सैकड़ों बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा ।

### विश्व हिंदू परिषद के सोशल मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा ने साहित्यकार डॉ.विनोद शर्मा को किया सम्मानित



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़ । सुप्रसिद्ध साहित्यकार को निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए डॉ. विनोद शर्मा को भारत माता का चित्र देकर सम्मानित किया । डॉ. विनोद शर्मा पिछले कई वर्षों से साहित्यिक गतिविधियों में सराहनीय योगदान दे रहे हैं । इसके साथ ही वे पत्रकारिता जगत में निष्पक्ष पत्रकारिता के द्वारा जन जन तक खबरों के द्वारा लोगों को जागरुक करते रहते हैं । उनके इन कार्यों को देखते हुए विश्व हिंदू परिषद के सोशल मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा ने डॉ. विनोद शर्मा को भारत माता का चित्र देकर सम्मानित किया । डॉ विनोद शर्मा ने कहा कि वे अपने लेखन कार्य से साहित्य गतिविधियों और पत्रकारिता में अपना योगदान निर्बाध रूप से देते रहेंगे । उन्होंने इस सम्मान के लिए विश्व हिंदू परिषद के सोशल मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा का धन्यवाद किया ।

## मटका फोड़ आंदोलन की तैयारियों को लेकर मेंटेनेंस बूथ सेक्टर 16 में बैठक की, दूसरा प्रदर्शन 18 फरवरी को

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़ । ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन एंड एमसी एम्प्लाईज एंड वर्कर्स के बैनर तले सेनेटरी इंस्टालेशन वर्कर्स यूनियन चंडीगढ़ की और से दूसरे मटका फोड़ आंदोलन की तैयारियों को लेकर मेंटेनेंस बूथ सेक्टर 16 में कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। ज्वाइंट एक्शन कमेटी के आह्वान पर होने वाले क्रमवार मटका फोड़ आंदोलन को कामयाब करने के लिए कर्मचारियों को प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की ।मटका फोड़ प्रदर्शन 18 फरवरी को होगा। कर्मचारियों को संबोधन करते हुए ज्वाइंट एक्शन कमेटी के कन्वीनर अशवनी कुमार और यूनियन के प्रधान कुलदीप सिंह चेयरमैन महिपाल ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को पूरा नही किया जा रहा। इस लिए कर्मचारी डीसी रेट बढ़ाने और अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे है।



## श्रीराव विजय प्रकाश सिंहजी को यूएसए की विद्या धाम ने भारतीय संस्कृति शिरोमणी सम्मान से किया सम्मानित

» मदरलैंड संवाददाता

भारतीय संस्कृति के प्रचार - प्रसार में समर्पित श्रीराव विजय प्रकाश सिंहजी को ह्यूस्टन, यूएसए की विद्या धाम संस्था ने विश्व में भारतीय संस्कृति के प्रति योगदान के लिए 'भारतीय संस्कृति शिरोमणी सम्मान' से सम्मानित किया है। विद्या धाम की संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. सरिता मेहता ने कहा कि श्रीराव विजय प्रकाश सिंहजी को भारतीय संस्कृति शिरोमणी सम्मान से सम्मानित करते हुए उनकी संस्था गौरवान्वित महसूस कर रही है। उन्होंने श्रीराव विजय प्रकाश सिंहजी के उज्जवल भविष्य की कामना भी की।



वही चंडीगढ़ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं साहित्य एवं कला विकास मंच के महासचिव डॉ. विनोद शर्मा ने श्रीराव को इस मौके पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्रीराव विजय प्रकाश सिंहजी भारतीय संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने के लिए लिए सराहनीय कार्य कर रहे हैं। श्रीराव विजय प्रकाश सिंहजी ने धन्यवाद करते हुए डॉ. सरिता मेहता के द्वारा किए जा रहे अमेरिका में भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार की सराहना की।

# 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' योजना लागू करने वाला देश का 13वां राज्य बना पंजाब

**चंडीगढ़।** पंजाब 'एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना लागू करने वाला देश का 13वां राज्य बन गया है। जिसके बाद पंजाब अब ओपन मार्केट से वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए 1516 करोड़ रुपये अतिरिक्त कर्ज लेने का पात्र हो गया है। दरअसल, पंजाब अब उन अन्य 13 राज्यों की सूची में शामिल हो गया है जो इस सुधार की प्रक्रिया को पहले ही पूरा कर चुके हैं।

यह योजना लागू करने वाले राज्यों में आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, तमिलनाडु, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' सिस्टम को सफलतापूर्वक पूरा किए जाने पर इन 13 राज्यों को वित्त मंत्रालय की ओर से 34,956 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कर्ज जुटाने की अनुमति दी गई है। 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' सिस्टम नागरिक केंद्रित एक महत्वपूर्ण सुधार है।

'वन नेशन, वन राशन कार्ड' विशेष रूप से प्रवासी आबादी को सशक्त और खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भर बनाता है, जो अक्सर अपना निवास स्थान बदलती रहती है। इसमें ज्यादातर श्रमिक, दिहाड़ी मजदूर, शहरी गरीब, कबाड़ उठाने वाले, फुटपाथ पर रहने वाले, संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के अस्थायी श्रमिक, घरेलू श्रमिक शामिल हैं। वन नेशन, वन नेशन कार्ड से योग्य लाभार्थियों की पहचान करने के साथ साथ नकली, डुप्लीकेट या अयोग्य कार्ड धारकों की भी पहचान करना आसान हुआ है जिससे इस योजना के दुरुपयोग में कमी आई है और जरूरतमंद को सही से लाभ मिल रहा है।

'वन नेशन, वन राशन कार्ड' योजना की शुरूआत 1 जनवरी 2020 को हुई थी। सरकार का लक्ष्य है कि 31 मार्च 2021 तक देश के सभी राज्यों को वन नेशन वन राशन कार्ड योजना से जोड़ दिया जाए। केंद्र सरकार इस योजना के तहत 81 करोड़ लोगों को कम दामों पर अनाज उपलब्ध करा रही है। देश के कुल 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राष्ट्रीय पोर्टेबिलिटी सुविधा शुरू हो गई है। जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के जरिए राशन की दुकान से 3 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से चावल और दो रुपए प्रति किलो की दर से गेहूं और एक रुपए प्रति किलोग्राम की दर से मोटा अनाज मिलता है।



# लुधियाना में कांग्रेस विधायक संजय तलवाड़ का फेसबुक पेज बना वायरल किए जाली वीडियो

**लुधियाना।** पंजाब में कांग्रेस विधायक के नाम से फर्जी फेसबुक पेज तैयार करके किसी ने उस पर विधायक के जाली वीडियो बना कर वायरल कर दिए। यही नहीं, विधायक के दफ्तर के बाहर चिट्ठी भी फेंकी गई, जिसमें और वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए 50 लाख रुपये की मांग की गई है।

अब थाना टिब्बा पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ आइटी एक्ट व अन्य आपराधिक धाराओं के तहत केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। एएसआइ बलदेव राज ने बताया कि उक्त केस हरगोबिंद नगर स्थित राम नगर रोड निवासी लुधियाना पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय तलवाड़ की शिकायत पर दर्ज किया गया।

पुलिस को दिए बयान में उन्होंने बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनके मान सम्मान को ठेस पहुंचाना चाहता है। उसने विधायक के नाम से फेसबुक पर फर्जी पेज तैयार किया। उनकी शान के खिलाफ जाली वीडियो बना कर उसे फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। शनिवार उनके टिब्बा रोड मेन रोड स्थित दफ्तर के बाहर उन्हें एक चिट्ठी पड़ी मिली, जिस पर लिखा था कि अगर उन्हें जल्द से जल्द 50 लाख रुपये न दिए गए तो वो उनके और भी जाली वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर देंगे। बलदेव राज ने बताया कि पुलिस चिट्ठी भेजने वाले और फेंकने वाले का पता लगा रही है। उसका पता लगाने के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की जा रही है। जल्दी ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




# लुधियाना में कारपोरेट जगत ने सरकारी स्कूलों की बदली तस्वीर

**लुधियाना।** औद्योगिक नगरी लुधियाना जहां इंडस्ट्रीयल ग्रोथ के लिए पंजाब नहीं बल्कि पूरे विश्व में जाना जाता है, वहीं अब शहर के शिक्षा के स्तर को उंचा उठाने के लिए भी शहर के बड़े कारोपरेट घराने जुट गए हैं। इसको लेकर कंफरडेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआइआइ) की ओर से पहल कर शहर के कई सरकारी स्कूलों का कायाकल्प किया जा रहा है।

इस प्रोजेक्ट पर काम करते हुए अभी तक नौ स्कूलों को अपग्रेड किया जा चुका है। जबकि संगठन का लक्ष्य लुधियाना से सभी सरकारी स्कूलों को अपग्रेड करने का है। इसके लिए नामी कंपनियां तेजी से आगे आ रही है और कई कारपोरेट घरानों ने बकायदा इस काम के लिए बजट भी तय कर दिए हैं। इसके लिए शहर के उन स्कूलों को अडाप्ट किया जा रहा है, जहां पर स्थिति बेहद बद्तर है और गांव के बच्चे पढ़कर आगे बढ़ना चाहते हैं।

**भवन निर्माण एवं फर्नीचर पर फोकस**

कारपोरेट जगत की ओर से सरकारी स्कूलों के करवाए जा रहे कायाकल्प में ऐसे स्कूलों को चुना जा रहा है, जहां पर बच्चों को बिल्डिंग के साथ साथ बेसिक जरूरते हैं। इसमें स्कूल में भवन निर्माण पर सबसे अधिक ध्यान दिया जा रहा है। कई स्कूलों में छतों की मरम्मत के साथ साथ फर्श डलवाने से लेकर टायलेट और लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही कई स्कूलों में फर्नीचर, आर ओ प्यूरीफायर और कंप्यूटर लैब बनाई गई हैं।

**शिक्षा से ही बेहतर होगा देश का भविष्य**

एवन साइकिल लिमिटेड के सीएमडी ओंकार सिंह पाहवा के मुताबिक बिना शिक्षा के तरक्की संभव नहीं। सरकारी स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर होने से बच्चों का पढ़ाई मे मन लगेंगा और वे देश का अच्छा भविष्य बनेंगे। उनकी कंपनी शिक्षा के विस्तार के लिए आगे भी हर संभव सहयोग देती रहेगी। सीआइआइ लुधियाना जोन वाइस चेयरमैन अशप्रीत सिंह साहनी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट के लिए सभी कंपनियां बढ़ चढ़कर भाग ले रही है। पांच करोड़ रुपए से अधिक राशि इस काम पर लगाई जा चुकी है और आने वाले समय में भी इस प्रोजेक्ट को जारी रखा जाएगा।

## नवदीप कौर की 'अवैध हिरासत' पर हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार से जवाब मांगा



**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने कहा है कि श्रमिक प्रदर्शनकारी नवदीप कौर की 'अवैध हिरासत' को लेकर 6 और 8 फरवरी को दाखिल की गई शिकायत का वह संज्ञान ले रहा है।

नवदीप कौर के मामले में हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को नोटिस भेज कर कौर के खिलाफ दर्ज शिकायत के बारे में हरियाणा सरकार से जानकारी मांगी है। नवदीप कौर को 12 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था, जब वह अन्य मजदूरों के साथ कुंडली में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुई थी। आरोप है कि हिरासत में उसका यौन उत्पीड़न भी किया गया।

नवदीप कौर को उनके खिलाफ दर्ज तीन मामलों में से एक में जमानत गुरुवार को मिल गई थी, लेकिन एक अन्य मामले में स्थानीय अदालत ने जमानत की अर्जी खारिज की। तीसरे मामले में सोमवार को सुनवाई होगी। नवदीप कौर की गिरफ्तारी का नेताओं ने विरोध किया है।

## पंजाब में पाकिस्तान सीमा पर 14.8 किलोग्राम हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब में पाकिस्तान सीमा पर एनसीबी ने बीएसएफ के साथ मिलकर संयुक्त ऑपरेशन में एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया। उसके पास से 14.8 किलोग्राम हेरोइन, एक मैगजीन और 9 एमएम के 6 कारतूस बरामद हुए हैं। एनसीबी के मुताबिक उनकी टीम को एक खुफिया जानकारी मिली थी। पिछले दो महीनों से एनसीबी अमृतसर के पास पाकिस्तान बॉर्डर पर नजर रखे हुए थी। 12-13 फरवरी की रात में एनसीबी और सीमा सुरक्षा बल द्वारा एक खुफिया सूचना के बाद ज्वाइंट ऑपेरशन किया गया।

बीएसएफ और एनसीबी अमृतसर के अधिकारियों द्वारा बीएसएफ की खलरा चौकी के पास नाकेबंदी की गई। रात करीब 2:30 बजे ज्वाइंट टीम ने सीमा पार से तस्करों की हलचल महसूस की। कुछ संदिग्ध लोगों को बॉर्डर पार पाकिस्तान से आते हुए देखा गया। टीम की तरफ से उन्हें सरेंडर करने की चेतावनी दी गई। लेकिन जब बॉर्डर पार कर रहा एक शख्स नहीं माना तो बीएसएफ ने फायरिंग कर दी। इसमें घुसपैठिया ढेर हो गया। मौके से चौदह अलग-अलग पैकेटों में पैक 14.8 किलोग्राम हेरोइन के साथ एक पाकिस्तानी नागरिक का शव मिला। साथ ही हथियार और कारतूस बरामद हुए।

पंजाब बॉर्डर पर कई जगह एक लंबा पीवीसी पाइप बरामद हुआ है, जिसका एक सिरा पाकिस्तान में और मुंह भारत सीमा में खुलता है। उसका इस्तेमाल ड्रग तस्करी में होता है। यह पाकिस्तानी ड्रग तस्करों के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने और रात के दौरान कांटेदार तार की बाड़ तक पहुंचने और फिर भारतीय सीमा की ओर पीवीसी पाइप के माध्यम से हेरोइन पैकेट को आगे बढ़ाने का एक तरीका है।

## 62 दिन में 20 करोड़ रुपये की कमाई, VIP नंबरों की आनलाइन नीलामी से पंजाब में भर रहा खजाना

**चंडीगढ़।** वाहनों के वीआइपी नंबर लेने का पंजाबियों में बहुत क्रेज है। दस लाख की गाड़ी के लिए कभी-कभी सिर्फ नंबर लेने को 15-15 लाख रुपये खर्च करने से भी ये गुरेज नहीं करते। पंजाब का परिवहन विभाग वीआइपी नंबरों की नीलामी करता है। पहले नंबरों की नीलामी में हेराफेरी से विभाग को काफी चपत लगती थी। विभाग अब वीआइपी नंबरों की आनलाइन नीलामी कर रहा है। इससे हेराफेरी पर लगाम लग गई गई है।

आनलाइन नीलामी का ही कमाल है कि विभाग ने वर्तमान वित्त वर्ष 2020-21 में अब तक दिसंबर और जनवरी में यानी 62 दिनों में वीआइपी नंबरों की नीलामी से 20 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। इससे पहले लाकडाउन के कारण नीलामी का काम बाधित था। विभाग को वित्तीय वर्ष 2019-20 में सिर्फ 35 करोड़ रुपये की कमाई इससे हुई थी। परिवहन विभाग वीआइपी नंबरों की आरक्षित कीमत तय करता था। नीलामी में भाग लेने के लिए बोलीदाताओं को एक निश्चित राशि जमा करनी पड़ती थी। खेल यहीं से शुरू होता था। बोलीदाता अपने किसी नजदीकी के जरिये उस नंबर की बोली तब तक बढ़ाता रहता था, जब तक अन्य लोग बोली से बाहर नहीं हो जाते थे। नंबर उसे मिल जाता था। इसकी कीमत अदा करने के लिए बोलीदाता को परिवहन विभाग कुछ समय दे देता था, ताकि वह राशि जमा करवा सके। कुछ समय बाद ही बोलीदाता उस नंबर को लेने से मना कर देता था। ऐसे में प्राविधान के मुताबिक संबंधित नंबर जिला परिवहन अधिकारी के पास चला जाता था। मिलीभगत करके वह उस नंबर को आरक्षित कीमत पर पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उक्त बोलीदाता को आवंटित कर देता था। इससे विभाग को हजारों और कभी-कभी लाखों रुपयों की चपत लग जाती थी। विभाग अपने पोर्टल पर वीआइपी नंबरों की सूची जारी करता है, जिसमें उसकी आरक्षित कीमत लिखी होती है। रविवार से लेकर मंगलवार तक कोई भी बोलीदाता नंबर लेने के लिए एक हजार रुपये देकर खुद को रजिस्टर्ड करवा सकता है। यह राशि नान रिफंडेबल है। नंबर की नीलामी बुधवार और वीरवार को होती है। जिस व्यक्ति को नंबर आवंटित हो जाता है, उसे दो दिन के अंदर निर्धारित राशि जमा करवानी होती है।

# पाक को सबक



सिद्धार्थ शंकर

भारत के इतिहास में 14 फरवरी की तारीख जम्मू कश्मीर की एक दुखद घटना के साथ दर्ज है। आतंकियों ने दो साल पहले देश के सुरक्षाकर्मियों पर कायराना हमला किया था। इस हमले में 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी ने विस्फोटकों से लदे वाहन से सीआरपीएफ जवानों की बस को टक्कर मार दी थी। इस टक्कर के बाद एक जोरदार धमाका हुआ और बस से जा रहे सीआरपीएफ के जवानों के क्षत विक्षत शरीर जमीन पर बिखर गए थे। हमले को अंजाम देने वाले आदिल, कारी यासिर, सज्जाद भट्ट, उमर फारूक, मुदसिर अहमद खान आदि सभी मारे जा चुके हैं। हमले के 12 दिन बाद भारत ने पाक में एयर स्ट्राइक कर जवानों की शहादत का बदला लिया था। आजाद भारत में यह शायद पहला मौका था, जब पाकिस्तान पर भारत की कार्रवाई का लगभग पूरी दुनिया ने समर्थन किया था। आज पुलवामा हमले को पूरे दो साल हो गए हैं। इन दो साल में पाकिस्तान अपनी आतंक परस्त नीति को लेकर बेपर्दा हुआ है। शुरू में तो हमेशा की तरह पाकिस्तान ने हमले में हाथ होने से इनकार किया। भारत ने सख्त चेतावनी दी, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने पाकिस्तान को चेताया कि वह अपनी धरती पर मौजूद आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई करे। अमेरिका-फ्रांस सहित दुनिया के अधिकतर देशों ने इस हमले की कड़ी निंदा की। रूस के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को शोक संदेश भेजा। चीन ने घटना की निंदा जरूर की, लेकिन जैश सरगना मसूद अजहर पर अपना रवैया नहीं बदला। हालांकि, बाद में पाकिस्तान के एक मंत्री ने संसद में स्वीकार किया कि पुलवामा हमला हमने ही कराया है। इस बयान की पूरी दुनिया में निंदा की गई। जैसे-तैसे पाक ने इस बयान पर डैमेज कंट्रोल किया, मगर तक तक उसकी सच्चाई सामने आ चुकी थी। पाकिस्तान भले ही पुलवामा हमले पर चुप रहे, मगर भारत समेत कई देश यह जानते हैं कि साजिश किसकी थी। जो भी हो, पुलवामा के बाद सरकार ने सेना को फ्री हैंड दे रखा है। भारत में आतंक फैलाने के इरादे से आने वाले दहशतगर्दों को जवान दोजख में पहुंचाने का काम कर रहे हैं। भारत हमेशा से ही अमन-प्रिय देश रहा है। दूसरों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना और बेवजह युद्ध जैसे हालात उत्पन्न करने की हमारी कभी मंशा नहीं रही है। इसीलिए हम भारत-पाक संबंधों में हर बार आने वाली तल्खी को बातचीत के जरिए सुलझाने के पक्षधर रहे हैं लेकिन हमसाया मुल्क ने इसको हमारी कमजोरी मानने की भूल की। यही वजह है कि 2016 में पहले पठानकोट और फिर उरी में हुए हमले के बाद सरकार ने अपनी नीति में स्पष्ट बदलाव किया। तब भारत सरकार ने पहले से चेतावनी देकर कहा कि हम उरी हमले का बदला लेंगे और घुसकर मारेंगे। और भारत ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक कर ऐसा कर दिखाया। दोनों बार पाकिस्तान की सेना फुल अलर्ट पर थी क्योंकि हमने पहले से ही बदला लेने की चेतावनी दे दी थी। सरहद के दोनों तरफ हलचल बढ़ी हुई थी। इसके बावजूद दोनों बार महज 12 दिनों के अंदर भारतीय सेना के जवान गए और स्ट्राइक करके आ गए। भारत ने पाकिस्तान को जो सबक सिखाया है, उससे भी वह सुधरा नहीं है। समय-समय पर सीमा पर आतंकियों के साथ जवानों की मुठभेड़ इसकी गवाह है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से इमरान खान कहते रहे हैं कि यह बदला पाकिस्तान है और तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है। अगर ऐसा है तो इमरान खान को अपनी बात सही करनी होगी और भारत ने जो सबक सिखाया है, उसे याद रखेगा और नहीं रखेगा तो भारत उसे याद दिलाने के लिए बैठा ही है।



# एक अश्लील प्रकाशक का जाना!

भाषायी मीडिया बड़ी सतवंती, शुचिताप्रिय है। इसीलिये उसने रतिक्रिया दशार्नेवाली बहुप्रसारित अमरीकी पत्रिका ''हस्लर'' के अरबपति मालिक लारी क्लेयर फ्लिन्ट के गत बुधवार को हुये निधन के शोक समाचार को नहीं छापा। शायद लाज के मारे। फिल्म सिटी लास एंजेलिस में फ्लिन्ट की मृत्यु हुयी, अस्सी के पास थे। ''विश्व मीडिया स्वतंत्रता'' के व ह महाबली बांकुरे थे। अपने घोर प्रतिस्पर्धी पचास करोड़ डालरवाली कामुक पत्रिका ''प्लेबाय'' के स्वामी 'ू ग हेफनर से कहीं ज्यादा धनी फ्लिंट थें। दोनों ख्यात या कुख्यात अमेरिकी मीडिया मुगल दुनियाभर के तरुण और प्रौढ़जनों को उत्तेजित तथा तरंगित करते रहे। संपत्ति अकूत बटोर ली। फ्लिंट ने जब ''हस्लर'' का पहला अंक प्रकाशित किया था तो नारी के गुप्तांगों की फोटो कवर पृष्ठ पर मुद्रित की थी। भारत में होता तो सुधि पाठक इस पत्रिका का दहन कर कर डालते। अमेरिका उन्मुक्त समाज है। माहौल दीगर है। पांच बार शादी रचानेवाले, पांच संतानों के पिता फ्लिंट क्लास नौवीं फेल थे। घर से पन्द्रह साल की आयु में भागकर अमेरिकी नौ सेना, शराब की तस्करी और अश्लील चित्रों की बिक्री इत्यादि करते थे। अपनी विधवा मां के रेस्त्रा को मुनाफेवाला बनाकर उन्होंने लाखों डालर कमाया। तब पत्रिका शुरू की। एक फोटोग्राफर ने राष्ट्रपति जान कैनेडी की विधवा जैकलीन कैनेडी को सागर में (1971) नहाते समय निर्वस्त्र तस्वीरें लेकर फ्लिंट को बेची। उसे प्रकाशित कर उसने अरबों डालर कमाये। फिर पलट कर नहीं देखा। राजनीति में फ्लिन्ट ने डेमोक्रेटिक पार्टी के बिल क्लिन्टन के चुनाव में सक्रिय अभियान किया था। स्वयं उसने 1984 में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति के टिकट पाने के लिये प्रयत्नशील था। जान कैनेडी के हत्यारे को पकड़ने के लिये फ्लिंट ने दस लाख डालर (सत्तर लाख रुपये) के पुरस्कार की घोषणा की थी। अश्लील पत्रिका का प्रकाशक हो तथा मुकदमों और जेल से दूर हो ? यह तो असंभव ही है। उसका दावा था कि अमेरिकी गणराज्य के संविधान के प्रथम संशोधन (1791) को पारित कर प्रेस की आजादी को पूर्णतया सुरक्षित किया गया था। अतः वह उसी अधिकार का संरक्षण और उपयोग करता रहा था। फ्लिंट पर एक फिल्म (1996) भी बनी थी : ''जनता बनाम फ्लिंट''। इस पर नारी अधिकारों की अभियानकर्ता ग्लोरिया स्टीनेम ने कहा : ''एक अश्लील तथा लज्जाहीन संपादक को हीरो जैसा दशार्ना सभ्य समाज की अवमानना है।'' एक बार सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपराधी घोषित किये जाने पर उसने प्रधान न्यायाधीश की जननी और नानी को शाब्दिक तोहफे फ्लिंट ने पेश किये थे। फ्लिंट के शत्रु असंख्य थे। एक बार एक नाराज पाठक जोसेफ पाल फ्रैंकलिन ने उसकी कमर पर कई गोलियां बरसायी। नतीजन फ्लिंट कमर से एड़ी तक घायल हो गये। दोनों पैर सुन्न हो गये, लुंजपुंज हो गये। तब से पहियेवाली कुर्सी पर ही चलते थे। अमेरिकी मीडिया इतिहास में इस रंगीन और फितरती प्रकाशक को कई लोग याद रखते है। कई नफरत से, तो कुछ उसे बहादुर मानते हैं। पर कोई भूल नहीं सकता।

**के. विक्रम राव**

# संपादकीय

## भक्तों की सहायता करते हैं ईश्वर



ईश्वर को हम भले ही न देख पाएं लेकिन ईश्वर हर क्षण हमें देख रहा होता है। उसकी दृष्टि हमेशा अपने भक्तों एवं सद्व्यक्तियों पर रहती है। अगर आप गौर करेंगे तो पाएंगे कि जीवन में कभी न कभी कठिन समय में ईश्वर स्वयं आकर आपकी सहायता कर चुके हैं। उस कठिन समय में आपके अंदर भक्ति की भावना उमड़ रही होगी और आप ईश्वर को याद कर रहे होंगे। शास्त्र कहता है कि ईश्वर के लिए संसार का हर जीव उसकी संतान के समान है। जो व्यक्ति उसके बनाये नियमों का पालन करते हुए जीवन यापन करता है ईश्वर उसकी सहायता अवश्य करते हैं। गजराज की कहानी आपने जरूर सुनी या पढ़ी होगी। नदी में गजराज को मगरमच्छ ने पकड़ लिया। इस कठिन समय में गजराज ने भगवान को पुकारा और भगवान विष्णु प्रकट हो गये। भगवान ने अपने चक्र से मगरमच्छ का सिर काट दिया और गजराज के प्राण की रक्षा की। सूरदास जी के जीवन की भी एक ऐसी ही कथा है। सूरदास जी देख नहीं सकते थे। एक बार गलती से एक गड्ढे में गिर गये। गड्ढे से निकलने का काफी प्रयास करने पर भी वह बाहर निकलने में असफल रहे। इस स्थिति में सूरदास जी ने गोपाल को पुकारा। भगवान श्री कृष्ण बालक रूप में पहुंच गये और सूरदास जी को गड्ढे से बाहर निकाला। मीरा के प्राण की रक्षा के लिए भगवान ने मीरा को मारने के लिए भेजे गये विष को प्रभावहीन कर दिया। बघेलखण्ड के बान्धवगढ़ में रहने वाले सेन नामक नाई की भी भगवान ने सहायता की और बघेलखंड का राजा सेन नाई का भक्त बन गया। यह घटना पांच छः सौ साल पुरानी है। सेन नाई राजा की सेवा करता था। इसका काम प्रतिदिन राजा की हजामत बनाना और तेल मालिश करके स्नान कराना था। एक दिन सेन नाई जब राजमहल की ओर चला तब रास्ते में संतों की टोली मिल गयी। नाई उन्हें लेकर घर आ गया और उनकी खूब सेवा की। संतों के साथ बैठकर संत्संग में भाग लिया। राजा के स्नान करने का समय बीता जा रहा था। नाई के नहीं आने से राजा क्रोधित हो रहे थे। इसी समय भगवान स्वयं सेन नाई का वेष धारणकर राजा की सेवा में पहुंच गये। नई बने भगवान की सेवा से राजा का क्रोध दूर हो गया और मन हर्षित हो गया। सत्संग समाप्त होने के बाद सेन नाई को याद आया कि राजा की सेवा में देरी हो गयी है। हजामत का सामान लेकर डरता हुआ सेन नाई राजमहल में पहुंचा। राजा को देर से आने का कारण बताने लगा। इस पर राजा ने कहा कि तुम तो मेरी हजामत बना चुके हो। आज तुम्हारी सेवा से मैं अत्यंत प्रसन्न हूं। नाई समझ गया कि आज उसके कारण भगवान को नाई बनना पड़ा। इससे नाई को बड़ा अफसोस हुआ। राजा को जब इस बात का ज्ञान हुआ कि नाई की भक्ति की लाज रखने के लिए भगवान स्वयं आज नाई बनकर आये थे। राजा नाई की भक्त बन गया और उसे अपना गुरू मान लिया। ऐसी कई घटनाएं हैं जो ईश्वर के अस्तित्व और उसकी सहायता का प्रमाण देते हैं। इसलिए कभी भी खुद को बेसहारा नहीं समझना चाहिए। ईश्वर पर आस्था रखने वालों की ईश्वर सदैव सहायता करते हैं।

# श्रीलक्ष्मणजी और उर्मिलाजी द्वारा सेवा भाव



डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता

> जौं हठ करहु प्रेम बस बामा। तौ
> तुम्ह दुखु पाउब परिनामा।।
> काननु कठिन भयकरु भारी।
> घोर धामु हिम बारि बयारी।।
>
> पितृगृह कबहुँ कबहुँ ससुरारी।
> रहेहुँ जहाँ रुचि होई तुम्हारी।।
> एहि बिधि करेहु उपाय कदंवा।
> फिरइ त होइ प्रान अवलंबा।।
>
> उठे लखनु प्रभु सोवत जानी।
> कहि सचिवहि सोवन मृदु बानी।।
> कछुक दूरि सजि बान सरासन।
> जागन बैठि बीरासन।।

श्रीरामकथाओं में श्रीलक्ष्मणजी का एवं उनकी पत्नी उर्मिलाजी का चरित्र अद्वितीय एवं अनुपम है। श्रीरामकथाओं में उर्मिलाजी के चरित्र का वर्णन लगभग नहीं के बराबर है। उर्मिलाजी का संवाद रामायण के किसी भी पात्र से प्रत्यक्ष दिखाई नहीं देता है। इसके उपरान्त भी उर्मिलाजी का मौन रहना ही उनके चरित्र का पूरा-पूरा वर्णन कर देता है। अनेक कवियों ने उर्मिलाजी के दुःख को समझा तथा उसका अपूर्व वर्णन अपनी कविताओं के माध्मय से किया है। उर्मिलाजी का चरित्र त्याग की कठोर चौदह वर्ष की तपस्या है। वे एक भारतीय सच्ची पतिव्रता नारी है। लक्ष्मणजी के वन में जाने का सुनकर उन्होंने उनके साथ वन में जाने का हठ नहीं किया। जबकि सीताजी ने श्रीराम के समझाने के बाद भी वन में जाने हेतु हठ किया-

जौं हठ करहु प्रेम बस बामा। तौ तुम्ह दुखु पाउब परिनामा।।

काननु कठिन भयकरु भारी। घोर धामु हिम बारि बयारी।।

श्रीरामचरितमानस अयो. ६२-२

हे वामा (सीता)! यदि प्रेमवश हठ करोगी तो तुम परिणाम में दुःख पाओगी। वन का जीवन बड़ा कठिन (दुःखदायी) और भयानक है। वहाँ की धूप, जाड़ा, वर्षा और हवा सभी बड़े भयानक है। श्रीराम द्वारा इतना सब कुछ कहने के बाद भी सीताजी ने हठ नहीं छोड़ा तथा वन में श्रीराम के साथ गई। सीताजी के हठ को श्रीराम को मानना पड़ा क्योंकि श्रीराम जानते थे कि सीताजी के वन में साथ जाने के बाद ही राक्षसों का तथा रावण का वध सम्भव होगा। ससुर दशरथजी ने भी मन्त्री सुमन्त्रजी के द्वारा सीताजी को वन में न जाने का सन्देश भेजा था-

पितृगृह कबहुँ कबहुँ ससुरारी। रहेहुँ जहाँ रुचि होई तुम्हारी।।

एहि बिधि करेहु उपाय कदंवा। फिरइ त होइ प्रान अवलंबा।।

श्रीरामचरितमानस अयो. ८२-३

कभी पिता (जनकजी) के घर कभी ससुराल, जहाँ तुम्हारी इच्छा हो वहाँ रहना। इस प्रकार बहुत से उपाय करना। यदि सीताजी लौट आई तो मेरे प्राणों को सहारा हो जाएगा। श्रीराम ने भी लोक शिक्षा, पतिव्रता के परम आदर्श की स्थापना और पत्नी के प्रति कर्तव्य के आदर्श समाज में शिक्षा के लिए सुमन्त्रजी ने राजा दशरथजी का सन्देश सुनाया किन्तु विधि का विधान कुछ और ही था। वास्तव में श्रीराम वन में सीताजी को ले जाना ही चाहते थे क्योंकि उनके वन में गए बिना रावण अपराधी नहीं बनता और ऐसे हुए बिना उसकी मृत्यु असम्भव थी क्योंकि श्रीराम का अवतार इस हेतु ही हुआ था। श्रीसीताजी साक्षात जगन्नायिका और श्रीराम सच्चिदानन्दन जगदीश्वर थे। माता सीताजी भी भला उनसे अलग कैसे रह सकती थी? लक्ष्मणजी के समक्ष उर्मिलाजी ने वन में उनके साथ जाने के हठ का कहीं वर्णन प्राप्त नहीं है। उर्मिलाजी सीताजी की छोटी बहिन थी, परम पतिव्रता थी। बड़ी बहिन सीताजी जैसे ही अपने स्वामी (पति) श्रीराम में अनुरक्ता और सेवा व्रतधारिणी थी वैसे ही उर्मिला भी सीता के पद चिन्हों पर चलने वाली कर्तव्यपरायणा एवं पतिव्रता स्त्री थी। उर्मिलाजी भी सीताजी की भाँति ही लक्ष्मणजी के साथ जाने के लिए प्रेमाग्रह कर सकती थी किन्तु उनके अयोध्या में रहने से श्रीरामजी के क्रियाकलापों में सुविधा थी, जिसमें सेवक बनकर रहना उनके पति का एक मात्र लक्ष्य और धर्म था। इसमें उर्मिलाजी पूर्ण सहमत तथा सहायिका थी। ऐसा कई श्रीरामकथाओं में वर्णन प्राप्त होता है कि इन्द्रजित मेघनाद को वरदान प्राप्त था कि जो महापुरुष चौदह वर्ष लगातार कुछ भी नहीं खायेगा, इतने ही वर्ष निद्रा का त्याग और अखण्ड ब्रह्मचर्यव्रत का पालन करेगा। उसी के हाथों से मेघनाद का वध होगा। बंगला कृतिवास रामायण में लक्ष्मणजी के लिए चौदह वर्ष नींद-नारी-अनाहारी होने से मेघनाद के वध का यह रहस्य बड़े ही विस्तारपूर्वक उत्तरकाण्ड में दिया गया है। इन तीनों बातों का रहस्य भी श्रीराम के राज्याभिषेक उपरान्त उन्हें भी ज्ञात हुआ है। जिस प्रकार रावण-वध में कारण बनने के लिए सीताजी का श्रीराम की लीला में सहयोगी बनकर वन में जाना नितान्त आवश्यक था, वैसे ही लक्ष्मणजी का भी श्रीराम जी की लीला में सम्मिलित होने के लिए ये तीन महाव्रत चौदह वर्ष नींद नहीं लेना, अनाहारी होना एवं अखण्ड ब्रह्मचर्य व्रत पालन करने से ही मेघनाद वध के लिए वन में जाना आवश्यक था। वैसे ही उर्मिलाजी को भी श्रीराम की लीला को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए ही जो व्रत था। वह उर्मिलाजी को अयोध्या (घर) में रहना आवश्यक था। यदि उर्मिलाजी लक्ष्मणजी के साथ वन को जाती तो इस महाव्रत का पालन कठिन था तथा मेघनाद का वध अत्यन्त ही कठिन था। कुछ लोगों का मत है कि लक्ष्मणजी बड़े निष्ठुर थे। श्रीराम तो सीताजी को वन में साथ ले गए, किन्तु लक्ष्मणजी ने वन गमन के पूर्व अपनी पत्नी उर्मिला से वातार्लप भी नहीं किया। गम्भीरतापूर्वक इस प्रसंग पर विचार किया जाए तो लक्ष्मणजी एवं उनकी पत्नी उर्मिलाजी का एक ही धर्म श्रीराम कीसेवा करना था। लक्ष्मणजी उर्मिलाजी के स्वभाव को अच्छी तरह जानते थे कि वह पतिव्रता है, उसे पति के प्रसन्न रहने और श्रीराम की सेवा में रत रहना चाहते हैं। अतः उन्होंने लक्ष्मणजी के साथ वन में जने हेतु कभी भी दुराग्रह नहीं किया। माता सुमित्रा और उर्मिला धर्मपरायणा वीरांगनाएँ हैं जिन्होंने प्रसन्नतापूर्वक लक्ष्मणजी के वनगमन के मार्ग में बाधाएँ खड़ी नहीं की। श्रीरामकथाओं में अवश्य ही उर्मिला लक्ष्मणजी के वनगमन पर कुछ नहीं बोली किन्तु वहाँ न तो बोलने का अवकाश था और न ही धर्म नित्य हार्दिक सम्मति होने के कारण बोलने की आवश्यकता ही थी न मयार्दा ही। ऐसी आज्ञा देती थी। संसार में देखा जाए तो सेवा धर्म में तत्पर निःस्वार्थ सेवक को तत्काल करने योग्य प्रबल मनचाहा सेवाकार्य सामने आ पड़ने पर सलाह-परामर्श के लिए न तो अवकाश होता है और न ही उसकी सहधर्मिणी पत्नी भी इसमें दुःख मानती है, क्योंकि वह अपने पति की मनोदशा से भलिभाँति परिचित होती है।


अतः वह पति के प्रत्येक कार्य को स्वीकार कर अनुमोदन कर देती है। लक्ष्मणजी के श्रीराम की सेवाभाव के कार्य पर विचार करें तो देखते हैं कि सेवक सदा परतन्त्र होता है। स्वामी श्रीराम तो स्वतन्त्र थे वे अपने साथ सीताजी को ले गए, परन्तु परतन्त्र सेवा परायण लक्ष्मणजी यदि उर्मिला को साथ ले जाना चाहते तो यह अनुचित सिद्ध होता क्योंकि लक्ष्मणजी को श्रीरामजी की सम्मति उर्मिला को साथ ले जाने की लेना होती। श्रीरामजी उर्मिला को वन में सीताजी के साथ ले जाने पर आपत्ति कर देते। यह बात सर्वमान्य है कि जो कार्य स्वामी की रुचि के प्रतिकूल हो उसको उसे एक सच्चे सेवक को कभी भी नहीं करना चाहिए। उर्मिला परम पवित्र पतिव्रता थी वह बात लक्ष्मणजी अच्छी तरह जानते थे। अतः लक्ष्मणजी ने उनकी (उर्मिला की) मौन स्वीकृति वन में साथ न जाने की बात मान ली। उर्मिलाजी जानती थी कि वह यदि लक्ष्मणजी के साथ वन जाएगी तो उसके पति को एक नहीं दो स्त्रियों की देखभाल व रक्षा का भार बढ़ जाएगा। अतः उसका वन न जाना ही उचित था। एक सच्चा सेवक कभी भी अपने स्वामी को संकोच में नहीं डालता है यह बात उर्मिलाजी तथा लक्ष्मणजी भलिभाँति जानते थे। इस कारण लक्ष्मणजी ने उर्मिला जी को वन में साथ ले जाना चाहा ही नहीं। श्रीराम के वनवास काल चौदह वर्ष में लक्ष्मणजी ने कठोर व्रतों का पालन किया। वे दिन रात श्रीराम एवं सीताजी के पास रहते थे। कंद-मूल फल लाकर देना, पूजा की सामग्री लाना, आश्रम की साफ-सफाई, यज्ञ की वेदिका पर चौका लगाना, सीताजी की रुचि के अनुसार उनकी हर प्रकार की सेवा करना और चौबीस घण्टे सजग रहकर वीरासन से बैठे रहना, श्रीराम में मन लगाए, रामनाम जपते हुए पहरा देना उनका चौदह वर्ष तक कार्य रहा। वे अपने कार्य को पूजा मानकर सदा तत्पर रहते थे।

सयन कीन्ह रघुबंसमनि पाय लोटत भाइ।।

उठे लखनु प्रभु सोवत जानी। कहि सचिवहि सोवन मृदु बानी।।

कछुक दूरि सजि बान सरासन। जागन बैठि बीरासन।।

श्रीरामचरितमानस अयो. ९०-९०-१



# अवैध शराब कारोबारियों की दिल दहलाने वाली घटनाएँ कब रुकेगी ?

उत्तर प्रदेश के कासगंज में पुलिसकर्मियों पर हाल में फिर बिकरू काण्ड जैसा हमला हुआ। पुलिस वहां के गांव में अवैध शराब का कारोबार बंद कराने गयी थी लेकिन यह सर्वविदित है कि ऐसे कारोबारों से सरकारी सीढ़ियों तक कैसे चढ़ावा चढ़ता है। परिणामस्वरूप माफि या को पुलिस के आने की खबर पहले ही हो गयी। पहुंचने पर शराब माफि याओं ने पुलिस को घेर लिया और दारोगा, अशोक व सिपाही, देवेंद्र को बंधक बना लिया। मौका मिलते ही सम्पर्क किया गया और अतिरिक्त पुलिस बल की मदद ली गयी। कॉम्बिंग के दौरान सिपाही अर्धनग्न अवस्था में मृत पाये गये, उनकी हत्या कर दी गयी और दारोगा खेत में लहूलुहान पड़े मिले। इस मामले में योगी सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रासुका लगा दी है और आरोपियों की तलाश जारी है। बिकरू काण्ड के बाद योगी सरकार ने जिस तरह काम किया उससे राज्य के माफि याओं में दहशत का माहौल बन गया था जिसके बाद एक वर्ष के भीतर ही दिल दहलाने वाली यह एक ओर भयावह घटना है। एक छोटी टीम के साथ किसी ऑपरेशन पर निकलना पुलिस के लिए जोखिम भरा हो चुका है। शहर के बीचों-बीच रह रहे गुंडे आतंकवादियों की तरह वर्दीधारियों पर हमले कर रहे हैं। यह सब इतना सहज होना खतरनाक है वह भी तब जब उन्हें पता है कि हश्र क्या हो सकता है। बिकरू गोलीकांड में भी माफिया विकास दूबे और पुलिस अफसरों की सांठगांठ भी उजागार हो चुकी है। इसमें कोई संदेह नहीं कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति अपनाई है, जिसके चलते बहुत सारे अपराधी मारे जा चुके हैं या फिर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। कई अपराधियों ने खौफ के चलते आत्मसमर्पण भी किया है। ऐसी आपराधिक घटनाएं केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों में भी होती हैं। देश में अनेक तरह के माफिया सक्रिय हैं। शराब माफिया के अलावा अवैध खनन माफिया, रेत माफिया, कोल माफिया, भू माफिया, ड्रग्स माफिया। ये माफिया इतने क्रूर हैं कि इनके सामने इंसानी जिन्दगी की कोई कीमत नहीं। अवैध खनन माफिया तो पुलिसकर्मियों की हत्या के लिए कुख्यात है। कोल माफिया कोयले की चोरी और श्रमिकों के शोषण के लिए कुख्यात है। अपराध की दुनिया में सभी माफियाओं के लम्बे-चौड़े रिकार्ड हैं। यह जगजाहिर की स्थिति है कि स्थानीय स्तर पर उभरे अपराधियों को किसी न किसी राजनीतिक दल का समर्थन प्राप्त होता है, फिर अपराध की दुनिया में कद बढ़ने के बाद वह अलग-अलग पार्टियों में प्रभावशाली पदों पर बैठे नेताओं तक अपनी पैठ बना लेता है। राजनीतिक संरक्षण के बाद उसे पुलिस में शामिल काली भेड़ों का संरक्षण मिल जाता है। फिर वह अपराध की दुनिया में अपने पांव फैलाता है, उसके सम्पर्क बड़े माफियाओं से होते हैं, जिनके इशारे पर वह काम करने लगता है और अपनी ऊंची पैठ के चलते आजाद घूमता रहता है। उत्तर प्रदेश में जहरीली शराब से लोगों की मौतों की खबरें आती रहती हैं। ऐसा तो माना नहीं जा सकता कि इलाके के पुलिस प्रभारी को इस बात की जानकारी नहीं होगी कि कौन से इलाके में अवैध शराब का धंधा होता है और कौन-कौन उसमें लिप्त है। सवाल यह भी है कि इलाके की पुलिस अपराध होने के बाद ही सक्रिय क्यों होती है। गम्भीर प्रकृति के अपराधों में लिप्त लोग खुले क्यों घूमते रहते हैं। इस अघोषित संरक्षण से बढ़े हौंसले की वजह से जब किसी पुलिसकर्मी की जान ले ली जाती है तो पुलिस अती सक्रिय हो जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश के संकल्प में ईमानदारी है लेकिन पुलिस प्रशासन में छिपे चंद लोग अपना ईमान बेच दें तो संकल्प तो धूल धुसरित होगा ही। जब उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस प्रशासन को अपराधियों से निपटने में फ्री हैंड दे रखा है तो पुलिस को भी कानून और संस्थान की गरिमा को बनाए रखने का अपना प्राथमिक दायित्व तो समझना ही चाहिए। शहीद सिपाही के परिवार के लिये मुआवजे और नौकरी की घोषणाएं हो गयी हैं लेकिन ब्रह्माण्ड की कोई भी कीमत इतनी बड़ी कहां हो सकी है जो रुकी हुई सांसों में जान डाल दे। जरूरी है कि ऐसे माफि याओं पर कठोरतम तरीके से नकेल कसी जाए। दिल दहलाने वाली इस घटना ने नींद उड़ा दी है। इसमें कोई शक नहीं कि उन गुंडों के लिए मुखबिरी करने वाला भी कोई खास ही होगा. पैसे की खातिर जमीर बेचना जबतक आसान रहेगा, ईमानदारी और कर्त्तव्यनिष्ठा लहूलुहान होती रहेगी। आखिर अवैध शराब कारोबारियों की जा रही दिल दहलाने वाली घटनाएँ कब रुकेगी ?

**अशोक भाटिया**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

# सोमालिया के राष्ट्रपति महल के बाहर धमाका, आत्मघाती हमलावर की मौत

**मोगादिशू।** दक्षिण अफ्रीकी देश सोमालिया की राजधानी मोगादिशू में राष्ट्रपति महल के बाहर एक जांच चौकी के पास एक वाहन में विस्फोट होने से एक आत्मघाती हमलावर की मौत हो गई और सात नागरिक घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के प्रवक्ता सादिक अली अदन ने बताया कि चालक ने शनिवार सुबह रुकने के आदेशों की अवहेलना की जिसके बाद पुलिस ने गोलियां



चलाईं जबकि राहगीर अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागे। उन्होंने कहा कि विस्फोट में एक दर्जन से अधिक वाहन नष्ट हो गए। यह नवीनतम बम विस्फोट ऐसे समय हुआ है जब सोमालिया के नेताओं में इसको लेकर बहस जारी है कि देश के चुनाव कैसे कराये जाएं। कुछ का तर्क है कि राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल्लाही मोहम्मद जनादेश से अधिक समय तक पद पर रहे हैं। वह दूसरा चार साल का कार्यकाल चाहते हैं। चुनाव को लेकर अधिक चर्चा सोमवार के लिए निर्धारित है। सोमालिया में अलकायदा से जुड़ा अल-शबाब आतंकवादी समूह अक्सर मोगादिशू के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लक्षित करता है। उसने चुनावों को निशाना बनाने की धमकी दी है।

## जापान के फुकुशिमा में आया 7.1 तीव्रता वाला भूकंप

**फुकुशिमा।** भूकंप प्रभावित क्षेत्र जापान के फुकुशिमा में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.1 मापी गई है।

भूकंप से फिलहाल किसी तरह के कोई नुकसान की कोई खबर नहीं है। खबरों के अनुसार, वर्तमान में सुनामी की कोई चेतावनी नहीं है। हालांकि, एहतियाती उपाय के रूप में, तटीय क्षेत्रों के पास के लोगों को उच्च भूमि पर जाने की सलाह दी गई है।

# ब्रिटेन में इतनी ठंड कि टेम्स के साथ समुद्र में भी बर्फ जमी

**लंदन।** ब्रिटेन में इतनी अधिक ठंड हो गई है कि टेम्स नदी कुछ जगहों पर बर्फ में बदल गई है। 60 साल में पहली बार ऐसा हुआ है। दूसरी ओर, एल्डिंघम बीच पर मोरेकाम्बे की खाड़ी में भी बर्फ जमी हुई दिखाई दे रही है। ब्रिटेन के नॉर्थ यॉर्कशायर में तापमान माइनस 15.3 डिग्री तक पहुंच गया है। फरवरी के महीने में यह रिकॉर्ड है। ब्रिटेन के कई हिस्से में 4 इंच तक बर्फ गिरी हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि शनिवार-रविवार को भी तापमान में गिरावट जारी रहेगी। रिवर ग्रेट ऊज में तो नावें बर्फ की वजह से फंस गईं। बर्फीले मौसम की वजह से ब्रिटेन के डेवन, कॉर्नवाल, स्कॉटलैंड सहित कई इलाकों में आग लगने की घटनाएं भी सामने आई हैं क्योंकि अधिक बर्फ की वजह से पेड़-पौधे सूख गए थे। इससे पहले 1963 में ब्रिटेन में थेम्स नदी में बर्फ जमी थी। 1963 की ठंड को ब्रिटेन में बिग फ्रीज के नाम से जाना जाता है। वहीं, 14वीं से 19वीं शताब्दी के बीच करीब 20 बार सेंट्रल लंदन की थेम्स नदी में बर्फ जमने की घटना हुई थी। ब्रिटेन में साल 1300 से 1850 के वक्त को द्यलिट्ल आइस एजद्ध के नाम से जाना जाता है। 1814 में टेम्स में बर्फ जमने के बाद तो नदी के ऊपर ही बाजार सज गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 115 किलो वजन पर ताना मारा तो महिला ने बॉयफ्रेंड से बनाई दूरी

ओंटारियो । कनाडा एक महिला का वजन इतना बढ़ गया था कि उसके बॉयफ्रेंड ने उसे यह धमकी दे दी कि अगर तुमने अपना वजन कम नहीं किया तो मैं तुम्हें छोड़ दूंगा। इस धमकी के बाद महिला बहुत आहत हुई, उसने अपने उस बॉयफ्रेंड को ही छोड़ दिया। दरअसल, कनाडा की 23 वर्षीय ब्रिटनी जैक्वीज का वजन 114 किलो हो गया था। इस पर उनके एक्स-बॉयफ्रेंड ने उनपर वजन घटाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। ब्रिटनी उन दिनों वजन को लेकर इतने तनाव में थीं कि उनका आत्मविश्वास खोने लगा। हालांकि, उन्होंने ऐसे बॉयफ्रेंड को छोड़ना बेहतर समझा। ब्रिटनी ने बताया कि ब्रेकअप के बाद पिछले साल अगस्त में फेसबुक पर उनकी मुलाकात 23 वर्षीय मैट मोंटग्मरी से हुई, जो पेशे से पर्सनल ट्रेनर हैं। दोनों पहली ही मुलाकात में एक-दूसरे को पसंद करने लगे। ब्रिटनी ने बताया कि आप इसे पहली नजर का प्यार कह सकते हैं। ब्रिटनी और मैट के वजन में करीब 50 किलो का अंतर है, जिसके चलते सोशल मीडिया पर अक्सर लोग उन्हें ताने मारते हैं। ब्रिटनी ने बताया मैं पहली मुलाकात को लेकर थोड़ी नर्वस थी। इससे पहले मैं जिस भी लड़के के साथ रिलेशनशिप में थी, वे मुझे वजन कम न करने पर ब्रेकअप की धमकी देते थे। इससे मेरा आत्मविश्वास डोल गया था और मैंने तो वर्कआउट करना भी शुरू कर दिया था। ब्रिटनी ने बताया बाद में मुझे एहसास हुआ कि अगर मैंने ऐसा किया तो इसका मतलब हुआ है कि मैं खुद से प्यार नहीं करती हूं और मैं दूसरों की खूबसूरती की परिभाषा पर खरी उतरने के लिए खुद को बदल रही हूं। ब्रिटनी ने बताया मैं पक्की नहीं थी कि मुझे कोई ऐसा भी मिलेगा जो मुझसे सच्चा प्यार करेगा, मैं जैसी हूं मुझे उसी तरह से अपनाएगा लेकिन मैट के मिलने के बाद मेरी दुनिया बदल गई।

### मामले भले कम हुए पर अभी नहीं टला कोरोना का खतरा, प्रतिबंधों में ना दें ढील : डब्ल्यूएचओ प्रमुख

जिनेवा । वैश्विक स्वास्थ्य निगरानी संस्था विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) महासचिव टेड्रोस ऐडनम गेब्रेयसस ने कहा है कि कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में दुनियाभर में आई कमी प्रोत्साहित करने वाली है, लेकिन कोविड-19 को फैलने से रोकने में मददगार रहे प्रतिबंधों में ढील नहीं दी जानी चाहिए। गेब्रेयसस ने शुक्रवार को कहा कि दुनियाभर में संक्रमण के मामलों में लगातार चौथे सप्ताह कमी आई है और मृतकों की संख्या में भी लगातार दूसरे सप्ताह कमी आई है। उन्होंने कहा, 'ऐसा प्रतीत होता है कि संक्रमितों और मृतकों की संख्या में यह कमी जन स्वास्थ्य संबंधी कदमों को सख्ती से लागू किए जाने के कारण आई है। हम सभी संख्या में आई कमी से उत्साहित हैं, लेकिन मौजूदा स्थिति से संतुष्ट हो जाना वायरस जितना ही खतरनाक होगा।' गेब्रेयसस ने कहा, 'अभी यह समय नहीं आया है कि कोई भी देश प्रतिबंधों में ढील दे। अब यदि किसी की मौत होती है, तो यह और भी अधिक त्रासदीपूर्ण होगा क्योंकि टीके लगने आरंभ हो गए हैं।' डब्ल्यूएचओ ने बताया कि दुनिया भर में संक्रमण के 19 लाख नए मामले सामने आए हैं, जबकि इससे पूर्ववर्ती सप्ताह में यह संख्या 32 लाख थी। उन्होंने कहा कि संक्रमण के संभावित स्रोत का पता लगाने के लिए हाल में चीन की यात्रा करने वाला डब्ल्यूएचओ विशेषज्ञ मिशन अपने अध्ययन का सार अगले सप्ताह पेश करेगा।


### यूएन महासचिव पद की रेस में भारतीय मूल की आकांक्षा अरोड़ा भी शामिल, भारत का बढ़ा मान

जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का अगला महासचिव बनने की दौड़ में इस वैश्विक संस्था में कार्यरत भारतीय मूल की एक महिला शामिल हुई है। आकांक्षा अरोड़ा ने इस पद के लिए अपनी उम्मीदवारी घोषित की है। वह संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम में आडिट कोआर्डिनेटर के तौर पर कार्यरत हैं। आकांक्षा मौजूदा महासचिव एंतोनियो गुतेरस के खिलाफ उम्मीदवारी का एलान करने वाली पहली हस्ती हैं। गुतेरस दूसरे कार्यकाल के लिए अपनी उम्मीदवारी पहले ही पेश कर चुके हैं। यूएन महासचिव का कार्यकाल पांच वर्ष होता है। 34 वर्षीय आकांक्षा ने कहा कि वह दुनिया के शीर्ष राजनयिक पद के लिए चुनाव में उतरेंगी। इसके लिए वह 'अरोड़ा फॉर एसजी' मुहिम इसी माह शुरू करेंगी। उन्होंने अपने ढाई मिनट के वीडियो संदेश में कहा, 'मेरे जैसे पदों पर काम करने वालों से प्रभार संभाल रहे लोगों के खिलाफ खड़े होने की अपेक्षा नहीं की जाती है। हमसे यह अपेक्षा की जाती है कि हम अपनी बारी का इंतजार करें। पुरानी प्रक्रिया के तहत काम करते रहें। काम पर जाएं। अपने सिर को झुकाकर रखें और दुनिया जैसी है, उसे स्वीकार कर लें। आकांक्षा ने कहा कि उनसे पहले आए लोग संयुक्त राष्ट्र को जवाबदेह बनाने में नाकाम रहे हैं और इसलिए वह महासचिव के पद पर चुनाव लड़ रही हैं। गौरतलब है कि पिछले माह 71 वर्षीय गुतेरस ने इसकी पुष्टि की थी कि वह महासचिव पद के लिए चुनाव में दोबारा खड़े होंगे। उनका पहला कार्यकाल इस वर्ष 31 दिसंबर को समाप्त हो गया। संयुक्त राष्ट्र के 9वें महासचिव हैं। खास बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र के 75 साल के इतिहास में कोई भी महिला यूएन की महासचिव नहीं बनी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष वोल्कन बोजकिर ने प्रवक्ता बेंडन वर्मा ने कहा कि आकांक्षा ने अपनी उम्मीदवारी के संबंध में अध्यक्ष से कोई औपचारिक संवाद के बारे में अध्यक्ष के कार्यालय में अभी तक कोई औपचारिक पत्र नहीं मिला है।

# प्रकृति से छेड़छाड़ पड़ सकती है भारी, डिजीज एक्स से मर सकते हैं 7.5 करोड़ लोग

**लंदन ।** वैश्विक महामारी कोरोना के बीच वैज्ञानिकों ने आगाह किया है कि प्रकृति से छेड़छाड़ भारी पड़ सकती है इससे डिजीज एक्स करोड़ों लोग अपनी जान गवां सकते हैं।

अगर ऐसे ही इंसान पशुओं के आवास के साथ छेड़छाड़ करता रहा तो डिजीज एक्स से 7.5 करोड़ लोग मर सकते हैं। यही नहीं हर पांच में एक बार महामारी फैल सकती है। उन्होंने कहा कि यह महामारी प्लेग के कहर से भी खतरनाक होगी जिससे एक समय में सबसे ज्यादा लोग मारे गए थे। वैज्ञानिकों ने कहा कि इंसान दुनियाभर में प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहा है जिससे पशुओं से पैदा होने वाली बीमारियों



के इंसान में पहुंचने का खतरा पैदा हो गया है। वैज्ञानिकों ने यह चेतावनी ऐसे समय पर दी है जब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चीन में कोरोना वायरस को लेकर जांच की है। अब वैज्ञानिकों ने आशंका जताई है कि इंसान कोरोना की तरह से एक और महामारी के मुहाने पर खड़ा है और इसकी चपेट में करोड़ों लोग आ सकते हैं। प्रतिष्ठित पत्रिका नेचर में छपे शोध में पर्यावरणीय शोध के विशेषज्ञ डॉक्टर जोसेफ सेटल ने द सन से कहा कि पशुओं से संक्रमण के इंसानों में फैलने का खतरा बढ़ रहा है। डॉक्टर जोसेफ ने कहा कि इसकी वजह यह है कि इंसान पशुओं के आवास में घुसपैठ कर रहा है।

शोध में कहा गया है कि दक्षिण पूर्वी एशिया, दक्षिणी और मध्य अफ्रीका, ऐमजॉन नदी के आसपास और पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में नई महामारी फैलने का सबसे ज्यादा खतरा है। डॉक्टर जोसेफ ने कहा कि खेती के लिए बहुत तेजी से वनों का काटे जाना, खनन और आधारभूत ढांचा विकास तथा वन्य जीवों का दोहन पशुओं से बीमारियों के इंसानों में जाने के लिए बहुत अच्छा माहौल बनाता है। उन्होंने कहा कि इन इलाकों में जो लोग सबसे ज्यादा रहते हैं, उनके अंदर नई महामारी फैलने का ज्यादा खतरा है। वहीं एक आलेख में चेतावनी दी गई है कि कोरोना वायरस अंतिम हेल्थ इमरजेंसी नहीं है और सबसे खराब भी नहीं है। जलवायु परिवर्तन ने इंसानी सभ्यता के लिए अस्तित्व का संकट पैदा कर दिया तो सभी लोग एकजुट हो गए थे। पशुओं से पैदा होने वाली बीमारियों के खिलाफ भी ऐसे ही एकजुटता की जरूरत होगी।

## 21 मार्च को पृथ्वी से होकर गुजरेगा एस्टेरॉयड

**वाशिंगटन।** एक मील चौड़ा क्षुद्रग्रह मार्च में पृथ्वी से होकर गुजरेगा जिसे नासा ने द्यसंभावित खतरनाकद्ध करार दिया है। आकार में यह क्षुद्रग्रह दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा से भी दोगुना है।

231937 (2001 एफओ 32) नाम का क्षुद्रग्रह की पृथ्वी से टकराने की संभावना नहीं है, क्योंकि यह ग्रह से 1.2 मिलियन मील दूर होगा। वहीं, चंद्रमा की तुलना में करीब पांच गुना दूर। बताया जा रहा है कि 21 मार्च को सुबह करीब चार बजे हमारे ग्रह के करीब पहुंच जाएगा। भविष्य में यह सौर प्रणाली के ग्रह से किसी भी वक्त टकरा सकता है, क्योंकि यह खतरनाक है। फिलहाल, एक्सपर्ट्स ने पृथ्वी से इसके टकराने की ऐसी किसी संभावना को खारिज किया है। दक्षिणी क्षितिज के थोड़ा ऊपर की ओर 21 मार्च को सूर्यास्त के ठीक बाद इसे आठ इंच के एपर्चर टेलीस्कोप के माध्यम से देखना संभव होगा। इस क्षुद्रग्रह को पहली बार न्यू मैक्सिको में साल 2001 में खोजा गया था। सूर्य के इर्दगिर्द चक्कर लगाने वाले छोटे खगोलीय पिंड क्षुद्रग्रह कहलाते हैं। ये मुख्यतः मंगल और बृहस्पति के बीच मौजूद एस्टेरॉयड बेल्ट में पाए जाते हैं। हालांकि, कई बार पृथ्वी के करीब से गुजरने के कारण इनसे अच्छा खासा नुकसान भी संभव है।

## म्यांमार में तख्तापलट के विरोध में प्रदर्शन जारी


**यंगून ।** म्यांमार में निर्वाचित सरकार के सैन्य तख्तापलट के विरोध में देश में शनिवार को भी विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा। तख्तापलट विरोधी प्रदर्शनकारी तथा सैन्य सरकार दोनों में से कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं दिखाई दे रहा है।

देश के सबसे बड़े शहर यंगून में पांच या अधिक लोगों के एकत्रित होने पर रोक के बावजूद प्रदर्शनकारी लेडेन चौराहे पर बड़ी संख्या में एकत्र हुए और रैली निकाली। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सैन्य शासन पर प्रतिबंध लगने की घोषणा की है और तब से ही एक फरवरी को हुए तख्तापलट के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों का अमेरिका को समर्थक माना जा रहा है। चीन को सत्तारूढ़ जनरलों का समर्थक माना जा रहा है। देश के दूसरे बड़े शहर मंडाले में भी प्रदर्शन दोबारा शुरू हुए। बड़ी संख्या में वकील इकट्ठा हुए और उन्होंने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मांग कर रहे हैं कि सत्ता निर्वाचित असैन्य सरकार को लौटाई जाए और लोकतांत्रित तरीके से निर्वाचित नेता आंग सान सू ची और सत्ताधारी पार्टी के अन्य नेताओं को रिहा किया जाए। वहीं वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंगका कहना है कि चुनाव में धांधली हुई थी। उन्होंने सेना के तख्तापलट को जायज ठहराया।

हालांकि चुनाव में धांधली के सेना के आरोप को चुनाव आयोग पहले ही खारिज कर चुका है। राजनीतिक कैदियों से संबंधित संस्था 'असिस्टेंस एसोसिएशन फार पॉलिटिकल प्रिजनर' ने कहा कि सैन्य तख्तापलट के बाद से अब तक 326 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# अंतरिक्ष से ली गई तस्वीर में सोने सी दमकी ऐमजॉन नदी

**लीमा ।** नदियों के जल का रंग आमतौर पर सफेद और आसमानी दिखाई देता है पर ऐमजॉन नदी की के जल का रंग सोने सा होने की तस्वीर इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही है। इस तस्वीर को अंतरिक्ष में मौजूद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से लिया गया है। नासा के अर्थ ऑब्जर्वेटरी वेबसाइट के अनुसार, सोने सी यह चमक नदी में बने सैकड़ों गंदे पानी के गड्ढों में पड़ी धूप के कारण दिखाई दे रही है। बता दें कि ऐमजॉन नदी से ब्राजील और पेरू समेत कई देशों में आज भी बड़ी मात्रा में सोना निकाला जाता है। लंबाई के हिसाब से ऐमजॉन नदी का नील नदी के बाद विश्व में दूसरा स्थान है। नासा के अर्थ ऑब्जर्वेटरी ने बताया कि प्रत्येक चमकता हुआ पूल एक सोने की संभावना वाला गड्ढा है। यहां वर्तमान में या पहले सोने की तलाश



की गई है। इन्हें आसपास से स्थानीय खनिकों ने सोने की तलाख में खोदा हुआ है। टेक्सास स्टेट यूनिवर्सिटी के जस्टिन विल्किंसन ने कहा कि प्रत्येक गड्ढा कीचड़ वाली पानी और वनस्पतियों से घिरा हुआ है। यह नदी अपने तलछट में पानी के बहाव के कारण कई धातुओं को जमा करती है, जिसमें सोना भी शामिल है। ये तस्वीरें पेरू के मादरे डी डिओस राज्य से होकर बहने वाली ऐमजॉन नदी की है। यह इलाका दुनिया के सबसे बड़े स्वतंत्रत सोने के खनन उद्योगों में शुमार है। यहां लगभग हर परिवार के सदस्य ऐमजॉन नदी के किनारे गड्ढे खोदकर सोने की तलाश करते हैं। इस क्षेत्र में अवैध रूप से 30,000 से अधिक सोने के खनिक काम करते हैं। जो यहां के सरकारी नियमों के खिलाफ है। पेरू के इस इलाके में रहने वाले गरीब खनन श्रमिकों के लिए यह नदी एक वरदान है। क्योंकि, लैटिन अमेरिका के इस देश में गरीबी बहुत ज्यादा है। हालांकि, ऐमजॉन नदी के भविष्य के लिए यह अवैध खनन अभिशाप से कम नहीं है। यहां एक स्थान से दूसरे स्थान को जाने के लिए पक्की सड़कों का भी अभाव है। बरसात के दिनों में तो यहां के प्रमुख रास्ते भी दलदल में बदल जाते हैं। जिससे यहां की ट्रैफिक ही लगभग ठप हो जाती है। एक पत्रिका में 2011 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, सोने के खनन के कारण इस क्षेत्र में बहुत बड़ी संख्या में वनों की कटाई की गई है। ऐसा करने से न केवल नदी की प्रवाह बाधित हुई है, बल्कि यहां के निवासियों के लिए भी संकट बढ़ गया है। पहले पेड़ों के कारण अमेजन की बाढ़ में मिट्टी का कटाव कम होता था, अब तो यह नदी जिधर चाहती है उधर अपना रास्ता बना लेती है।

# तुर्की का डर्टी गेम, पाक की मदद के लिए कश्मीर में आंतकी भेजने की तैयारी: ग्रीस मीडिया

**एथेन्स ।** भारतीय क्षेत्र कश्मीर को लेकर पाकिस्तान और तुर्की के बीच चल रहे डर्टी गेम का खुलासा ग्रीस मीडिया ने किया है। पाक-तुर्की के बीच गहराती दोस्ती पर उसने भारत को आगाह किया है। ग्रीस की एक मीडिया की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान का साथ देने के लिए तुर्की के राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन अपने किराए के आंतिकयों को कश्मीर में हिंसा फैलाने के लिए भेज सकते हैं। इसके लिए एर्दोगन के एक सैन्य सलाहकार ने कश्मीर को लेकर अमेरिका में सक्रिय एक किराए के आतंकी संगठन के चीफ का सहयोग लिया है। ग्रीस की वेबसाइट पर प्रकाशित खबर के मुताबिक तुर्की के का सैन्य संगठन सादात अब कश्मीर में एक्टिव होने



की तैयारी कर रहा है। दरअसल, तुर्की खुद को मध्य एशिया में अग्रणी शक्ति के रूप में दिखाना चाहता है, इसलिए वह पाकिस्तान के साथ मिलकर कश्मीर में हिंसा फैलाने की साजिश रच रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि तुर्की के राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन ने इसकी जिम्मेदारी सादात को सौंपी है। सादात का नेतृत्व एर्दोगन के सैन्य सलाहकार अदनान तनरिवर्दी करता है जिसने कश्मीर में बेस तैयार करने के लिए कश्मीर में जन्मे सैयद गुलाम नबी फई नाम के आतंकी को नियुक्त किया है। फई पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के पैसों पर भारत के खिलाफ भाड़े के सैनिकों की भर्ती करने और टैक्स चोरी के लिए अमेरिका की जेल में दो साल की सजा काट चुका है। बता दें कि इससे पहले भी अमेरीका के सोशल मीडिया और सूचना सुरक्षा विश्लेषक कोरंलिज जो आर्मेनिया के इंटरनेट गवर्नेंस काउंसिल के सदस्य भी हैं ने तुर्की के इस खतरनाक सच के बारे में पदार्फाश करते ट्वीट किया था। सैयद गुलाम नबी फई का जन्म जम्मू और कश्मीर के बढगाम में अप्रैल 1949 में हुआ था। यह कट्टरपंथी संगठन जमात ए इस्लामी का भी सक्रिय सदस्य है। फई ने अमेरिका में कश्मीर के खिलाफ साजिश रचने के लिए अमेरिकी काउंसिल ऑफ कश्मीर (केएसी) की स्थापना की थी। इस संस्था की फंडिग पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई करती है। इस बात की पुष्टि खुद अमेरिका की एफबीआई ने की है। यह संगठन अब तुर्की के सादात और इस्लामिक दुनिया नाम के एक एनजीओ के साथ मिलकर कश्मीर में साजिश रच रहा है। इस रिपोर्ट में कश्मीर को लेकर सैयद गुलाम नबी फई आज भी बहुत सक्रिय है। वह सादात के कार्यक्रमों में अक्सर हिस्सा लेता है। उसने राष्ट्रपति एर्दोगन के सैन्य सलाहकार और सादात के चीफ अदनान तनरिवर्दी से भी मुलाकात की है। ये दोनों साथ मिलकर कश्मीर में कार्रवाई करने के षड़यंत्र पर काम कर रहे हैं।

## धरती से 4.4 प्रकाशवर्ष दूर एक ग्रह पर जीवन संभव

**लंदन ।** धरती से बाहर जीवन की तलाश में जुटे वैज्ञानिकों को एक ग्रह की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। वरुण और शनि ग्रह के बीच के आकार के ग्रह पर जीवन संभव हो सकता है। इस ग्रह को सी1 नाम दिया गया है। यह अल्फा सेंचुरी स्टार सिस्टम में धरती से 4.4 प्रकाशवर्ष दूर है। इस स्टार सिस्टम में अल्फा सेंचुरी ए, बी और पौक्सिमिया सेंचुरी शामिल हैं। संभावित ग्रह सी1 का रेडियस धरती की तुलना में पांच से सात गुना ज्यादा हो सकता है और इसका द्रव्यमान 20-50 गुना ज्यादा। यूनिवर्सिटी ऑफ ऐरिजोना की स्टूवर्ड ऑब्जर्वेटरी के नासा हबल फेलोशिप प्रोग्राम के केविन वेगनर के मुताबिक, अगर हम जो देख रहे हैं वह असल में ग्रह है, तब इसका चक्कर काट रहे चांद की खोज सबसे उत्साहित करने वाली होगी द्य उनके मुताबिक इस चट्टानी चांद पर जीवन की संभावना हो सकती है। यह खोज मिड-इन्फ्रारेड एग्जोप्लैनेट इमेजिंग के नए सिस्टम की मदद से की जा सकी है। इसके साथ ही चिली के वेरी लार्ज टेलिस्कोप की मदद ली गई। हालांकि, इस ग्रह की मौजूदगी की पुष्टि नहीं की गई है। वेगनर के मुताबिक, द्यहम सिर्फ संभावित ग्रह की चमक और उसकी स्थिति का अंदाजा लगा सकते हैं। उससे अगर हम मानें कि यह ग्रह है तो इसकी कक्षा, रेडियस की रेंज और तापमान की रेंज निकाली जा सकती है। रेडियस और तापमान इसकी चमक तय करते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने गूगल और फेसबुक को खबरों के पेमेंट की अनुशंसा की

**कैनबरा ।** ऑस्ट्रेलिया में सीनेट की एक समिति ने गूगल और फेसबुक पर समाचार देने के बदले पेमेंट करने की अनुशंसा की है। समिति ने इस मामले में कोई बदलाव नहीं किया जिसके बाद यहां की संसद इस मुद्दे पर चर्चा करेगी। सीनेट की आर्थिक मामलों की विधायी समिति दिसंबर में विधेयक संसद में पेश किए जाने के बाद से इस पर गौर कर रही है। सांसदों ने फेसबुक और गूगल के इस तर्क को खारिज कर दिया कि तथाकथित मीडिया समझौता कोड व्यावहारिक नहीं




है। इस कोड के तहत डिजिटल कंपनियों को अपने मंच पर समाचार दिखाने के लिए संबंधित ऑस्ट्रेलियाई समाचार मीडिया को भुगतान करने के लिए समझौता करना होगा। समिति की रिपोर्ट में कहा गया है, 'समिति इस बात पर सहमत है कि जन सरोकार की पत्रकारिता महज उत्पाद उपभोक्ता से अधिक है जिसे नई प्रौद्योगिकी ने कमतर या बाधित किया है।

### हाइवे बंद, जाम से परेशान खैरथल के नागरिक

# किसान आंदोलन के चलते खैरथल से होकर निकल रहे हैं वाहन

» मदरलैंड, हीरालाल भूरानी




खैरथल। कस्बे में जाम के चलते आमजन परेशान हैं। पिछले करीब 2 माह से अधिक समय से चल रहे किसान आंदोलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर किसानों ने शाहजहांपुर के समीप हाइवे बंद कर रखा है। इसके चलते दिल्ली - जयपुर आने जाने वाले वाहन खैरथल कस्बे से होकर निकल रहे हैं। इनमें ट्रोले, टैंकर, ट्रक व बसें शामिल हैं। इस कारण बाजारों में भारी वाहनों की कतारें लगी रहती है। कुछ समय पूर्व कस्बे के बाईपास पर हरसोली रोड तिराहा, जटियाना मोड़, मातोर रोड, बाईपास मोड़ व किशनगढ़ रोड गौरव पथ मोड़ पर एक एक पुलिस कर्मी को तैनात कर ट्रेफिक को निकाला जा रहा था लेकिन कुछ समय बाद ही पुलिस कर्मियों को हटा दिया गया। जिससे अब भारी वाहन कस्बे के बाजार में से होकर निकल रहे हैं। जिससे हादसा होने की संभावना बनी रहती है। मशीनरी स्टोर संचालक एवं पालिका पार्षद विनोद कुमार वलेचा ने बताया कि विगत करीबन दो माह से खैरथल के बाजार में दुकानदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। उसका एक सबसे बड़ा कारण है खैरथल के बाजार से निकलने ये बड़े वाहन, ट्रेलर, टैंकर है। जिससे दिन भर जाम लगा रहता है। किसान आंदोलन के चलते नेशनल हाईवे संख्या 48 का पूरा ट्रेफिक खैरथल के बाजार से होकर निकल रहा है। इसे बाईपास निकाल दिया जाता है तो बहुत हद तक ट्रेफिक जाम के हालात से निजात मिल सकती है। इसी तरह आई क्लीनिक संचालक डॉ रिन्कू मेहता ने बताया कि हाईवे से निकलने वाले भारी वाहनों ने नवनिर्मित सड़क मार्ग को क्षतिग्रस्त कर दिया है और आए दिन कोई न कोई छोटी व बड़ी दुर्घटनाएं इन वाहनों से घटित हो रही है।।

भारी टैंकर में भरे रहते हैं ज्वलनशील पदार्थ और कैमीकल -- कस्बे के बाजार से भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में जाने वाले टैंकरों में भयंकर ज्वलनशील पदार्थ व कैमीकल भरा होता है। जिससे दुर्घटना की आशंका रहती है। कस्बे में दिन के समय भयंकर भीड़ भाड़ रहती है और कस्बे के बीचों-बीच रेलवे फाटक भी है और उसके ऊपर से 22000किलोवाट की बिजली लाइन भी जा रही है। रेलवे फाटक पर खतरनाक मोड़ भी है और हाइट पोल भी लगे हुए हैं, जिसमें अनेक बार कई भारी वाहन ट्रक फंस चुके हैं और हाईट एंगल को भी नुकसान कर चुके हैं। इसके अलावा कस्बे में बाजार में जगह जगह पर ब्रेकर है जिसमें भारी वाहनों के अचानक ब्रेक लगाने पर दुर्घटना की पूर्ण आशंका बनी रहती है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। फोटो कैप्शन-कस्बे के मुख्य बाजार में जाम के दौरान फंसे भारी वाहन।

# कीचड़ में से गुजरने को मजबूर भोजास गांव के ग्रामीण

» मदरलैंड, संजय बागड़ी



कोटकासिम। नजदीकी गांव भोजास में गंदे पानी के निकास की कोई समुचित व्यवस्था ना होने से पानी गांव के मुख्य रास्ते पर बीचों बीच भर गया है। इसमें मलबा डालने पर अब यह और भी कीचड़ युक्त हो गया है।

अब मुख्य रास्ते पर गांव के बीचों बीच भारी कीचड़ भरा हुआ है। जिससे राहगीरों को इस रास्ते से गुजरने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव के लोगों को बाजार जाना हो, चाहे खेत में जाना हो हर बार कीचड़ भरे इस रास्ते को पार करना ही पड़ता है। रात में इस कीचड़ में से निकलना मुश्किल ही नहीं ना मुमकिन है।

ग्रामीणें नें बताया की सुबह सुबह स्कूटी व मोपेड से ड्यूटी जाने वाली महिला कर्मचारी आये दिन इस किचड़ में गिर कर दुर्घटना की शिकार होती रहती हैं। गांव के ही धर्मसिंह, ईश्वरसिंह, अजीत सिंह, बहादुर सिंह, चंदगी राम, भीमराज, सुखराम समाज सेवी, गजेन्द्र सिंह इंडियन यूथ कांग्रेस जिला महासचिव, धोलीया व लालसिह, नवीन यादव आदी ग्रामीणों नें यह भी बताया की वे जनप्रतीनिधियों सहित, एडीएम, पीडब्लूडी को भी इसकी शिकायत कर चुके हैं वहां से सिर्फ आश्वासन मिलता है बाकी कुछ नहीं। आज भी समस्या जस की तस बनी हुई है, यदि ग्रामीणों की इस समस्या का शिघ्र समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण रास्ता जाम कर धरने पर बैठने पर भी विचार कर रहे हैं ।

# निम्भोर चौकी के पास मिला युवक राकेश का शव

» मदरलैंड, मयंक जोशी

बहरोड़। बहरोड़ थाना अंतर्गत निम्भोर चौकी के पास दरबार होटल के पीछे रविवार को लोगों ने एक युवक का शव पड़ा देखा था। जिनकी सूचना पर बहरोड़ पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया व परीजनों कर तलाश शुरू कर दी। परीजनों के मिलने के बाद मृतक की पहचान राकेश यादव पुत्र सुरेश यादव निवासी बिजोरवास के रूप में हुई। बहरोड़ डीएसपी देशराज ने बताया कि निम्भोर के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बहरोड़ अस्पताल की मोंचरी में रखवाया गया। मृतक की पहचान राकेश यादव निवासी बिजोरावास के रूप में हुई है। प्रथम दृष्या तो हत्या का कोई मामला नजर नहीं आया। मृतक शराब का आदि था। बाकि अभी सभी बिन्दुओं पर अनुसंधान किया जायेगा।



### महाराणा प्रताप के अनुयाई गाड़िया लुहार पेयजल के लिए भटक रहे है दर-दर

# पड़ोसियों के दरवाजे बंद तो बच्चो सहित प्यासी रह जाती है गाड़िया लुहार बस्ती

» मदरलैंड संवाददाता

अलवर जिले के रैणी कस्बे के राजगढ सडक मार्ग पर स्थित सिंहल का कुऑ के पास अपना डेरा डाले हुए लोहार समुदाय के नौ परिवारो की बस्ती पीने के जल के लिए पडोसीयो पर निर्भर बनी हुई है । हालात यह है कि पडोसी कही चले गए या दरवाजे बंद हो गए तो पूरी लोहार बस्ती प्यासी रह जाएगी। पानी के लिए परेशान बस्ती के लोगो ने हैण्ड पंप लगवाने की मांग की है।

आजादी के 7 दशक से अधिक समय शासन प्रशासन की लापरवाही के चलते महाराणा प्रताप के वंशज गाड़िया लोहार आज भी अपनी आन बान और शान लिए पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

**पेयजल के लिए जाना पड़ता है एक किलोमीटर दूर**



इधर लुहार बस्ती के मुखिया चींटा लुहार, महिला पिंकी ने बताया कि हम यहॉ वर्षो से डेरा डाले हुए है। हमारी नौ परिवारो की बस्ती है जिसमें बच्चो व महिलाओ सहित चालीस से पचास लोग निवास करते है। रोजी रोटी का जुगाड तो मेहनत मजदूरी कर कर लेते है लेकिन पीने के पानी के लिए एक किलोमीटर दूर जाना पडता है, ।दिनभर मेहनत मजदूरी कर शाम को पानी लेने जाते है।

**रात्री लेट होने पर पड़ोसी कर लेते हैं दरवाजे बंद बच्चे सोते हैं प्यासे**

यदि थोडा भी अधिक समय लग जाता है तो पडोसी रात्रि होने के कारण अपने दरवाजे बंद कर देते है । जिससे पानी भरने से वंचित हो जाते है और पूरी बस्ती को पानी के लिए परेशान होना पडता है कई बार तो बच्चो को प्यासा ही सुलाना पडता है।

**शासन प्रशासन की इच्छाशक्ति से मिल सकता है पेयजल**

रैणी निवासी श्रीकांत सेदावत सर्व समाज सेवी ब्राह्मण समाज अध्यक्ष ने खेद जारी करते हुए बताया कि गाड़िया लुहार बस्ती के लोगो की पानी की समस्या का समाधान शासन प्रशासन इच्छा शक्ति से हैण्ड पंप, सौर चलित पंप, सिंगल फेज ट्यूबवैल के निर्माण से ही दूर किया जाना संभव है।

# अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के लिए डाटा परिवार ने दिए एक लाख 11 हजार 1111 रुपए



» मदरलैंड संवाददाता

अलवर। अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर हेतु अलवर जिले के प्रमुख उद्योगपति विजय सोल्वेक्स के मालिक व प्रमुख समाजसेवी विजय डाटा द्वारा सपरिवार एक करोड़ ग्यारह लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपये 1,11,11,111/- रुपये की राशि का चेक अलवर जिला की समर्पण निधि संग्रहण समिति को अपने निवास भगवती सदन पर सौंपा गया।

उक्त राशि का चेक डाटा परिवार द्वारा विजय डाटा उनकी माताजी निर्मला देवी डाटा धर्मपत्नी स्व. निरंजन लाल डाटा व विजय डाटा की धर्मपत्नी गायत्री डाटा द्वारा समर्पण निधि संग्रहण अलवर को सौंपा गया।

इस दौरान अलवर शहर के पूर्व विधायक बनवारीलाल सिंघल राष्ट्रीय सयंसेवक संघ के संघचालक डॉ के के गुप्ता आरएसएस के सूर्यप्रकाश जी समाजसेवी श्रीकिशन गुप्ता अशोक गुप्ता अशोक मित्तल सहित संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्टेट हाईवे से उढने वाली धूल मिट्टी ने फसल को किया खराब, किसान चिंतित

» मदरलैंड संवाददाता

बहरोड़। विधानसभा की रीड की हड्डी कहे जाना वाला निमार्णाधीन बहरोड़-कुण्ड स्टेट जर्जर हाईवे से उड़ती धूल सैकड़ों बीघा में काश्त की फसल को खराब करती नजर रही है। यह स्टेट हाईवे अपना अस्तित्व खो चुका है। इससे केवल राहगीर, वाहन चालक ही नहीं बल्कि किसान प्रभावित हो रहे हैं। इस स्टेट हाईवे के किनारे गांवों के किसानों के खेत हैं। खेतों में कास्तकार ने फसल काश्त करते है। इस स्टेट हाईवे पर प्रतिदिन हजारों की सख्यां में सवारी एवं भारी वाहन गुजरते हैं। जिनके पीछे धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। हालात यह है कि सड़क किनारे खेतों में खड़ी फसल धूल के कारण हरी की बजाय मटमैली नजर आती है। यह धूल की परत फसल के उत्पादन को प्रभावित कर रही है। कड़ी मेहनत एवं लागत से काश्त की फसल उम्मीद के मुकाबले कम पैदा होने की आशंका बनी हुई है। कास्तकारों का कहना है कि सड़क किनारे फसल में छाई रेत की परत से फसल का उत्पादन तो कम होगा ही, स्वास्थ्य को भी खतरा है। वाहनों के पीछे उड़ने वाली धूल फसल के लिए ही नहीं बल्कि सड़क किनारे रहने वाले लोगों एवं सड़क पर चलने वाले राहगीरों के लिए भी स्वास्थ्य के लिए खतरा बनी हुई है। धूल के कारण दमा, खांसी, या एलर्जी सहित अन्य बीमारियां होने की भी संभावना रहती है। लेकिन जनता के द्वारा बार-बार मांग करने के बावजूद लगभग दो साल से स्टेट हाईवे का निर्माण कार्य बन्द पड़ा है।

**कैसे करेंगे किसान फसल की कटाई**

स्टट हाईवे पर धूल इतनी ज्यादा उठती है कि खेत में कटाई तो दूर की बात 10 मिनट तक आप रोड के पास नहीं खड़े रह सकते। लोगों को फसल काटने से पहले मजबूरन फव्वारा सिस्टम चलाना पड़ सकता है। लेकिन उससे किसान की फसल में काफी हद तक नुकसान होने की संभावना बनी हुई है। अगर फव्वारा सिस्टम नहीं चलाया गया तो खेतों में कटाई करते समय किसान बेसुध होकर मौसमी एवं एलर्जी जैसी अन्य बीमारियों के उत्पन्न होने की संभावना बनी हुई है। आसपास के स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर रोड को उखाड़ा नहीं जाता तो कुछ हद तक धूल कम उड़ रही थी। लेकिन रोड को उखाड़ने के बाद अब धूल भरी आंधी पूरे दिन उड़ती रहती है। माजरी क्षेत्र के अंदर सबसे ज्यादा ईट भट्टे होने के कारण पूरे दिन ट्रैक्टर ट्रॉली से ईटं दूर-दराज तक भेजी जाती है। वहीं इन दिनों किसान आंदोलन के चलते एवं शाहजहॉपुर टोल से बचने के कारण पूरे दिन साधनों की कतार लगी रहती है।

# विधायक कोटे से स्वीकृत राशि से श्मशान घाट का किया शिलान्यास

» मदरलैंड, अशोक भारद्वाज



कठूमर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के विधायक बाबूलाल बैरवा के प्रतिनिधि के रूप में उनके पुत्र अमिताभ बैरवा रविवार को ग्राम रेला खेड़ली में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। और वहां पर विधायक कोटे से निर्मित किए जा रहे शमशान घाट के नीव पूजन के मुहूर्त में शामिल हुए। विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। और उनके ही हाथों से निर्माण कार्य में प्रथम पांच पाषाणो का पूजन कर नीव निर्माण में लगाया गया।

इस मौके पर अमिताभ बैरवा ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर विधायक बाबूलाल बेरवा द्वारा ग्राम रेला खेड़ली में श्मशान घाट के लिए आठ लाख रुपए स्वीकृत किए गए और आज कार्य धरातल पर प्रारंभ हो चुका है। इसी प्रकार क्षेत्र के विकास के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

इससे पूर्व ग्राम वासियों द्वारा अमिताभ बेरवा का साफा बंधन माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

मुहूर्त के कार्यक्रम में पूर्व जिला पार्षद रूप सिंह यादव, बेरका सरपंच कल्लू चौधरी, सरोज प्रहलाद जाटव बसेठ , गौरव चौधरी ,सुपरिया बसेठ, पुष्पेंद्र चौधरी, इंजीनियर राजेश राठी, देवेन्द्र चौधरी, संतोष कैरव,नवाब सिंह,चतर सिंह चौधरी, करतार चौधरी,एवं ग्राम विकास कमेटी रेला खेड़ली के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शहीद स्मारक पर कैंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजली दी

» मदरलैंड संवाददाता



बहरोड़। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बहरोड़ द्वारा दुघेड़ा में शहीद राजेन्द्र सिंह स्मारक पर पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को कैंडल जलाकर श्रंद्धाजली दी। नगर मंत्री सत्येंद्र यादव ने पूर्व में हुए पुलवामा हमले पर युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय सेना हमारा गौरव है और इसकी हानि किसी भी तरह बर्दाश्त नही की जायेगी। इस दौरान सुरेन्द पंच, भीम सिंह, सोनू, प्रवीण, गौरव, रणवीर, ओमप्रकाश, दीपक, सुखविंदर यादव सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

# विहिप कोटकासिम ने पुलवामा शहीदों को किया याद

» मदरलैंड, संजय बागड़ी




कोटकासिम। दो वर्ष पूर्व 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में एक आतंकी नें आत्मघाती बम विस्फोट से हमारी सेना पर गुप्त वार किया जिसमें शहीद हुए 40 जवानों को कोटकासिम के विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि देकर उनको याद किया।

जिला मीडिया प्रभारी योगेश अग्रवाल ने बताया की पुलवामा के शहीदों की दूसरी बरसी को बलिदान दिवस के रूप मनाते हुए रविवार को कस्बे के पंचायत समिति भवन के निकट स्थित ऐतिहासिक शहीद स्मारक पर आर्मी से रिटायर्ड फौजी दरियासिंह लोहा ने दीप जलाकर शहीदो को पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया व शहीदों को नम आंखों के साथ सलामी दी।

इस दौरान वहां उपस्थित विहिप कार्यकताओं ने भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणो को न्यौछावर करने वाले वीर शहीदो के सम्मान में पूरे जोश के साथ 'वीर शहीदो का ये बलिदान, याद रखेगा हिंदुस्तान' के जयकारे लगाते हुए शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करके भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

बलिदान दिवस कार्यक्रम में विहिप जिला मंत्री तिलकराज गुप्ता, मनन दीप से जिला सत्संग प्रमुख भास्कर भारद्वाज, जिला गौरक्षा सहप्रमुख चतुर्भुज शर्मा, बजरंग दल प्रखंड संयोजक पवन सोनी, प्रखंड मंत्री संदीप चौधरी, राजस्थान ब्राह्मण महासभा ब्लॉक महामंत्री अनूप कौशिक, समरसता प्रमुख संजय जांगिड़, विहिप उपाध्यक्ष महेंद्र जांगिड़, विहिप उपाध्यक्ष कालूराजा, समरसता सहप्रमुख दयानंद कश्यप, गौरक्षा प्रमुख चंदू दीवान, खंड संयोजक दीपक रोहिल्ला, संघ कार्यकर्ता सुरभित कौशिक, सतपाल नागर व पवन प्रजापत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आम आदमी पार्टी द्वारा पुलवामा में शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की

# भ्रष्टाचार हटाओ और बिजली सस्ती करो संघर्ष समिति के गठन पर चर्चा की गई

» मदरलैंड संवाददाता



अलवर। आम आदमी पार्टी जिला संगठन सचिव दिव्यन्दु शर्मा के नेतृत्व में अलवर ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कार्यालय पर पुलवामा हमले में शहीद हुए पुलवामा के वीर सपूतों की पुण्यतिथि पर उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई और अलवर जिले में पार्टी की मजबूती के लिए हर गली मोहल्ले में आम पार्टी का सदस्यता अभियान चलाए जाने का विचार विमर्श किए गए और जिले को भ्रष्टाचार हटाओ और बिजली सस्ती करो संघर्ष समिति अभियान के टीमें गठित की जाएगी जिसमें आकाश ,शर्मा अनूप यादव, धर्मपाल, रिंकू सैनी, रवि शर्मा, मौसम खान ,शाहिद खान, साजिद खान ,प्रवीण शर्मा नेमीचंद जाटव, हर्ष चौधरी ,गर्भ चौधरी, निशा, पिंकी ,रेखा, आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### साइकिल रैली निकाल हरित अलवर-सुरक्षित अलवर का संदेश दिया

# साइकिल रैली को संबोधित कर मंत्री जूली ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

» मदरलैंड, देशबंधु जोशी

अलवर। रोटरी क्लब अलवर, अलवर पेडल, होटल एसोसिएशन, आरटीओ एवं टूरिज्म डिपार्टमेंट के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को ऐतिहासिक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली को श्रम राज्यमंत्री टीकाराम जूली ने महल चौक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल रैली ने महल चौक से मोती डूंगरी तक सफर तय कर हरित अलवर-सुरक्षित अलवर का संदेश दिया।

इस अवसर पर श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि अलवर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और इस प्रकार के आयोजन पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी पर्यटन से विकास की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रहे हैं ।उन्होंने बहरोड़ में आरटीडीसी के होटल मिडवे का जिक्र करते हुए कहा कि पिछली सरकार ने मुनाफे में चलने के बावजूद बहरोड़ मिडवे को बंद कर दिया था मुख्यमंत्री उसे पुनः शुरू करने के आदेश दिए है जोकि आमजन के लिए शीघ्र ही संचालित होगा।

उन्होंने कहा कि जनहित के ऐसे फैसलों से राज्य सरकार की पर्यटन को लेकर मंशा और संकल्प स्पष्ट होता है। उन्होंने जिला पर्यटन समिति की बैठक को त्रिमासिक की जगह मासिक आधार पर करने के जिला कलक्टर के निर्णय को सराहनीय बताया ।जिससे अलवर में पर्यटन के विकास को गति मिलेगीं। उन्होंने अलवर के प्रति एक जागरूक नागरिक की हैसियत से अलवर को विश्व पटल में टूरिस्ट स्पॉट बनाने के लिए अपना सहयोग देने का वादा किया।



उन्होंने कहा कि ऐसी रैलियों के माध्यम से आमजन में जागरूकता का प्रसार किया जाना आवश्यक है ।श्रम मंत्री ने इस दौरान कहा कि स्वास्थ्य की रक्षा सबसे बड़ी सुरक्षा है । आमजन साइकिलिंग चलाकर जहां अपने स्वास्थ्य की रक्षा कर रहे हैं वहीं पर्यावरण को भी सुरक्षित कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि साइकिलिंग फिट रहने का आसान उपाय है। नियमित साइकिल चलाने से स्टैमिना बढ़ती है साथ ही यह वजन घटाने में मददगार है। इस दौरान जिला कलेक्टर एन एम पहाड़िया, जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मास्टर लाइट पर्याप्त रोशनी कम आम नागरिक दुकानदार परेशान

## ग्राम पंचायत से रोड लाइट लगाने की ग्रामीणों की मांग

» मदरलैंड, नागपाल शर्मा

माचाडी कस्बे में राज सरकार द्वारा ग्राम पंचायत में हाई मास्क लाइट लगाई गई है लेकिन इनकी पर्याप्त रोशनी के अभाव में आम नागरिकों व दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाई मास्क लाइट के कुछ बल्ब बंद होने की वजह से पर्याप्त रोशनी का अभाव है जिससे दुकानदारों की दुकानों में चोरी होने का भय बना हुआ है। पहले भी कई बार कस्बे में चोरियां हो चुकी। जिनका आज तक कोई सुराग नहीं लग पाया लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत में ना तो छाया में बैठने की सुविधा है ना ही राहगीरों को टॉयलेट बाथरूम जाने की सुविधा है ।इससे महिलाएं व बच्चे काफी परेशान रहते है ग्राम पंचायत में कोई सुविधा नहीं होने के कारण ग्राम पंचायत का बजट जाता कहां है। इसकी जानकारी आम नागरिकों को होनी चाहिए आम नागरिक में दुकानदारों ने हाई मास्क लाइट के पूरे बल्बों को जुड़वाए जाने के साथ साथ ग्राम पंचायत में वार्डो में लगने वाली करीब 100 लाइटें ग्राम पंचायत में रखी हुई है । उन्हें वार्डों में लगवाए जाने की ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक व प्रशासन से मांग की है।



## कांग्रेस में गुट नहीं, कार्यकर्ता एकजुटकर होकर करते है काम

» राज कुमार

रुड़की। कांग्रेस प्रदेश महासचिव एवं रुड़की ग्रामीण प्रभारी याकूब सिद्दीकी ने कहा कि कांग्रेस में कोई दो गुट नहीं है कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें। काम करने वालों को पार्टी में पूरा सम्मान मिलेगा। कांग्रेस कार्यकताओं, किसान, मजदूर की पार्टी है। कांग्रेस ही आज देश में किसान, मजदूर, युवाओ की लड़ाई लड़ रही है। याकूब सिद्दीकी ने रविवार को ढंडेरा में पीसीसी सदस्य ठाकुर उदय सिंह पुंडीर के आवास पर कार्यकर्ताओ से संवाद किया। इस दौरान उन्होने कहा कि देश में आज अजीब हालात बने हैं। देश में हिंदू, मुस्लिम ही दुखी नहीं है, बल्कि पूरा हिंदुस्तान ही दुखी है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद युवा बेरोजगार घुम रहे हैं। किसान अपने हितों की रक्षा को लेकर पिछले ढाई महीने से दिल्ली के बॉर्डर पर बैठे हैं, लेकिन भाजपा और केंद्र सरकार किसानों की सुनने को तैयार नही है। किसानों के विरोध के बावजूद मोदी सरकार उन पर काले कृषि कानून थोपने में लगी है। राष्ट्र हित के मुद्दे पर बोलने वाले को



भाजपा देश द्रोही और खुद को देशभक्त बताने में लगी है, जबकि सच्चाई अलग है। कहा कि कांग्रेस राष्ट्रभक्तों, बलिदानियों की पार्टी है। सोनिया गांधी ने देश के लिए अपनी सास और आयरन लेड़ी इंदिरा गांधी को खोया है, अपने पति राजीव गांधी को खोया है और तो और उन्होने प्रधानमंत्री पद तक का मोह नहीं किया। इस पर भी उन्होने सरदार मनमोहन सिंह को बिठा दिया। कांग्रेस को परिवारवाद बताने वाली भाजपा ने कभी देश के लिए कुछ नहीं किया, उल्टा देश को हिंदू-मुस्लिम के बीच बांटकर आपस में लड़ाने का काम किया है। कहा कि कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर लोगों को पार्टी की रीतियो-नीतियों की जानकारी दे। काम करने वालों को कांग्रेस में पूरा सम्मान मिलेगा। विधानसभाओ में भी स्थानीय और समर्पित कार्यकर्ता को ही सम्मान मिलेगा। बाहरी नेताओ को कोई तरजीह नहीं दी जाएगी। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता श्रीगोपाल नारसन, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सेठपाल सिंह परमार, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि बहादुर और हाजी राव नवबहार ने कहा कि राहुल गांधी आज किसान, मजदूर की लड़ाई को लेकर सड़क पर हैं। संसद में भी वह देश के मुद्दे को लेकर सरकार को घरने में लगे हैं। आम जनता को भी अब भाजपा की गलत नीतियों के खिलाफ एकजुट होना होगा। देश को हिंदू-मुस्लिम के नाम पर बांटने वाली भाजपा को जवाब देना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी नकली सिंह और संचालन ठाकुर उदय सिंह पुंडीर ने किया। इस अवसर पर जगदेव सिंह शेखो, किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव अनिल पुंडीर, जिला उपाध्यक्ष देवेश शर्मा, महासचिव रियाज पुंडीर, ठाकुर विरेंद्र सिंह, अरविंद राजपूत, ठाकुर राजेंद्र सिंह मौजुद रहे।

## कैम्प लगाकर विधायक ने सुनी समस्याएं



» मदरलैंड संवाददाता

रूड़की। नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने रविवार को चंद्रपुरी वाल्मीकि धर्मशाला में कैम्प लगाकर जनता की समस्याएं सुनी और उनका निवारण किया। शिविर में सभी प्रकार की पेंशन, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड आदि की समस्याओं का समाधान किया गया। विधायक ने कहा कि जिन लोगों को आधार कार्ड बनवाना है, नाम सही कराना है, राशन कार्ड को ऑनलाइन कराना, बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए पेन्शन कार्ड बनवाना है तो वह नहर किनारा स्थित उनके कैम्प कार्यालय पर यह सब करा सकता है। अन्य समस्याओं के निस्तारण हेतु भी क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति उनके कैम्प कार्यालय या आवास पर आकर सम्पर्क कर सकता है। विधायक ने कहा कि वह हर समय क्षेत्रवासियों के साथ हैं। शहर का विकास, सौंदर्यकरण और लोगों की समस्याओं का निदान उनकी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य को लेकर वह लगातार विकास कार्यो को गति देने में लगे हैं, आम जन की समस्याओं का निदान कराने में लगे हैं। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा की त्रिवेंद्र सरकार आम जनता की सरकार है गरीब हो या अन्य कोई भी सबका पूरा सम्मान किया जा रहा है, किसी व्यक्ति को कैम्प ऑफिस तक ना आना पड़े या किसी अधिकारी दफ्तर के चक्कर ना काटने पड़े इसी उद्देश्य से विधायक जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत यह कैम्प जनता के बीच में लगाया गया है। विधायक बत्रा ने बताया की ऐसे कैम्प भविष्य में भी लगाए जाएँगे। इस अवसर पर भूपेंदर पाल, राजू पाठक, केपी सिंह, मयंक मेहंदीरत्ता, राहुल कुमार, अमित, सौरव आदि मौजूद रहे। उधर मक्तूलपुरी में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यक्रम में पहुंचे विधायक प्रदीप बत्रा, मेयर गौरव गोयल ने कार्यकताओं को पतंग वितरण की। इस दौरान जिलाध्यक्ष सचिन गुर्जर, कुणाल सचदेवा भी मौजुद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता, भगवानपुर। पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश की निशानदेही पर चोरी की गई नकदी व अन्य सामान बरामद कर लिया है।

भगवानपुर थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि माहीग्रान, रुड़की निवासी कलीम पुत्र तसव्वर अली ने भगवानपुर में दुकान कर रखी है। चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखी हजारो की नगदी व हजारों रुपए का अन्य सामान चोरी कर ली थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की। इस दौरान पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के साथ ही रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज लेकर आरोपित को चिन्हित करने के प्रयास शुरू किए।

बताया कि पुलिस छानबीन में सोहलपुर गाढ़ा निवासी मोहम्मद अहमद का नाम प्रकाश में आया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपित को दबोचने के लिए उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी।

थानाध्यक्ष ने बताया कि रविवार सुबह पुलिस ने भगवानपुर स्थित सत्संग भवन के पास से आरोपित मो. अहमद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात में शामिल होना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया हुआ पैन कार्ड, पर्स व 9 हजार 5 सौ की नकदी बरामद की है। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह तोमर, कांस्टेबल सुरेंद्र शर्मा शामिल रहे।

### रोटरी क्लब ने लगाए वाहनों पर रिफलेक्टर

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रोटरी क्लब रुड़की ने वाहनों पर रिफलेक्टर लगाए। इस दौरान यातायात पुलिस की टीम ने लोगों को नियमों के प्रति जागरूक किया और उनका पालन करने का आहवान किया।

एसडीएम चैक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर गौरव गोयल ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना हम सबकी जिम्मेदारी है। नियमों का पालन करने से हम स्वयं भी सुरक्षित रह सकते हैं और दूसरों को भी सुरक्षित रख सकते हैं। क्लब के अध्यक्ष प्रेम सरीन ने कहा कि रोजाना अनेकों जानें रोड एक्सीडेंट में जाती हैं। उन्होंने कहा कि सर्दियों के मौसम में कोहरे के कारण दुर्घटनाओं में बढ़ावा होता है, इसलिए क्लब की ओर से सड़क से गुजरने वाले वाहनों पर प्रतिवर्ष रिफ्लेक्टर लगाए जाते हैं। ताकि बढ़ते कोहरे के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सके। यातायात निरीक्षक मोहम्मद अकरम ने लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी।

उन्होंने आह्वान किया कि नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस दौरान क्लब की ओर से 100 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। इस अवसर पर यातायात उप निरीक्षक योगेश सक्सेना, प्रेम सरीन अध्यक्ष, सुभाष सरीन, कुंवर जावेद इकबाल, वंदना मोहन, अलका मित्तल, वीके शर्मा, संजीव सैनी, हर्ष प्रकाश काला, सुदेश चड्ढा मौजूद रहे।

### रामनगर पार्षद ने खोला टैक्स वृद्धि के खिलाफ मोर्चा

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। एक और भाजपा पार्षद ने आवासीय भवनों पर टैक्स वृद्धि के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रविवार को रामनगर पार्षद ने नगर निगम के आवासीय भवनों पर किए गए 15 प्रतिशत वृद्धि के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया। पार्षद का कहना है कि बोर्ड में टैक्स वृद्धि के खिलाफ प्रस्ताव पास होने के बाद भी टैक्स वृद्धि अधिकारियों की मनमानी को दशार्ती है। रुड़की नगर निगम क्षेत्र के आवासीय भवनों पर 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी के खिलाफ बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पास होने के बाद भी नगर निगम ने 15 प्रतिशत बढ़ी हुई दर से टैक्स वसूलना आरंभ कर दिया है। जिसे लेकर भाजपा पार्षदों ने विरोध शुरू कर दिया है। हाल ही में पुरानी तहसील के भाजपा पार्षद नितिन त्यागी ने टैक्स वृद्धि के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान से लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। रविवार को पुरानी तहसील वार्ड से विरोध की चिंगारी रामनगर वार्ड में भी जा पंहुची। रामनगर वार्ड के पार्षद पंकज सतीजा ने टैक्स वृद्धि के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया। पंकज सतीजा का कहना है कि बोर्ड बैठक में टैक्स वृद्धि के खिलाफ प्रस्ताव पास होने के बावजूद नगर निगम अधिकारियों ने 15 प्रतिशत बढ़ाकर टैक्स वसूली शुरू कर दी है। इसे पूरी तरह अधिकारियों की मनमानी ही समझा जाएगा। हस्ताक्षर अभियान में प्रेमलाल शर्मा, जगदीश पहुआ, सतीश कालरा, मधु बत्रा, अरविंद सैनी, राजकुमार शर्मा, भारती, मधु शर्मा, गुंजन शर्मा, संजय धींगड़ा मौजूद रहे।

### सीइओ ने किया भवन का उदघाटन

मदरलैंड संवाददाता, झबरेड़ा। मुख्य शिक्षाधिकारी हरिद्वार डा. आनन्द भारद्धाज ने रविवार को राजकीय इंटर कालेज लाठरदेवा हूण में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत मूल भवन की वृहद मरम्मत कार्य का उदघाटन किया।

मुख्य शिक्षाधिकारी ने कहा कि विद्यालय भवनों को पूरी तरह से शिक्षा और शिक्षकों के अनुकुल बनाया जा रहा है, ताकि बच्चे सुरक्षित माहौल में शिक्षा ग्रहण कर सके और शिक्षक भी बिना किसी डर के शिक्षा प्रदान कर सके। इसके लिए समस्त विद्यालयों के भवनों की हालत को सुधारा जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य इंद्रभान सिंह, राकेश कुमार शर्मा, श्यामसुंदर, प्रकाश चंद, बीना, विपुल कुमार, संदीप वर्मा, रविंद्र चैहान, सुशील कुमार, दिनेश यादव, आलोक द्विवेदी व गेस्ट टीचर अंकुर, पवन कुमार आदि मौजुद रहे।

## स्काउट गाइड़ वर्कशाप सम्पन्न, शिक्षक युग परिवर्तनकारीः सीईओ

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से डायट में चल रही 3 दिवसीय वर्कशॉप का शनिवार को समापन हो गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी डॉ आनंद भारद्वाज ने वर्कशॉप का समापन किया। मुख्य शिक्षा अधिकारी डॉ आनंद भारद्वाज ने कहा शिक्षक को युग परिवर्तनकारी इंसान बताते हुए कहा कि उसे भगवान के समकक्ष दर्जा प्राप्त है। उन्होंने स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन का आह्वान किया कि वह अपने-अपने



विद्यालयों में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें। स्काउटिंग के बारे में बोलते हुए कहा कि इस संस्था को तीन तीन बार नोबेल पुरस्कार मिल चुका है जो समाज सेवा राष्ट्र भावना एवं आत्मअनुशासन सिखाने के साथ साथ नेतृत्व व अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास करती हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के पब्लिक स्कूलों में भी स्काउट एवं गाइड को लोकप्रिय बनाने के लिए शीघ्र ही पब्लिक स्कूलों के मैनेजमेंट की भी बैठक बुलाई जाएगी। प्रशिक्षण शिविर में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की चेयरमैन डॉ कल्पना सैनी, जिला स्काउट कमिश्नर डॉ अनिल शर्मा जिला ने भी स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन का मार्गदर्शन किया। शिविर में जिला सचिव राजेश सैनी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त पुरविंदर शर्मा, डॉ शकुनसिंह, जितेंद्र पुंडीर, प्रदीप त्यागी, एहसानुद्दीन, गजेंद्र सिंह,मैनपाल सिंह, विनोद चैहान, सैनी ऋषिपाल लाभियान, सूमेघा आहूजा,बबीता त्यागी, पूर्णिमा प्राची,सुषमा बालियान, मीनाक्षी सैनी, सुनीता देवी, शाहिदा बानो, संगीता त्यागी, मंजू कक्कड़, सुनीता जुड़ेजा, विनिता त्यागी, रेणु सैनी, अर्चना चैहान, सारिका सैनी, विजय लक्ष्मी, गीता मेंहदीरत्ता, अरूण खरे, अखिल वर्मा आदि उपस्थित रहें।

## नेहरू स्टेड़ियम में वैलेनटाइन डे पर हुई माता-पिता की पूजा

» मदरलैंड संवाददाता

रुडकी। वैलनेटाइन-डे पर रविवार को नेहरू स्टेडियम में माता-पिता पूजन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र भर से हजारों की संख्या में युवाओ की भीड़ उमड़ी। युवक-युवतियो ने माता-पिता की पूजा कर भारतीय संस्कृति का दिवस मनाया। माता-पिता को आसन पर बिठाकर फूल-मालाएं पहनाई, तिलक लगाकर उनकी आरती की। अपने प्रति बच्चों के स्नेह और सम्मान से माता-पिता भी भावुक हो गए और उन्होने बच्चों को हृदय से लगा लिया। भारतीय परम्परा की यह झलक देखकर माता-पिता व उपस्थित अन्य लोगों की आंखें नमी हो गई। कार्यक्रम में विधायक प्रदीप बत्रा व मेयर गौरव गोयल माता-पिता के पूजन का दृश्य देख कर अभिभूत हो गए। माता पिता की आरती करने वाला पल कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर गया। हजारों की संख्या में जलते दीपक स्टेडियम में ही गंगा आरती की याद दिला रहे थे। संत आशाराम बापू ने 14 फरवरी को मातृ पितृ



पूजन दिवस प्रारम्भ करने के पीछे का उद्देश्य आश्रम प्रवक्ता नीलम दीदी ने सभी को समझाया। कार्यक्रम में माँ को समर्पित गीत तू कितनी अच्छी हैश एवं पुलवामा के शहीदों की स्मृति में तेरी मिट्टी में मिल जावां पर बच्चों ने प्रस्तुति दी। उल्लेखनीय है कि संत आशाराम बापू के आह्वान पर 14 फरवरी को ह्यमातृ-पितृ पूजन दिवसह्व मनाने की शुरूआत 14 वर्ष पहले हुई थी। लोगों को यह कार्यक्रम इतना पसंद आया कि आज भारत ही नहीं, विदेशों में भी मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया जाने लगा है। कार्यक्रम का हिन्दू, मुसलमान, सिक्ख, ईसाई, पारसी सभी धर्मों के लोगों ने हृदयपूर्वक स्वागत किया है। समाज के सभी तबकों के स्वागत का एक कारण यह भी है कि धर्म-जाति की परिधि से ऊपर उठकर इसमें सबके मंगल की भावना निहित है। विधायक प्रदीप बत्रा व मेयर गौरव गोयल को आश्रम संचालक प्रेम भाई ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में दर्शन भाई अवनीश भाई, किशन कुमार, राशि आदि का सहयोग रहा। योग वेदांत सेवा समिति, संत आशाराम आश्रम, युवा सेवा संघ, बाल संस्कार विभाग, महिला उत्थान मंडल आदि संगठनों ने अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक व पूरे जनसमूह ने आयोजन को खूब सराहा और भविष्य में ऐसे और भी आयोजनों की इच्छा जाहिर की। बच्चों ने भी वेलेंटाइन डे के बजाय अपने माता-पिता और गुरुजनों का आदर-सम्मान करने के इस दिन को प्रत्येक साल मनाने का संकल्प लिया।

## झबरेड़ा में दी गई पुलवाला के शहीदों को श्रद्धांजलि

» मदरलैंड संवाददाता

झबरेड़ा। पुलवामा हमलें में शहीद हुए जवानों को कस्बा स्थित अमर जवान चैक पर श्रद्धांजलि देकर याद किया गया। एनसीसी कैडेट ने सलामी देकर 14 फरवरी को पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानो को याद किया। चैधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज प्रांगण से एनसीसी परेड प्रारंभ होकर अमर जवान चैक पहुंची। एनसीसी कैप्टन सुशील आर्य ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए बिगुल सलामी दी। सभासद इंद्रेश मोती तथा कस्बा वासियों ने अमर जवानों को श्रद्धांजलि दी। कॉलेज प्रधानाचार्य ओम सिंह सैनी



ने कहा कि देश कभी इनके बलिदान को भुला नहीं पाएगा कैप्टन सुशील आर्य ने कहा कि 14 तारीख के दिन देश के सीआरपीएफ जवानों पर हुआ आतंकी हमला हुआ बड़ी शर्मनाक घटना थी लेकिन आज देश और देश के जवान पूरी मुस्तैदी से देश की रक्षा कर रहे हैं। कहा कि हम सब एक हैं एक हमारा भारत है एक हमारा नारा है। सबसे पहले हमारे लिए हमारा राष्ट्र प्रथम है कॉलेज प्रबंधक चैधरी कुलबीर सिंह ने ट्वीट कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और कहां कि देश इन कुर्बानियों को हमेशा याद रखेगा इनकी शहादत बेकार नहीं जाएगी। हम सब के लिए सबसे पहले राष्ट्र है। कार्यक्रम में सुलदीप त्यागी विनीत यादव अंकित पवार धर्मपाल सिंह वीरेंद्र सैनी नसीर अली पवन कंसल ऋषिपाल धीमान सुरेश कुमार सुरजीत सिंह और कुणाल आदि सभी कस्बे वासियों ने पुष्पांजलि देकर शहीदों को याद किया तथा राष्ट्रीय गान गाकर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर विधि शर्मा जानवी सैनी एनसीसी कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर अभिषेक त्यागी अंडर ऑफिसर सोनिया पवार स्वीटी मिक्की लक्ष्मी मोहम्मद साहिब आकाश धीमान विदेश पवार आदित्य शर्मा रितेश वर्मा कार्तिक नायक ऋषभ खटाना आदि सभी कैडेटों ने पूर्ण सहयोग किया। कार्यक्रम में पुलवामा के शहीदों को याद कर सबकी आंखें नम हो गई।

## युवक को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। ड्यूटी पर जाने को निकले बाइक सवार युवक को ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। इससे मौके पर ही बाइक सवार युवक की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर समेत मौके से फरार हो गया। भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और धरना प्रदर्शन करने लगे। पुलिस के अनुसार ग्राम नाथू खेड़ी निवासी रविंद्र कुमार पुत्र बलजीत सिंह लक्सर क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। 35 वर्षीय रविंद्र कुमार रविवार सुबह 5 बजे ड्यूटी पर जाने के लिए घर से बाइक पर निकला। गांव के बाहर सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गांव के आनंद व दीपक ने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी।



जिसके बाद परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने शव को रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

ग्रामीण किसी प्रशासनिक अधिकारी को मौके पर बुलाने और मृतक के परिवार को तत्काल प्रभाव से मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे थे। कोतवाल मंगलौर यशपाल सिंह बिष्ट शहर चैकी प्रभारी शहजाद अली ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण अपनी जिद पर अड़े रहे। करीब 7 घंटे तक शव सड़क पर रखा रहा। मृतक के भाई समर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तपोवन में अंजेश एवम कुलदीप भी हो गया गुम

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। चमोली के तपोवान में ग्लेशियर टूटने से हुई त्रासदी में झबरेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोहलपुर गाड़ा निवासी अंजेश पुत्र बिरम भी लापता हो गया है। एक सप्ताह बाद भी युवक का सुराग नहीं लग सका है। परिजन पथराई आंखो से बेटे के सकुशल घर वापसी की आस लगाए हैं। बेटे की राह तक रहे परिजनों की ओर से गंगनहर कोतवाली में गुमशुदगी भी दर्ज कराई हुई है। गुरूवार को बसपा प्रदेशाध्यक्ष नरेश गौतम ने प्रदेश उपाध्यक्ष मो. शहजाद, प्रदेश महामंत्री चैधरी राजेंद्र सिंह व विधानसभा अध्यक्ष आदित्य ब्रजवाल के साथ लाठरदेवा हूण पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हे हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बसपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह और पार्टी के तमाम कार्यकर्ता परिवार के साथ खड़े हैं। परिवार किसी भी तरह से अपने आपको अकेला न समझे। बसपाईयो ने परिवार को साथ लेकर गंगहनहर इंस्पेक्टर मनोज मेनवाल से भी मुलाकात की और इसे लेकर वार्ता की। इसमें कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बसपाईयो और परिवार के लोगों के लोगों को उनकी बात शासन प्रशाशन तक पहुंचाने और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अंजेश के पिता बिरम सिंह, बड़े भाई अनूप सिंह, चंद्र पाल सिंह व विधानसभा अध्यक्ष आदेश कुमार मौजुद रहे। वहीं पिरान कलियर क्षेत्र के कोटा मुरादनगर निवासी कुलदीप सैनी का भी अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। कुलदीप ऋषि गंगा पावर प्रोजेक्ट में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। बड़े भाई प्रदीप ने बताया कि 48 वर्षीय कुलदीप सैनी की घटना वाले दिन आखिरी बार सुबह अपनी बेटी पूजा से बात हुई थी। इसके बाद से फोन नहीं मिला। कुलदीप के साथ प्रोजेक्ट पर काम कर रहे मुरली ने बताया कि जिस समय आपदा आई, कुलदीप 65 फुट गहरे कुएं में काम कर रहे थे। प्रदीप ने बताया पिछले वर्ष कुलदीप ने अपने बेटे अंकित की शादी की थी। अब बेटी पूजा की शादी की तैयारी कर रहे थे। अंजेश और कुलदीप के परिजन कई दिन से चमोली में डेरा डाले है, लेकिन दोनों का अभी तक कोई पता नही चल पाया है। परिवार के लोगों को अभी भी उनके जिंदा होने की आस है। इसी आस में परिवार के लोग अपनों के इंतजार में बने हैं। जैसे ही फोन की घंटी बजती है तो परिवार के लोग एकदम से सहम जाते हैं।

## देश को वीर जवानों पर नाजः प्रदीप

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। कैंट बोर्ड शक्ति केंद्र के भाजपा संयोजक एवं पूर्व कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने रविवार को सैपर बाजार स्थित अपने कार्यालय पर पुलवाला हमले की बरसी पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया। प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि देश को वीर जवानों पर नाज है। अपने सैनिकों की बदौलत ही हम सुरक्षित हैं और खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। कहा कि भाजपा और मोदी सरकार पूरी तरह से देश के जवानों के साथ है। मोदी सरकार में देश के सैनिक दुश्मन देशों की सेना को खुलकर जवाब दे रहे हैं। सैनिकों को सरकार की तरफ से पूरी छूट दी हुई है। जिस कारण आज दुश्मन भारत माता की तरफ देखने से पहले सोच रहा है। उन्होने पुलवामा हमले को याद करते हुए कहा कि देश और देश के सैनिकों पर यह बड़ा हमला रहा। जिसमें हमारे 40 सैनिक शहीद हो गए, लेकिन भारतीय सेना ने भी साहस और शौर्य का परिचय देते हुए हमले के गुनहगारों को दबोचकर ढेर कर दिया। उन्होने नम आंखो से शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उन्हे नमन किया। कहा कि भारतीय सैनिक बहादुर होने के साथ-साथ एक सच्चा देशभक्त भी है। विपक्ष गंदी राजनीति कर रहा है। विपक्ष सरकार के हर अच्छे काम की भी आलोचना करने में लगा है। यही कारण है कि आज कांग्रेस व उसके सहयोगी दल सिमटते जा रहे हैं। देश का हर जवान, हर नागरिक भाजपा और मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है।

## रिकू शर्मा हत्याकांड के खिलाफ प्रदर्शन

» मदरलैंड संवाददाता

रूड़की। दिल्ली के मंगोलपुरी में हुई रिंकू शर्मा की हत्या के मामले में सर्व समाज के युवाओं ने रविवार को प्रदर्शन कर पुतला दहन किया और हत्यारोपियों को फांसी की की मांग की। चंद्रशेखर चैक पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज की ओर से आशीष पंडित ने कहा कि दिल्ली में जिस प्रकार से एक युवक की हत्या को अंजाम दिया है उससे साफ पता लगता है कि कुछ लोग देश का माहौल खराब करना चाहते हैं। कहा कि इस प्रकार के लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। अनूप शांडिल्य ने कहा कि आज पूरा देश रिंकू शर्मा के परिवार के साथ खड़ा है। रिंकू शर्मा के हत्यारों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। इस मौके पर पंडित शगुन शर्मा, विनय शर्मा, पंडित मयंक शर्मा, अनुज शर्मा, गौरव रत्न शर्मा, अनूप शांडिल्य, गौरव वत्स, अभिषेक शर्मा, वैभव शर्मा, सुजल कौशिक, रजत शर्मा, लकी शर्मा, आकर्षित शर्मा, देवांश शर्मा, नमन शर्मा, प्रणव रतूड़ी, पारस, रोहित, अनुज मौजुद रहे।

### सूचना

मैने अपने पुत्र का नाम आयुष भण्डरी से बदलकर अयुष भण्डारी रख लिया है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना, पहचाना व लिखा, पढ़ा जाए। अयुष भण्डारी पुत्र दर्शन सिंह, नि. आदर्श शिवाजी नगर, ढंडेरा, पोस्ट-मिलाप नगर, रुड़की, जिला हरिद्वार।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# इंडिगो और स्पाइसजेट शुरू करेंगी नई विमान सेवा

**नई दिल्ली ।** होली के मौके पर स्पाइसजेट और इंडिगो एयरलाइंस कुल 46 नई विमान सेवा शुरू करने जा रहा है।

नई विमान सेवा की सूची और किराया सूची दोनों कंपनियों ने जारी कर दी है। 28 मार्च से इंडिगो 22 नई विमान सेवा शुरू करेगी। इंडिगो क्षेत्रीय संपर्क योजना के तहत नई सर्विस शुरू करने जा रहा है जिसका फायदा यात्रियों को होगा1 इंडिगो ने जो नई सूची जारी की है उसके मुताबिक देश के कोने-कोने तक सुविधा पहुंचाने की कोशिश की गई है।

स्पाइसजेट का कहना है कि अजमेर-मुंबई मार्ग और अहमदाबाद-अमृतसर मार्ग पर फ्लाइट्स शुरू करने वाली देश की पहली कंपनी है।

इसके अलावा सूरत से चेन्नई के लिए फ्लाइट्स सप्ताह में चार दिन उड़ान भरेगी। कोरोना के कारण विमान सेवाओं को सस्पेंड कर दिया गया था। अब वैक्सीनेशन शुरू होने के बाद एयरलाइंस कंपनी फिर से अपने कारोबार पर लौट रही हैं। कंपनियों की कोशिश है कि होली के बड़े मौके से नई विमान सेवा शुरू की जाए जिससे लोगों को घर पहुंचने में कोई दिक्कत न हो।

# अगले सप्ताह लांच हो सकता है दुनिया का पहला बिटकॉइन ईटीएफ

## कनाडा के प्रमुख सिक्योरिटीज रेगुलेटर ने फंड के लॉन्च को दी है।



**नई दिल्ली ।** जल्द ही दुनिया का पहला बिटकॉइन ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) लॉन्च होने वाला है। कनाडा के प्रमुख सिक्योरिटीज रेगुलेटर ने दुनिया के पहले एक्सचेंज ट्रेडेड बिटकॉइन फंड के लॉन्च को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी एक इन्वेस्टमेंट मैनेजर और रेगुलेटर की ओर से जारी की गई है। यानी अब रिटेल इन्वेस्टर की ओर से ईटीएफ के जरिए क्रिप्टोकरंसी बिटकॉइन में पैसा लगाने का रास्ता साफ हो गया है। हो सकता है कि बिटकॉइन ईटीएफ अगले सप्ताह शुरू हो जाए। ओन्टेरियो सिक्योरिटीज कमीशन ने पर्पज इन्वेस्टमेंट्स इंक को टोरंटो स्टॉक एक्सचेंज पर पर्पज बिटकॉइन ईटीएफ लाने के लिए इजाजत दी है। यह फैसला करने वाला कनाडा दुनिया का पहला देश बन गया है। पर्पज इन्वेस्टमेंट्स इंक के प्रवक्ता का कहना है कि बिटकॉइन ईटीएफ में ट्रेडिंग अगले सप्ताह से शुरू करने की योजना है। ट्रेडिंग बीटीसीसी टिकर के अंतर्गत शुरू की जाएगी।

# टिकटॉक भारतीय कारोबार को बेच सकती है बाइटडांस!

**नई दिल्ली ।** चीन की बाइटडांस लिमिटेड टिकटॉक के भारतीय कारोबार को अपनी प्रतिद्वंद्वी कंपनी ग्लांस को बेचने पर विचार कर रही है।

यह बात ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट से सामने आई है। शॉर्ट वीडियो शेयरिंग ऐप टिकटॉक भारत में बेहद लोकप्रिय था लेकिन अब ये प्रतिबंधित हो चुका है।

मामले की जानकारी रखने वालों के मुताबिक टिकटॉक इंडिया की बिक्री के लिए जापान के सॉफ्टबैंक ग्रुप कॉर्पोरेशन ने बातचीत शुरू कर दी है लेकिन वह अभी सामने नहीं आना चाहता क्योंकि बातचीत निजी और गंभीर है।

सॉफ्टबैंक ग्रुप की ग्लांस की पेरेंट कंपनी इनमोबी पीटीई और टिकटॉक की पेरेंट कंपनी बाइटडांस दोनों में हिस्सेदारी है। मामले के जानकार लोगों का कहना है कि बातचीत सॉफ्टबैंक, बाइटडांस और ग्लांस के बीच चल रही है।

अगर डील फाइनल होती है तो इसे इंडियन अथॉरिटीज से मंजूर कराना होगा। इस डील के बारे में सॉफ्टबैंक, बाइटडांस और ग्लांस की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### इस सप्ताह वैश्विक संकेतों से तय हो सकती है शेयर बाजारों की चाल

नई दिल्ली । स्थानीय शेयर बाजारों की चल आगामी सप्ताह के दौरान वैश्विक संकेतों से तय हो सकती है। विश्लेषकों ने यह राय देते हुए कहा कि कंपनियों के तिमाही परिणामों की घोषणा का दौर लगभग पूरा होने को है, ऐसे में बाजार में कुछ गिरावट भी देखने को मिल सकती है। उनकी राय में रुपए की विनिमय दर और विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश के रुझानों से भी बाजार प्रभावित हो सकता है। बाजार के जानकारों ने कहा कि शेयर सूचनकांकों में हाल में दिखा समायोजन (गिरावट) अनुमानों के अनुसार है पर बाजार में थकान जैसा कोई संकेत नहीं दिख रहा है। तिमाही परिणामों की घोषणा का मौसम अब बीत चुका है। बाजार के आगे की दिशा वैश्विक बाजारों के रुझान से प्रभावित हो सकती है। बाजार अब तक सभी प्रमुख घटनाओं के अनुमानों के अनुसार अपना गुणा-भाग कर चुका है। आने वाले सप्ताह में समायोजन या कीमतों में एक स्वस्थ गिरावट दिख सकती है। विश्लेषकों का भी मानना है कि एक सुधारवादी बजट के बाद आई भारी तेजी के बाद बाजार में अब थोड़ी गिरावट दिख सकती है। उन्होंने कहा कि बाजार की धारणा सकारात्मक बनी रहेगी पर वैश्विक बाजारों के रुझान का बाजार पर असर पड़ सकता है। यूरोपीय बाजारों में कमजोरी दिखने से वैश्विक बाजार के संकेत मिलेजुले आ रहे हैं।

### ओएनजीसी का मुनाफा 67 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने कहा कि तेल और गैस की कीमतों में गिरावट के चलते चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसका मुनाफा 67 प्रतिशत घट गया। कंपनी ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर 2020 तिमाही में उसका मुनाफा 1,378 करोड़ रुपए था, जो इससे पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 4,226 करोड़ रुपए के मुकाबले 67.4 प्रतिशत कम है। इस दौरान कंपनी को कच्चे तेल के लिए प्रत्येक बैरल 43.9 डालर की कीमत मिली, जबकि इससे एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 58.24 डालर प्रति बैरल था। इस तरह समीक्षाधीन अवधि में गैस की कीमत 3.23 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू से घटकर 1.79 प्रति एमएमबीटीयू रह गई। इस दौरान कंपनी की कुल आय 28 प्रतिशत घटकर 17,024 करोड़ रुपए रही। कंपनी बोर्ड ने बैठक में 35 प्रतिशत का अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी, जो पांच रुपए अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर पर प्रति शेयर 1.75 रुपए है। कंपनी ने बताया कि इस मद में कुल 2,201.55 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा बोर्ड ने गैस और एलएनजी व्यवसाय की मूल्य श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के गठन को मंजूरी दी। ओएनजीसी ने कहा कि उसके बोर्ड ने रणनीतिक निवेश के रूप में इंडियन गैस एक्सचेंज लिमिटेड (आईजीएक्स) में पांच प्रतिशत इक्विटी के अधिग्रहण को भी मंजूरी दी है।

### तीसरी, चौथी तिमाही में मजबूत जीडीपी वृद्धि की उम्मीदः पीएचडीसीसीआई

नई दिल्ली । उद्योग संगठन पीएचडीसीसीआई ने कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी और चौथी तिमाही में देश की जीडीपी में रिकार्ड वृद्धि होने की उम्मीद है और पिछले 10 महीनों के दौरान सरकार द्वारा किए गए विभिन्न सुधारों के चलते अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। संगठन ने कहा कि उसके द्वारा क्यूईटी (त्वरित आर्थिक रुझान) के 10 संकेतकों में नौ सकारात्मक हैं। क्यूईटी आर्थिक और व्यावसायिक गतिविधि की निगरानी संबंधी संकेतक हैं, जिसकी निगरानी पीएचडीसीसीआई करती है। भारतीय अर्थव्यवस्था में जून तिमाही के दौरान रिकॉर्ड 23.9 फीसदी की गिरावट हुई थी, जबकि दूसरी तिमाही में 7.5 फीसदी की गिरावट हुई। पीएचडीसीसीआई ने कहा कि पिछले 10 महीनों में सरकार द्वारा किए गए विभिन्न सुधारों के साथ ही निवेश और मांग को बढ़ाने के लिए किए गए उपायों तथा आम बजट के चलते वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी और तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि के जोरदार होने की उम्मीद है। बयान में कहा गया है कि बेरोजगारी दर, शेयर बाजार, जीएसटी संग्रह, विनिर्माण पीएमआई, विदेशी मुद्रा भंडार, रेलवे माल ढुलाई, वस्तुओं निर्यात, विनिमय दर और यात्री वाहनों की बिक्री जैसे आर्थिक तथा कारोबारी संकेतकों का रुख दिसंबर 2020 की तुलना में जनवरी 2021 में सकारात्मक है।

### शाओमी एमआई 11 अल्ट्रा को भारतीय बाजार में लांच करने की तैयारी में

मुंबई । शाओमी एक नया स्मार्टफोन लाने की तैयारी में है। यह स्मार्टफोन शाओमी एमआई 11 अल्ट्रा हो सकता है। यह कंपनी की एमआई 11 सीरीज का दूसरा स्मार्टफोन हो सकता है। खबरें हैं कि शाओमी आने वाले महीनों में एमआई 11 प्रो और एमआई 11 अल्ट्रा स्मार्टफोन लांच कर सकती है। शाओमी के एमआई 11 की तरह ही एमआई 11 प्रो और एमआई 11 अल्ट्रा स्मार्टफोन भी हाई-इंड क्वॉलकॉम स्नैपड्रैगन 888 प्रोसेसर से पावर्ड होगा। स्मार्टफोन शाओमी एमआई 11 अल्ट्रा को अब एक यूट्यूब वीडियो में देखा गया है, जिससे फोन के डिजाइन और इसके बैक में दी गई खास स्क्रीन का खुलासा हुआ है। यूटयूब पर वीडियो को चैनल ने पोस्ट किया था। हालांकि, अब इस हटा लिया गया है। इससे पता लगता है कि फोन में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप होगा। यह फोन 120 एक्स जूम के साथ आ सकता है। शाओमी के फोन में 6.8 इंच का एलोयड डिस्प्ले दिया गया है। बैक पैनल पर दी गई छोटी सेकंडरी स्क्रीन, प्राइमरी कैमरे के पास होगी। एमआई 11 अल्ट्रा के बैक में ट्रिपल कैमरा सेटअप होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि एमआई 11 अल्ट्रा के बैक में प्राइमरी सेंसर 50 मेगापिक्सल का होगा। इसके अलावा, फोन के बैक में 48 मेगापिक्सल का पेरिस्कोप टेलिफोटो जूम लेंस और 48 मेगापिक्सल का वाइड-एंगल लेंस होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि फोन के पीछे दिया गया सेकंडरी डिस्प्ले बहुत छोटा है।

# तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह रही तेजी



**नई दिल्ली ।** आगामी त्यौहारी मांग और बाजार में कारोबारी गतिविधियों के बढ़ने से बीते सप्ताह दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में खाद्यतेल की कीमतों में सुधार आया। इस दौरान लगभग सभी तेल-तिलहनों के भाव लाभ के साथ बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि मध्य प्रदेश में विभिन्न जिंसों के अलावा तिलहन फसलों के मंडी शुल्क में लगभग एक प्रतिशत की वृद्धि की गई है जिससे सरसों और सोयाबीन के दाम में लगभग 50 रुपए क्विन्टल की वृद्धि होने की संभावना है। सोयाबीन दाना और लूज के भाव पिछले सप्ताहांत के मुकाबले क्रमशः 175 रुपए और 170 रुपए के सुधार के साथ क्रमशः 4,900-4,950 रुपए और 4,805-4,845 रुपए प्रति क्विन्टल पर बंद हुए। सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और डीगम तेल के भाव क्रमशः 220 रुपए, 220 रुपए और 170 रुपए के सुधार के साथ क्रमशः 12,320 रुपए, 11,870 रुपए और 10,970 रुपए प्रति क्विन्टल पर बंद हुए। पिछले सप्ताहांत सरसों दाना 150 रुपए सुधरकर 6,475-6,525 रुपए क्विन्टल और सरसों दादरी तेल 500 रुपए सुधरकर 13,400 रुपए क्विन्टल तथा सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल की कीमतें 75-75 रुपए के सुधार के साथ क्रमशः 2,015-2,165 रुपए और 2,145-2,260 रुपए प्रति टिन पर बंद हुईं। निर्यात गतिविधियों में आई तेजी के बीच मूंगफली दाना सप्ताहांत में 35 रुपए के सुधार के साथ 5,700-5,765 रुपए क्विन्टल और मूंगफली गुजरात तेल 100 रुपए के सुधार के साथ 14,350 रुपए क्विन्टल पर बंद हुआ। मूंगफली सॉल्वेंट रिफाइंड की कीमत भी समीक्षाधीन सप्ताहांत में 10 रुपए सुधरकर 2,280-2,340 रुपए प्रति टिन बंद हुई। समीक्षाधीन सप्ताहांत में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का भाव 300 रुपए सुधरकर 10,200 रुपए पर बंद हुआ। रिफाइंड पामोलिन दिल्ली और कांडला (बिना जीएसटी) के भाव क्रमशः 450 रुपए और 300 रुपए सुधरकर क्रमशः 11,850 रुपए और 10,950 रुपए प्रति क्विंटल हो गए। समीक्षाधीन सप्ताहांत में बिनौला तेल भी 500 रुपए (बिना जीएसटी के) का सुधार दशार्ता 11,000 रुपए क्विंटल हो गया।

# चालू विपणन सत्र में अब तक धान की 1.20 लाख करोड़ की सरकारी खरीद



**नई दिल्ली ।** दिल्ली की तमाम सीमाओं पर किसानों के जारी विरोध प्रदर्शन के बीच चालू खरीफ विपणन सत्र में अब तक धान की खरीद में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह खरीद 638.57 लाख टन की हुई है, जिसकी कीमत 1,20,562 करोड़ रुपए है। खरीफ विपणन वर्ष अक्टूबर से शुरू होता है। एक सरकारी बयान में कहा गया कि चालू खरीफ विपणन सत्र (केएमएस) 2020-21 में सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मौजूदा योजनाओं के अनुसार किसानों से एमएसपी पर खरीफ 2020-21 की फसलों की खरीद जारी रखे है, जैसा कि पिछले सत्रों में किया गया था। बयान में कहा गया है कि सरकार ने 12 फरवरी तक 638.57 लाख टन धान की खरीद की है, जो पिछले विपणन वर्ष की इसी अवधि में 549.30 लाख टन की खरीद से 16.25 प्रतिशत अधिक है। बयान में कहा गया कि लगभग 91.69 लाख किसानों को पहले ही 1,20,562.19 करोड़ रुपए के एमएसपी मूल्य पर की गई इस खरीद अभियान से लाभान्वित हो चुके हैं। धान की अब तक की गई 638.57 लाख टन की कुल खरीद में से, पंजाब ने अकेले 202.82 लाख टन का योगदान दिया है। कई राज्यों में एमएसपी के तहत कपास बीज की खरीद कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। 12 फरवरी तक, 18,90,736 किसानों को लाभान्वित करते हुए 26,643.55 करोड़ रुपए मूल्य की 91,35,211 कपास गांठों की मात्रा खरीदी गई है।

# वोडाफोन आइडिया का तीसरी तिमाही का घाटा कम हो कर 4,532 करोड़ रहा

**नई दिल्ली ।** कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया ने बताया कि 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त तीसरी तिमाही में उसका घाटा कम हो कर 4,532.1 करोड़ रुपए रहा। इंडस टावर्स के शेयर बेचने से एक बार की आय से उसका घाटा सीमित हुआ है। कंपनी ने एक साल पहले समान तिमाही में 6,438.8 करोड़ रुपए का घाटा दर्ज किया था। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने इंडस टावर्स का भारती इंफ्राटेल के साथ विलय होने पर उसमें अपनी 11.15 प्रतिशत हिस्सेदारी 3,760 करोड़ रुपए में बेची। वोडाफोन आइडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वित्त वर्ष 2021 की तीसरी तिमाही में हमने ग्राहकों को जोड़े रखने और परिचालन कार्य के मामले में अधिक अच्छा प्रदर्शन किया। इसमें हमें वीआई गीगानेट से मदद मिली।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें फिर बढ़ीं

**नई दिल्ली ।** घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने रविवार को लगातार छठे दिन पेट्रोल-डीजल के दाम में बढ़ोतरी कर दी है। दिल्ली में पेट्रोल 29 पैसे और डीजल 32 पैसे महंगा हो गया है। कल भी पेट्रोल-डीजल के दाम में 30 और 36 पैसे की बढ़ोतरी हुई थी। देश भर में पेट्रोल के दाम 26 से 30 पैसे तक बढ़ गए हैं और डीजल 20 पैसे से लेकर 32 पैसे तक बढ़े हैं। इसी तरह मुंबई में भी पेट्रोल-डीजल के दाम ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। दिल्ली में 14 फरवरी को पेट्रोल कल के भाव में 88.44 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 88.73 यानी 29 पैसे की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह डीजल कल के भाव 78.74 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 79.06 यानी 32 पैसे की छलांग लगा दी है। मुंबई में भी पेट्रोल के दाम 28 पैसे बढ़कर 95.21 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 34 पैसे बढ़कर 86.04 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं। कोलकाता में भी पेट्रोल के दाम 28 पैसे बढ़कर 90.01 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 32 पैसे बढ़कर 82.65 रुपए प्रति लीटर हो गए। चेन्नई में भी पेट्रोल के दाम 26 पैसे बढ़कर 90.96 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 20 पैसे बढ़कर 84.16 रुपए प्रति लीटर पहुंच गए।

# दस प्रमुख कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.40 लाख करोड़ बढ़ा

## मूल्यांकन के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज बाजार की सबसे बड़ी कंपनी रही

**नई दिल्ली ।** शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह तेजी का सिलसिला बने रहने के साथ सेंसेक्स की दस प्रमुख कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) कुल मिलाकर 1,40,430.45 करोड़ रुपए बढ़ गया।

इनमें सबसे ज्यादा लाभ रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 74,329.95 करोड़ बढ़ कर 12,94,038.34 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 22,943.86 करोड़ बढ़कर 4,47,323.82 करोड़ रुपए, इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 15,888.27 करोड़ रुपए उछल कर 5,57,835.85 करोड़ रुपए, एचडीएफसी की बाजार हैसियत 12,439.33 करोड़ रुपए सुधर कर 5,02,316.66 करोड़ रुपए, टीसीएस की 12,420.4 करोड़ रुपए बढ़कर 11,97,442.25 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 2,274.77 करोड़ रुपए चढ़कर 3,36,032.83 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत 133.87 करोड़ रुपए के सुधार के साथ 3,50,915.73 करोड़ रुपए हो गई। इसके विपरीत एचडीएफसी बैंक का शेयर भाव के हिसाब से मूल्यांकन 8,015.87 करोड़ रुपए गिर कर 8,71,719.64 करोड़ रुपए, हिंदुस्तान यूनीलीवर का 6,684.48 की हानि के साथ 5,26,747.02 करोड़ रुपए और कोटक महिंद्रा बैंक का बाजार पूंजीकरण 6,160.88 रुपए संकुचित हो सप्ताहांत 3,86,580.16 करोड़ रुपए पर आ गया। मूल्यांकन के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज बाजार की सबसे बड़ी कंपनी रही। उसके बाद टीसीएस और एचडीएफसी बैंक का स्थान है।

# इन्दौर बाजार भाव




**इन्दौर ।** मॉग अटकने से शनिवार को दलहनों में तुअर बाजार ठहराव पर रहे। मसूर में मजबूती रही। खाद्य तेलों में बाजार टिकाव पर रहे। तिलहनों में सरसो 5300 रू. क्वंटिल पर मामूली लटक पर रही। सोयाबीन में टिकाव रहा। किराना जिंसों में हल्दी में लेवाली रही। शक्कर में सुस्ती रही। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार तुअर में ऊपरी भावों पर मॉग अटकने से भावों में ठहराव रहा। मसूर बाजार 5300 रू. क्वंटिल पर स्थरि रहे। खाद्य तेलों में बाजार बने रहे। तिलहनों में सरसो 5300 रू. क्वंटिल पर मामूली लटक पर रही। उधर किराना जिंसों में हल्दी में लेवाल बने रहने से भावों में मजबूती रही। भाव इस प्रकार रहे :-**किराना :-** शक्कर 3330-3360, खोपरा गोला 175-190, खोपरा बूरा 3000-4500, जीरा राजस्थान 142-145, ऊंझा हल्का 150-155, मीडियम 158-165, बेस्ट 173-185, हल्दी निजामाबाद 110-115, सांगली 145-150, साबूदाना हल्का 4550-4600, मीडियम 4700-4800, बेस्ट 4850-5000, सच्चा मोती 6350-6400, सौंफ मोटी 68-77, मीडियम 85-120, बेस्ट 125-185, सौंफ बारकि 190-220, कालीमिर्च एटम 365-370, गरबल 360-365, मटर दाना 395-420, खसखस अनक्लीन 435-600, क्लीन 650-900, एक्स्ट्रा 1275-1350, दालचीनी 270-280, जायफल 720-800, वाद्यान फूल 780-850, शाहजीरा 425-450, तेजपान 88, पत्थर फूल 340-550, जावत्री 1950-2000, एक्स्ट्रा 2050-2100, नागकेसर 525-550, सौंठ 320-350, धोली मूसली 815-850, लौंग 420-470, हींग (वनदेवी 751) 2600-2650, सिंघाडा बड़ा 250-280, 175-190, सिंदूर 6300, देशी कपूर 1175-1225, पूजा बादाम 70-75, बेस्ट 175-180, पूजा सुपारी 325-365, हरि इलायची शंकर बोल्ड 1750-1800, विरूद्ध नगर 1925-1950, बोल्ड 2150-2200, एक्ट्रा बोल्ड 2250-2500, पानबार 1650, बड़ी इलायची 500-650, तरबूज मगज 128-133, काजू (240) 880-890, काजू (320) 740-750, काजू डब्ल्यू वन 700-715, एस. डब्ल्यू 685-700, एस.एस. डब्ल्यू 670-675, काजू जे.एच. 525-550, काजू टुकड़ी 475-485, अखरोट 385-600, किशमिश कंधारी 230-450, इंडियन 165-230, चारौली 1050, बेस्ट 1150, मुनक्का 350-700, मखाना 440-725, बादाम मगज 540-565, सिंगापुरी 545-560, टंच 550, पिस्ता 1625-1720, केसर 75-90, आटा 940, मैदा कट्टा 1080-1090, रवा कट्टा 1150-1180, नारियल (120) 1600-1650, (160) 1751-1800, (200) 1951-2000, (250) 2100-2151, **तेल :-** सींगदाना 1470-1490, मुम्बई 1470, राजकोट 2305-2310, सोया साल्वेंट 1055-1060, सोया रिफाइंड 1125-1130, कपास्या 1085-1090, धूलिया 1088-1091, कड़ी 1090-1091, **रात की धारणा :-** गुजरात लुज 1430-1435, मुम्बई पाम 1108, मुम्बई सोया 1110, सोया रिफाइंड वायदा, **खली :-** वायदा (60 कि.ग्रा.) 1525, **तिलहन :-** सरसो 5300, रायडा 4850-5100, सोयाबीन 4950-5000, टोली 3400-3450, **दलहन :-** चना कांटेवाला बेस्ट 4750-4775, एवरेज 4650-4675, नया चना 4500-4625, डंकी चना 4100-4200, देशी 4200-4225, काबली चना डबल डॉलर 6500, मसूर बेस्ट 5300-5325, एवरेज 5150-5200, मूंग देशी 7300-7400, पाला 7400-7500, चमकी 7500-7600, नायलोन 7700-7800, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6500-6600, एवरेज 6200-6300, हल्की 6000-6100, तुअर महाराष्ट्र 6700-6800, उड़द बेस्ट 8300-8400, एवरेज 8100-8200, शंकर 7800-7900, हल्की 7500-7700, **दाल :-**चना दाल एवरेज 5400-5700, बोल्ड 5800-5900, तुअर दाल सवा नं. 8300-8400, फूल 8500-8600, बोल्ड 8800-9000, मसूर दाल 6450-6550, बोल्ड 6500-6600, मूंग दाल 8500-8600, बोल्ड 8800-8900, मूंग मोगर 9100-9200, बोल्ड 9500-9800, उड़द दाल 8600-8700, बोल्ड 8800-8900, मोगर 9900-10600, **अनाज :-** गेहूं मिल क्वालिटी 1750-1800, (147) 1900-1950, बेस्ट 2050-2100, लोकवन 1800-1900, चन्द्रोसी 2100-2700, ज्वार देशी 2000-2200, सी.एच. 5 1300-1350, मक्का पीली 1320-1350, गज्जर 1160-1170, **चावल :-** चावल हंसा सफेद 2200-2300, सेला 2450-2550, परमल 2600, दुबराज 4000-4100, काली मुंछ 6500-7000, बासमती दुबार 6500-7000, तिबार 7500-8000, बासमती 9000-9500, मिनी दुबार 5000-6000, **मावा :-** इन्दौर 260, रतलाम 190, उज्जैन 240

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस 11
नई दिल्ली, सोमवार 15 फरवरी 2021

# दर्शकविहीन मुकाबलों में आस्ट्रेलियन ओपेन के चौथे दौर में पहुंचे राफेल नडाल, मेदवेदेव और बार्टी



**मेलबर्न ।** साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के छठे दिन दूसरी वरीयता प्राप्त राफेल नडाल, दानिल मेदवेदेव और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज महिला खिलाड़ी एश बार्टी के अलावा एलिना स्वितोलिना ने चौथे दौर में जगह बना ली। दुर्भाग्य की बात यह रही कि मेलबर्न में लॉकडाउन के चलते खिलाड़ियों के बेहतरीन खेल को सराहने के लिए कोई दर्शक कोर्ट पर नहीं था। स्पेनिश स्टार नडाल ने कैमरन नौरी पर 7-5, 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की। नडाल का सामना अब 16वें नंबर के फैबियो फोगनिनी से होगा। इटली के अनुभवी खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के 21वें वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर पर सीधे सेटों में जीत दर्ज की। रेकार्ड 21वां मेजर खिताब जीतने की कोशिश में जुटे नडाल कमर की मांसपेशियों में खिंचाव के साथ टूर्नमेंट में खेलने उतरे और उन्होंने इस प्रतियोगिता से पहले 2021 में कोई प्रतिस्पर्धी मैच भी नहीं खेला। नडाल ने 16 में से 14वीं बार मेलबर्न पार्क के चौथे दौर में जगह बनाई। नडाल ने 69वीं रैंकिंग के खिलाड़ी नौरी के खिलाफ केवल एक डबल फॉल्ट की और केवल एक बार सर्विस गंवाई। हालांकि उन्होंने विनर (33) की तुलना में ज्यादा सहज गलतियां (35) कीं। छठे नंबर की महिला खिलाड़ी कैरोलिना प्लिस्कोवा उलटफेर का शिकार हुईं। बार्टी ने रूस की इकेटरीना एलेक्सांद्रोवा को 6-2, 6-4 से हराकर लगातार तीसरे वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी स्वितोलिना ने 26वीं रैंकिंग वाली यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-4, 6-0 से हराया, जबकि मेदवेदेव ने पांच सेटों के मुकाबले में दुनिया के 28वें वरीय खिलाड़ी फिलीप क्राजिनोविच को 6-3, 6-3, 4-6, 3-6, 6-0 ने मात दी। एक होटल में कोरोना संक्रमण के मामले आने के बाद विक्टोरिया प्रांत में पांच दिन का लॉकडाउन लगा दिया गया है। इससे पहले पांच दिन रोज 30000 दर्शक कोर्ट पर आ रहे थे। आंद्रे रूबलेव ने 39 वर्षीय फेलिसियानो लोपेज पर 7-5, 6-2, 6-3 से जीत हासिल की जिससे वह क्वॉर्टरफाइनल में मेदवेदेव से भिड़ सकते हैं। सातवें वरीय रूबलेव चौथे दौर में नार्वे के कैस्पर रड से भिड़ेंगे। रूसी खिलाड़ियों में 19वें कारेन खाचानोव को हार का सामना करना पड़ा, उन्हें 9वें नंबर के खिलाड़ी माटियो बेरेटिनी ने 7-6, 7-6, 7-6 से हराया। बेरेटिनी अब पांचवें वरीय स्टेफानोस सिटसिपास के सामने होंगे जिन्होंने स्वीडन के मिकाएल यमर को 6-4, 6-1, 6-1 से शिकस्त दी। महिलाओं के वर्ग में बार्टी का सामना अब अमेरिका की शेल्बी रोजर्स से होगा जिन्होंने 21वें नंबर की खिलाड़ी एनेट कोंटोवेट को 6-4 6-3 से मात दी। बार्टी ने दर्शकों की अनुपस्थिति पर कहा, ह्ययह अभ्यास जैसा ही महसूस हो रहा है, इसलिए हम इसके काफी आदी हैं। एलिसे मर्टन्स को 11वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिच को 6-2 6-1 से हराने में केवल 62 मिनट लगे। 18वीं वरीयता प्राप्त मर्टन्स चौथे दौर के मैच में कैरोलिना मुचोवा के सामने होंगी जिन्होंने प्लिस्कोवा को 7-5, 7-5 से हराकर उलटफेर किया। स्वितोलिना 2019 में विम्बलडन और अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल तक पहुंची थी। चौथी रैंकिंग वाले मेदवेदेव का विजय अभियान इस जीत के साथ 17 मैचों का हो गया। उन्होंने 2020 में सत्र का आखिरी एटीपी फाइनल्स जीता था। पिछले साल यूएस ओपन फाइनल में पहुंचे मेदवेदेव का सामना अब मैकेंजी मैकडॉनल्ड से होगा। 61वीं रैंकिंग वाली जेसिका पेगुला ने क्रिस्टीना म्लादेनोविच को 6-2, 6-1 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। पहले दौर में उसने दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका को हराया था।

# मिक्स्ड डबल्स में रोहन बोपन्ना के हारने के साथ ही आस्ट्रेलियन ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त



**मेलबर्न ।** अनुभवी रोहन बोपन्ना के मिश्रित युगल वर्ग के पहले दौर में हारने के साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई है। बोपन्ना और चीन की यिंगिइंग दुआन की जोड़ी अमेरिका की बेथानी माटेक सैंड्स और ब्रिटेन के जैमी मरेसे 4-6, 4-6 से पराजित हो गई। पहले दौर का मैच करीब एक घंटे तक चला। इससे पहले बोपन्ना और जापान के बेन मैकलाचलान को पुरूष युगल वर्ग में कोरिया के वाइल्ड कार्डधारी जि युंग नैम और मिन क्यु सोंग ने 6-4, 7-6 से हराया था। दिविज शरण और अंकिता रैना पुरुष और महिला युगल से पहले दौर में ही हारकर बाहर हो चुके हैं। किसी ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली तीसरी भारतीय महिला अंकिता और रोमानिया की मिहाइला बुजारनेकू की जोड़ी वाइल्ड कार्डधारी ओलिविया गाडेकी और बेलिंडा वुलकॉक से एक घंटे 17 मिनटमें 3-6, 0-6 से हार गई। पुरुष युगल वर्ग में दिविज शरण और स्लोवाकिया के इगोर जेलेने की जोड़ी को जर्मनी के यानिक हांफमैन और केविन के ने पहले दौर में 6-1, 6-4 से हराया।

## संक्षिप्त समाचार

### गलतियों से सबक लेते हैं अजिंक्य रहाणे, मुश्किल दौर में उन पर किया जा सकता है विश्वास : गावस्कर

नई दिल्ली । चेन्नई टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। शनिवार के स्कोर में टीम इंडिया के बल्लेबाज सिर्फ 29 रन ही और जोड़ पाए। पूरी टीम 329 रनों पर ही आल आउट हो गई। टीम इंडिया की तरफ से रोहित शर्मा ने सबसे अधिक 231 गेंदों पर 161 रन बनाए। उप कप्तान अजिंक्य रहाणे ने उनका अच्छा साथ दिया। पहले टेस्ट मैच में असफल रहने वाले रहाणे 67 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। ऋषभ पंत भारत की तरफ से तीसरे बल्लेबाज थे, जिन्होंने 50 से अधिक रन बनाए। पंत 58 रन बनाकर नाटआउट रहे। रहाणे के प्रदर्शन को लेकर सुनील गावस्कर ने बड़ी बात कही। उन्होंने कहा वह एक ऐसे बल्लेबाज हैं, जो मुश्किल समय में टीम इंडिया के लिए महत्वपूर्ण हो जाते हैं। सुनील गावस्कर ने कहा दूसरे मैच में रहाणे जिस तरह आउट हुए, अगर आप देखें तो उनका हाथ ऑफ स्टंप के अधिक बाहर था। इसलिए वह गेंद को समझ नहीं पाए। अगर आप दूसरे तरफ से देखें तो तो सर सीधा था, इसके कारण भी समझने में समस्या हुई। उन्होंने कहा कि वह एक बल्लेबाज हैं, जो अपनी गलतियों से सीखते हैं। वह एक ऐसे बल्लेबाज हैं जिनके ऊपर मुश्किल दौर में विश्वास किया जा सकता है। वह मुश्किल पिचों पर रन बनाने में माहिर हैं। अजिंक्य रहाणे पहले टेस्ट मैच में जिस तरह से आउट हुए थे, उसको लेकर काफी आलोचना हुई थी। इंग्लैंड की पहली पारी में शुरूआत अच्छी नहीं रही। रोरी बर्न्स बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। टीम इंडिया चार मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है। ऐसे में टीम इंडिया की कोशिश होगी कि यह मैच जीतने की। वर्ल्ड चैंपियनशिप के दृष्टिकोण से भी यह मैच भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

### बॉक्सेम इंटरनेशनल टूनार्मेंट में हिस्सा लेंगे मेरीकोम सहित आठ भारतीय मुक्केबाज

नई दिल्ली । भारत की अनुभवी महिला मुक्केबाज एमसी मेरीकोम सहित आठ अन्य मुक्केबाज स्पेन के केस्टेलोन में अगले महीने मार्च में होने वाले बॉक्सेम इंटरनेशनल टूनार्मेंट में भाग लेंगी। कोरोना महामारी के कारण एक साल बाद भारतीय मुक्केबाज किसी टूनार्मेंट में भाग ले रहे हैं। इन सभी मुक्केबाजों ने आगामी टोक्यो ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर लिया है। छह बार की विश्व चैंपियन मेरीकोम ने पिछले साल जोर्डन में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में हिस्सा लिया था। स्पेन में होने वाला यह टूनार्मेंट एक से सात मार्च तक चलेगा। मेरीकोम पिछले साल के अंत में डेंगू से पीड़ित हो गई थी और पिछले महीने ही बेंगलुरू में राष्ट्रीय शिविर से जुड़ी हैं। वहीं घुटने की चोट से उबरने के बाद राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मनीष कौशिक भी (63 किग्रा) वर्ग के इसी टूनार्मेंट के साथ वापसी करेंगे। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (52 किग्रा) भी स्पेन में होने वाले इस टूनार्मेंट में भाग लेंगे। हुसामुद्दीन मोहम्मद (57 किग्रा), विकास कृष्ण यादव (69 किग्रा), आशीष कुमार (75 किग्रा), सुमित सांगवान (81 किग्रा), संजीत (91 किग्रा) और सतीश कुमार (91 किग्रा) भी इस टूनार्मेंट में भाग लेंगे। इनमें से अमित, विकास, आशीष, सतीश और मनीष ने टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया हैं। वहीं महिला वर्ग में जास्मीन नया चेहरा होंगी। वह 57 किग्रा वर्ग में एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मोन के साथ चुनौती पेश करेंगी। स्पेन में होने वाली प्रतियोगिता के लिए सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (69 किग्रा) और पूजा रानी (75 किग्रा) को भी टीम में शामिल किया है।

### शोएब अख्तर पर भड़कीं फिल्मी हस्तियां

करांची । पाकिस्तान क्रिकेट लीग (पीएसएल) के ऐथंम सॉन्ग की आलोचना पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को भारी पड़ी है। अख्तर ने इस गाने को लेकर कहा था कि यह कैसा गाना है। कौन बनाता ऐसे घटिया गाने। अख्तर की इस आलोचना के बाद पाकिस्तान की कई हस्तियों ने उनकी आलोचना की है। पाक अभिनेता नावीद रजा ने अख्तर के बयान पर कहा कि दूसरों की तारीफ करना सीखें। सबसे खराब वायरस है इंसानों की कद्र ना करना। ह्यग्रूव मेराह्ण एक अच्छा गाना है। वहीं पाकिस्तानी सिंगर फरहान सईद ने कहा कि वह अख्तर की इज्जत करते हैं पर उन्होंने इस बार मूर्खता पूर्ण बयान दिया है। वहीं अभिनेता और संगीतकार हारून भी अख्तर के बयान से नाराज नजर आये। हारुन ने कहा कि मैं अख्तर को बदनाम नहीं करना चाहता लेकिन वह जब जिसके बारे में बात कर रहें हैं तो हमें उनकी इंग्लिश कमेंट्री की बात करनी चाहिए। अख्तर का कोई भी शब्द इंग्लिश व्याकरण के हिसाब से ठीक नहीं होता। ऐसे में उनकी हिम्मत कैसे हुई कि वह युवा संगीतकारों का इस तरह मजाक उड़ाए। वह अपने को ए.आर. रहमान न समझें। इससे पहले अख्तर ने पीएसएल 6 के एंथम सांग पर कहा था कि इतनी बेकार कम्पोजिशन, इतना खराब गाना समझ नहीं आता कि किसने बनाया।

# भारत-इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के लिए शुरू हुई टिकटों की बिक्री

**अहमदाबाद ।** भारत और इंग्लैंड के बीच अहमदाबाद के मोटेरा के दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए टिकटों की बुकिंग रविवार से शुरू हो गई है। गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जीसीए अधिकारियों ने कहा कि चार मैचों की सीरीज के मोटेरा स्टेडियम में होने वाले अंतिम दो टेस्ट मैचों के दौरान केवल 50 प्रतिशत दर्शकों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इंग्लैंड की टीम इस स्टेडियम में भारत के खिलाफ दो टेस्ट (जिसमें एक डे-नाइट मैच शामिल) और पांच टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलेगी। स्टेडियम में एक लाख दस हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता है। जीसीए उपाध्यक्ष धनराज नाथवानी ने कहा कि कोविड-19 के बाद सीरीज की मेजबानी करना जीसीए के लिए सम्मान की बात है और खेल प्रेमियों के मनोरंजन के लिए सभी सामाजिक दूरी और सुरक्षा नियमों का पालन किया जाएगा। पिंक गेंद का टेस्ट (सीरीज का तीसरा मैच) 24 फरवरी से शुरू होगा, जिसके लिए टिकटों की कीमत 300 से 1000 रुपए के बीच रखी गई है। एक अन्य जीसीए अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 24 फरवरी को स्टेडियम में उद्घाटन समारोह में शिरकत करने की उम्मीद है।

# दूसरे टेस्ट की पहली पारी में लड़खड़ाई इंग्लिश टीम, अश्विन ने इंग्लैंड को दिया दूसरा झटका




**चेन्नई ।** चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले जा रहे भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच का रविवार को दूसरा दिन है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने पहली पारी में 329 रन बनाए। आरंभिक बल्लेबाज रोहित शर्मा ने शानदार 161 रनों की पारी खेली। जबकि उपकप्तान अजिंक्य रहाणे और ऋषभ पंत ने भी अर्धशतक बनाया। इंग्लैंड की ओर से मोईन अली ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड टीम का स्कोर दो विकेट पर 17 रन हो गया है। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने दो विकेट खोकर 17 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड ने अपना पहला विकेट छठे ओवर में 15 रन के स्कोर पर खो दिया। भारत की ओर से ईशांत शर्मा और एक छोर से आर अश्विन गेंदबाजी कर रहे हैं। भारत ने गेंद से शानदार शुरूआत की है। ईशांत शर्मा ने पहले ही ओवर में इंग्लिश बल्लेबाजों को परेशान किया। उन्होंने तीसरी ही गेंद पर ओपनर रोरी बर्न्स को एलबीडब्ल्यू कर दिया। बर्न्स बिना खाता खोले आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए डैन लॉरिंस को भी ईशांत ने बीट किया। भारत की पहली पारी 329 रनों पर सिमट गई। मोहम्मद सिराज आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे। उन्होंने 4 रन बनाए। वह ऑली स्टोन का शिकार बने। वहीं, ऋषभ पंत 58 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा 161 रन बनाए। वहीं, इंग्लैंड की ओर से मोईन अली ने 4, ऑली स्टोन ने 3 और जैक लीच ने 2 विकेट लिए। भारतीय टीम को नौवां झटका कुलदीप यादव के रूप में लगा, जब वह बिना खाता खोले आउट हो गए। उन्हें तेज गेंदबाज ऑली स्टोन ने विकेटकीपर फोक्स के हाथों आउट कराया। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का शानदार फॉर्म जारी है। उन्होंने शानदार अर्धशतक जड़ा है। पंत के टेस्ट करियर का ये सातवां अर्धशक है। उन्होंने दो शतक भी लगाए हैं। भारत की दूसरे दिन की शुरूआत खराब रही है। दिन के दूसरे ही ओवर में पहले उसने अक्षर पटेल का विकेट खोया और इसके बाद ईशांत शर्मा भी आउट हो गए। स्पिनर मोईन अली ने दोनों खिलाड़ियों को आउट किया। अक्षर पटेल स्टंप हुए तो ईशांत शर्मा कैच आउट हुए।



स्पेन के बार्सिलोना में चल रहे स्पेनिस ला लिगा सूकर मैच के दौरान गोल करने का प्रयास करते लियोनेल मैसी।

# ला लिगा के रिकार्ड 505वें मैच में मेस्सी के बेहतरीन दो गोलों की बदौलत बार्सिलोना जीता



**बार्सिलोना ।** लियोनेल मेस्सी ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने रिकार्ड 505वें मैच में दो गोल दागे जिससे बार्सिलोना ने अलावेस पर 5-1 से बड़ी जीत दर्ज की। इसके साथ ही मेस्सी ने बार्सिलोना की तरफ से लीग में सर्वाधिक मैच खेलने के झावी हनार्डेज के रिकार्ड की भी बराबरी कर ली।

उन्होने अपने बेहतरीन खेल से इस मैच को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस स्टार स्ट्राइकर ने पहले हाफ के इंजुरी टाइम और फिर 75वें मिनट में गोल दागे। उनके अलावा फ्रांसिस्को ट्रिनकाओ ने भी दो गोल किए जबकि जूनियर फिर्पो ने टीम की तरफ से आखिरी गोल किया।बार्सिलोना के 22 मैचों में 46 अंक हो गए हैं और अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रीयाल मैड्रिड की बराबरी पर पहुंच गया है, लेकिन गोल अंतर में उससे आगे दूसरे स्थान पर है। एटलेटिको मैड्रिड ने ग्रेनाडा पर 2-1 से जीत दर्ज करके शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। एटलेटिको के 21 मैचों में 54 अंक हैं। उसकी तरफसे मार्कोस लोरेंटे और एंजेल कोरिया ने गोल दागे। अन्य मैचों में सेविला ने हुएस्का को 1-0 से हराया जबकि इबार और वल्लाडोलिड का मैच 1-1 से ड्रा रहा।

# अब तेज गेंदबाजों को 8.15 मिनट में लगानी होगी 2 किमी दौड़



**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय खिलाड़ियों के फिटनेस मानकों को बढ़ाने और उन्हें वैश्विक मानकों के करीब लाने की कोशिशों के तहत उनके यो-यो टेस्ट लेवल को 16:1 से बढ़ाकर 17:1 कर दिया है। इसके अलावा बीसीसीआई ने अपनी प्रणाली में एक नए फिटनेस मानक को जोड़ा है, जो मौजूदा दौर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टीमों के फिटनेस टेस्ट का सामान्य हिस्सा है। इसके तहत खिलाड़ियों को टाइम ट्रायल के तहत दो किमी तक दौड़ लगानी होगी। बीसीसीआई ने नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के साथ मिलकर बनाए इन दो नए टेस्ट में से एक को पार करना अनिवार्य कर दिया है। यो-यो टेस्ट के तहत जहां खिलाड़ियों को धीरे-धीरे गति बढ़ाते हुए 20 मीटर का चक्कर लगाना होगा, तो वहीं दूसरे टेस्ट में तेज गेंदबाजों को 8.15 मिनट जबकि अन्य खिलाड़ियों को 8.30 मिनट में दो किलोमीटर की दौड़ पूरी करनी होगी। बीसीसीआई ने हाल ही में एनसीए को फिटनेस टेस्ट के लिए 25 खिलाड़ियों की लिस्ट भेजी थी। इसके तहत आठ फरवरी को शिखर धवन, युजवेंद्र चहल, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, मंदीप सिंह, जयदेव उनादकट, सिद्धार्थ कौल, ईशान किशन, नीतीश राणा, देवदत्त पड्डीकल और राहुल तेवतिया का फिटनेस टेस्ट किया गया था।

इसि दौरान कई खिलाड़ी टेस्ट पास करने में असफल रहे थे, हालांकि गुरुवार को दोबारा हुए टेस्ट में वे पास हो गए थे। सन 2015 में यो-यो टेस्ट की शुरूआत के समय भारतीय टीम के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच रहे बासु शंकर ने दो किलोमीटर दौड़ के नए फिटनेस मानक का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा टेस्ट है, इससे आप एक एथलीट और सामान्य फिटनस स्तर की वास्तविक स्थिति का आकलन कर सकते हैं।

यह आपको अपने एरोबिक फिटनेस और अपनी वास्तविक स्थिति के बारे में बताएगा। जिम जाने वाले खिलाड़ी अगर 10 किलोमीटर की गति से दो किलोमीटर की दौड़ लगाते हैं तो वह इसे 12 मिनट में पूरी कर सकते हैं।

# चेन्नई सिटी को 2-0 से हराकर तालिका में शीर्ष पर पहुंचा पंजाब एफसी



**कल्याणी ।** चेन्नई सिटी के खिलाफ आई-लीग फुटबॉल टूनार्मेंट में 2-0 की जीत के साथ पंजाब एफसी की टीम शनिवार को तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। पंजाब के लिए बाबा दियवारा ने 43वें जबकि रुपेर्ट नोनग्रुम 88वें ने गोल किए। इस जीत के साथ ही पंजाब के आठ मैचों में 14 अंक हो गए हैं। रियल कश्मीर और चर्चिल ब्रदर्स के एक समान सात मैचों में 13-13 अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण कश्मीर की टीम दूसरे स्थान पर है।

# सरदार पटेल क्लब व अथर्व एकेडमी अगले दौर में




**इन्दौर।** मोयरा सरिया द्वारा प्रायोजित एवं सचिन एकेडमी द्वारा आयोजित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में सरदार पटेल क्लब ने इन्दौर गुजराती को 9 रन से तथा अथर्व एकेडमी ने देव्स एकेडमी को 10 रन से पराजित किया। नेहरू स्टेडियम खेल मैदान पर खेली जा रही इस स्पर्धा में आज खेले गए पहले मुकाबले में सरदार पटेल क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 145 रन बनाए। साहिल ने 34 रनों का योगदान दिया। शुभम शुक्ला ने 4 विकेट लिए। जवाब में इन्दौर गुजराती की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 136 रन ही बना सकी। विशाल ने 38 रनों की पारी खेली। आदर्श पटेल ने 3 विकेट लिए और मैन ऑफ द मैच चुने गए। दूसरे मुकाबले में अथर्व एकेडमी ने देव्स एकेडमी के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 162 रन बनाए। पंकज धुलधोए ने 44 रनों की उम्दा पारी खेली। देव्स की ओर से जोगेंद्र कुशवाह ने 3 विकेट लिए। जवाब में देव्स एकेडमी की टीम 20 ओवर में 152 रन ही बना सकी। जोगेंद्र कुशवाह ने 35 रन बनाए। अथर्व एकेडमी की ओर से योगेश चौहान ने 3 विकेट लिए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार स्टेट पैनल अंपायर राजेश वचेला ने वितरीत किए। इस अवसर पर अमित मैलाने, राजेश कनोजिया, महेश पुरोहित उपस्थित थे।



## दिशा पाटनी ने अगामी फिल्म 'एक विलेन रिटर्न्स' का किया ऐलान

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने अपनी अगली फिल्म 'एक विलेन रिटर्न्स' है। यह एक विलेन फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म है और इसमें दिशा पाटनी नजर आएंगी। दिशा पटानी ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक ट्वीट किया है और अपनी फिल्म और उसकी रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी है। दिशा पाटनी ने अपने ट्वीट में लिखा कि 'आपको शिकायत का मौका नहीं देंगे। एक विलेन रिटर्न्स, 11 फरवरी 2022।' इस तरह इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म को रिलीज होने में सिर्फ एक साल बचा है। दिशा पाटनी ने फिल्म की रिलीज के लिए काउंटडाउन भी शुरू कर दी है। इस फिल्म को मोहित सूरी डायरेक्ट रहे हैं। फिल्म में दिशा पटानी के साथ जॉन अब्राहम, अर्जुन कपूर और तारा सूतारिया नजर आएंगे। फिल्म की प्रोड्यूसर एकता कपूर हैं। बता दें कि एक्शन-थ्रिलर 'एक विलेन' 2014 में रिलीज हुई थी। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख लीड रोल में थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो दिशा पाटनी जल्द ही सलमान खान के साथ 'राधे' में नजर आएंगी। दिशा फिल्म का प्रचार करने के लिए बिग बॉस 14 में भी आई थीं। फिल्म को ईद पर रिलीज किया जाना है। फिल्म को प्रभु देवा ने डायरेक्ट किया है।

## वेब सीरीज 'माया 4' का निर्देशन करेंगी कृष्णा



विक्रम भट्ट की वेब सीरीज 'माया' के चौथे सीजन का निर्देशन उनकी बेटी कृष्णा भट्ट करने जा रही हैं। सीरीज 'माया 4' की 10 फरवरी से शूटिंग शुरू हो गई है। इस सीजन में रोहित रॉय, पवन चोपड़ा और ऐंद्रिता रे मुख्य भूमिकाएं निभा रही हैं। कृष्णा ने कहा कि 'निर्देशन ऐसी चीज है जो मैं हमेशा से करना चाहती थी। हम माया 4 को लाने के लिए तैयार हैं। मैं रोहित, ऐंद्रिता और पवन जैसे बेहद प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूं।' शो के बारे में बात करें, तो सीरीज 'माया 4' एक ऐसी लव स्टोरी के बारे में है, जिसमें एक व्यक्ति अपने सपनों को पूरा करने के लिए शादी को भी खत्म करने पर उतारू हो जाता है। बता दें कि यह सीरीज विक्रम भट्ट द्वारा लिखी गई है और उनके बैनर लोनेरेंगर प्रोडक्शंस तले बनाई जा रही है। यह एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी।

## महिला सशक्तीकरण को लेकर फिल्म करना चाहती हैं वाणी कपूर



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर महिला सशक्तीकरण को लेकर और फिल्में करना चाहती हैं। उनका कहना है कि वह इस प्रकार की और फिल्मों का हिस्सा बनना चाहती हैं, जो महिलाओं की जिंदगी और उनके फैसले का जश्न मनाएं। वाणी ने कहा कि 'एक महिला होने के नाते मैं कई और ऐसी फिल्में करना चाहती हूं, जो महिलाओं, उनकी जिंदगी और उनके फैसले का जश्न मनाएं। मैं खुशकिस्मत रही हूं कि अपने अब तक के छोटे से करियर में मुझे 'शुद्ध देसी रोमांस', 'बेफिक्रे' और 'वॉर' जैसी फिल्में मिली हैं, जिसमें महिला होने के कुछ बेहद ही शानदार पहलुओं को उजागर किया गया है। इनमें महिलाओं की जिंदादिली, उनकी महत्वाकांक्षाओं, उनके जज्बे और उनकी ताकत के बारे में बताया गया है।' अभिनेत्री ने कहा कि वह हमेशा से ही ऐसी फिल्में करना चाहती थीं, जिनमें महिलाओं का जश्न आजादी की एक मूरत के रूप में मनाई जाए। कुछ ऐसी फिल्में, जो ये बताए कि महिलाएं क्या-क्या कर सकती हैं और क्या नहीं। वर्कफ्रंट की बात करें, तो वाणी आने वाले समय में अक्षय कुमार अभिनीत 'बेल बॉटम' में नजर आएंगी। इसके अलावा वह रणबीर कपूर अभिनीत 'शमशेरा' और आयुष्मान खुराना अभिनीत 'चंडीगढ़ करे आशिकी' में नजर आने वाली हैं।

## अनुपम खेर ने अपने पुराने दिनों को किया याद, 1981 की तस्वीरें की शेयर




मुंबई। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी पुरानी यादों को कुदेरा है। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर 1981 में मुंबई आने पर अपने पोर्टफोलियो की कुछ तस्वीरें साझा कीं। पहली तस्वीर में अनुपम दाढ़ी में दिखाई दे रहे हैं, जबकि दूसरी फोटो में एक पता अंकित है। उन्होंने इसे कैप्शन देते हुए लिखा कि 'इन तस्वीरों की कहानी, मैं 3 जून 1981 को मुंबई शहर में फिल्मों में काम करने के लिए आया था। मैंने यह पोर्टफोलियो तस्वीर राजश्री फिल्म के ऑफिस में 15 जून 1981 को दी थी, ताकि वह मुझे अपनी फिल्मों में कोई रोल दे सकें। मेरे पास रुकने का कोई ठिकाना नहीं था। इसलिए मैंने अपने नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के फ्रेंड करण राजदान का अड्रेस दिया था। पिछले 40 सालों में मैंने उनके साथ 4 सुपरहिट फिल्में की हैं। मेरी डेब्यू फिल्म सारांश (1984), हम आपके हैं कौन (1994), विवाह (2006) और प्रेम रतन धन पायो (2015)।' अनुपम ने आगे लिखा कि 'मैं बेहद शॉक्ड और अभिभूत हो गया, जब राजश्री प्रोडक्शंस के गुप्ता जी ने पिछले हफ्ते मुझे ये तस्वीरें यादगार के तौर पर प्यार सहित भेजी। बेहतरीन हैं ये, जय हो।' बता दें कि अनुपम खेर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वह सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ अक्सर फोटो वीडियो शेयर करते रहते हैं।

## 'शाबाश मिट्ठू' को लेकर तापसी का ट्वीट



बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी आने वाली फिल्म 'शाबाश मिठू' की शूटिंग में काफी बिजी चल रही हैं। इस फिल्म में तापसी वुमन वनडे और टेस्ट इंडियन क्रिकेट टीम की कैप्टन मिताली राज का किरदार निभाएंगी। ये एक स्पोर्ट्स बायोपिक है जो मिताली राज पर बनाई जा रही है। फिल्म का डायरेक्शन राहुल ढोलकिया कर रहे हैं। ये फिल्म इसी साल रिलीज हो सकती है। हाल ही में तापसी ने इस फिल्म को लेकर एक ट्वीट किया है। ट्वीट में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी आगामी फिल्म 'शाबाश मिट्ठू' को क्यों बनाया जाना चाहिए। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज के जीवन पर आधारित फिल्म को तापसी ने फिल्म से जुड़े एक लेख पर प्रतिक्रिया दी। दरअसल, शेयर आर्टिकल में मिताली को पूर्व टीम इंडिया क्रिकेटर बताया गया है। ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेत्री ने लिखा, 'आपको पता है कि वह अभी भी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान है, जो आगामी विश्व कप के लिए जा रही है।

## कंगना ने 'धाकड़' में अपने लुक को किया पेश



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने आगामी 'फिल्म धाकड़' में अपने किरदार एजेंट अग्नि का लुक पेश किया है। हाल ही में उन्होंने कंगना ने इंस्टाग्राम पर लुक शेयर की। इन तस्वीर में वह धाकड़ एक्शन सीक्वेंस को कैप्चर करती दिख रही है। अभिनेत्री मशीन गन और पिस्तौल से लैस है। उन्होंने इसे कैप्शन देते हुए लिखा कि 'वे इसे अग्नि कहते हैं, जोकि काफी बहादुर है। मैं कहती हूं कि वह मेरी मौत की देवी भैरवी का चित्रण है। हैशटैग धाकड़।' बता दें कि धाकड़ एक स्पाई थ्रिलर फिल्म है जो अर्जुन रामपाल को विरोधी रुद्रवीर के रूप में पेश करती है। फिल्म रजनीश रजी घई द्वारा निर्देशित है। इसे 1 अक्टूबर को रिलीज होने की उम्मीद है।

## काले रंग की ड्रेस में नजर आईं दिशा पाटनी



बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने सोशल मीडिया में अपनी नई बेहद सुंदर और बोल्ड तस्वीर शेयर की हैं। अभिनेत्री ने अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की, जिसमें वह काले रंग की ड्रेस में दिखाई दे रही हैं। साथ ही उनका मेकअप भी उनके फेस पर चार चांद लगा रहा है। दिशा अक्सर सोशल मीडिया पर अपने फोटो और विडियो शेयर करती रहती हैं। वर्कफ्रंट की बात करें, तो वह अगली बार सलमान खान अभिनीत फिल्म 'राधे' में दिखाई देंगी। फिल्म में रणदीप हुड्डा भी हैं और उनका निर्देशन प्रभुदेवा ने किया है। राधे को ईद पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। वह 'एक विलेन 2' के लिए फिल्म निमार्ता मोहित सूरी के साथ फिर से जुड़ने के लिए उत्सुक हैं। अभिनेत्री ने अपनी 2020 की फिल्म मलंग में सूरी के साथ सहयोग किया। दिशा केटीना में भी दिखाई देंगी, जो एकता कपूर द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में अक्षय ओबेरॉय और सनी सिंह भी हैं।

## काम से बताऊंगा कि मैं स्मिता पाटिल का बेटा हूं: प्रतीक बब्बर



मुंबई। अपने जमाने की जानीमानी अभिनेत्री रहीं स्मिता पाटिल और एक्टर राज बब्बर के बेटे प्रतीक बब्बर आजकल अभिनय को लेकर संजीदा है। प्रतीक बब्बर ने बताया कि 'अब मैं अपनी आखिरी सांस तक काम करता रहूंगा। मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मैं अब अपने काम पर ध्यान दे पा रहा हूं। एक बार शुरू हुआ ये सिलसिला खत्म नहीं होगा। क्योंकि इसने मुझे मानसिक और भावनात्मक रुप से संबल दिया है। एक समय ऐसा आया था कि मुझे लगने लगा था कि सब कुछ खत्म हो गया है। मैं अपने काम को मिस करने लगा था। मैंने इस बारे में कोशिश करना शुरू किया हालाकि ये इतना आसान नहीं था, इसमें मुझे दो तीन साल लगे। अब मैं अपने भविष्य को लेकर काफी आशावान हूं।'

जब प्रतीक से जानने की कोशिश की गई कि आखिर उन्हें कब लगा कि ट्रैक पर आना चाहिए तो प्रतीक बताते हैं 'ये करीब 2016-2017 का समय रहा होगा जब मैं नशे और ड्रग्स की लत को छोड़ने में कामयाब रहा। और यही समय था जब मैं अपने काम को लेकर संजीदा हुआ। मैं एक्टिंग के करियर में कुछ ऐसा करना चाहता हूं जो मुझे एक एक्टर के तौर पर संतुष्टि दे सके। इसलिए अलग अलग तरह के रोल निभाने के लिए तैयार हो गया। मैंने प्ले और शॉर्ट फिल्मों से शुरूआत की। मैंने पैसे के लिए काम नहीं किया। कई बार मैंने मुफ्त में भी काम किया ताकि लोग मेरे काम को पहचान सके। मेरी इस कोशिश के बाद एक बार जो काम मिलने का सिलसिला शुरू हुआ उसके बाद अब मुझे पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं है। मैंने 2018 में मुल्क, बागी 2 और 2019 में छिछोरे फिल्म में काम किया। दिग्गज अभिनेत्री स्मिता पाटिल के विरासत को आगे ले जाने की जिम्मेदारी के बारे में पूछे जाने पर प्रतीक भावुक हो कर कहते हैं कि 'मुझे इस बात का एहसास है। मैं इस जिम्मेदारी को बोझ की तरह नहीं समझता बल्कि मुझे गर्व है कि मैं स्मिता पाटिल का बेटा हूं। मैं अपनी मां के अभिनय विरासत को अंतिम सांस तक निभाने की कोशिश करूंगा। मेरी मां अभिनय प्रतिभा की धनी महिला थीं जिन्होंने बहुत कम समय में अपने अभिनय की अमिट छाप बॉलीवुड में छोड़ी है। समानांतर सिनेमा की दिग्गज अभिनत्री के रुप में उनकी कालजयी फिल्में भारतीय सिनेमा की विरासत है।

प्रतीक ने कहा- मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मैं स्मिता पाटिल का बेटा हूं। अगर उनके अभिनय का थोड़ा भी अंश मैं निभा पाऊं तो ये मेरे लिए बहुत ही गौरव की बात होगी। मैं अपने काम से अपनी मां को गर्व का एहसास करवाना चाहता हूं, ताकि लोग कहें कि मैं स्मिता पाटिल का बेटा हूं। सिर्फ इसी वजह से मैंने एक्टिंग की दुनिया में वापसी की है।' मालूम हो कि प्रतीक का नाम उन एक्टर में शुमार है जिन्होंने नशे की लत में अपना करियर खत्म कर लिया था लेकिन वक्त रहते खुद को बचा लिया। इन दिनों प्रतीक काम में डूबे हुए हैं। प्रतीक निर्देशक फरहाद सामजी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'बच्चन पांडे' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उनकी कई फिल्में जल्द रिलीज होगी। मधुर भंडारकर की फिल्म इंडिया लॉकडाउन में भी नजर आएंगे। सच्ची कहानी पर आधारित इस फिल्म में प्रतीक एक प्रवासी मजदूर की भूमिका में दिखेंगे।

## कृति ने साझा किया ब्लैक एंड व्हाइट फोटो



बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन ने अपनी आगामी फिल्म 'बच्चन पांडे' के सेट से बिहाइंड द सीन पोस्ट की। कृति ने इंस्टाग्राम पर एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की, जहां वह शीशे के सामने खुद को संवारती नजर आ रही हैं। शेयर तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'फाइनल टच। एक्शन के कुछ क्षण पहले। जहां मैं अभी भी खुद को बीट तर रही हूं, वहीं मायरा रो भी बीट कर रही।' इस फिल्म में अक्षय कुमार और जैकलीन फर्नांडीज भी नजर आएंगे। अक्षय ने हाल ही में जैकलीन और कृति के साथ जैसलमेर में फिल्म की शूटिंग शुरू की और मार्च तक शूट जारी रहेगा। टीम को गडीसर झील और जयसालकोट जैसी जगहों पर शूटिंग करने की उम्मीद है। इस फिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी ने किया। फिल्म में अक्षय ने एक गैंगस्टर की भूमिका निभाई, जो एक अभिनेता बनने की इच्छा रखता है, जबकि कृति एक पत्रकार की भूमिका निभाती है, जो निर्देशक बनने की इच्छा रखती है। फिल्म में अरशद वारसी भी नायक के दोस्त के रूप में हैं।













